रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 5 मई 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 253 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### देश में अब तक बनी हैं 16 महिला मुख्यमंत्री

**नयी दिल्ली।** देश में अब तक 13 राज्यों असम, बिहार, दिल्ली, गोवा, गुजरात, जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, और पश्चिम बंगाल में 16 महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। ममता बनर्जी कल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। इन महिला मुख्यमंत्रियों में सुचेता कृपलानी, नंदिनी सत्पति , शशिकला काकोदर, अनवारा तैमूर, वीएन जानकी रामचंद्रन, जे जयललिता, मायावती, राजिंदर कौर भट्टल, राबड़ी देवी, सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित, उमा भारती, वसुंधरा राजे, ममता बनर्जी, आनंदीबेन पटेल और महबूबा मुफ्ती शामिल हैं। इनमें से चार मुख्यमंत्री स अक्षर से हैं जिनमें सुचेता कृपलानी, शशिकला काकोदर, सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित शामिल हैं। इनमें से 11 के नाम में अंग्रेजी का टी अक्षर शामिल है।

### रेमडेसिविर का उत्पादन तीन गुना बढ़ा

**नयी दिल्ली।** कोरोना संक्रमण के उपचार के लिए उपयोग की जा रही रेमडेसिविर दवा के उत्पादन में तीन गुना की वृद्धि कर दी गई है । रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री मनसुख मंडविया ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा देश में तेज़ गति से रेमडेसिविर का उत्पादन बढ़ाया जा रहा है। सिर्फ कुछ ही दिनों में रेमडेसिविर की उत्पादन क्षमता तीन गुना तक हासिल की है और जल्द ही बढ़ती हुई मांग को पूरा कर पाएंगे। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार द्वारा कोरोना से लड़ने के लिए अथक प्रयास जारी है।

### रुपया 10 पैसे मजबूत

**मुंबई।** बैंकों की डॉलर बिकवाली से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सोमवार को 10 पैसे की मजबूती के साथ 73.85 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय मुद्रा लगातार दूसरे दिन मजबूत हुई है। सोमवार को यह 14 पैसे की बढ़त में 73.95 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपये की शुरुआत आज 12 पैसे की बढ़त के साथ 73.83 रुपये प्रति डॉलर पर हुई। बीच कारोबार में इसका उच्चतम स्तर 73.77 रुपये प्रति डॉलर और निचला स्तर 73.97 रुपये प्रति डॉलर रहा। अंत में गत दिवस की तुलना में 10 पैसे की मजबूती के साथ 73.85 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबारियों ने बताया कि बैंकों की ओर से डॉलर की बिकवाली बढ़ने से रुपया मजबूत हुआ है।

# गांव-गांव में कोरोना को रोकने और ग्रामीण स्वास्थ्य के क्षेत्र में मितानिनों की है अहम् भूमिका : सीएम भूपेश

**मुख्यमंत्री ने बस्तर और सरगुजा संभाग की मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से गांवों में कोरोना के हालात के संबंध में की चर्चा**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मितानिन वर्तमान में गांव-गांव में कोरोना को रोकने में अहम् भूमिका निभा रही हैं। आज कोरोना महामारी की संकट की घड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिनों तथा ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। इसमें वे अपनी कड़ी मेहनत, अद्वितीय सेवा भावना और कर्तव्यनिष्ठा से स्वयं को सफल कर दिखाया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आज राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मितानिनों और ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से चर्चा कर कोरोना संक्रमण के हालात के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान बस्तर संभाग के समस्त जिलों सहित सरगुजा संभाग के जशपुर तथा कोरिया जिले के विभिन्न ब्लॉकों के ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण की स्थिति के संबंध में उनसे चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू तथा मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि वर्तमान में कोरोना शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी फैला हुआ है। ऐसी स्थिति में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिन और ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता डटकर अपना कार्य कर रहे हैं, वह सराहनीय है। उन्होंने बताया कि गांवों में अभी भी कोविड




प्रोटोकॉल, हैण्डवाश, मास्क, सेनेटाईजर, वैक्सीन तथा आइसोलेशन आदि को लेकर जागरूकता की बहुत कमी है। ऐसे में उनकी जिम्मेदारी ब? जाती है कि वे अपने-अपने कार्य क्षेत्र की जनता और खासकर महिलाओं को कोरोना की गंभीरता के बारे में समझाएं और ग्रामीणों को सर्तकता बरतने के लिए अधिक से अधिक प्रेरित करें। साथ ही लक्षण वाले व्यक्ति को तुरंत कोरोना की दवा उपलब्ध कराएं और जांच कराने के लिए भी प्रेरित करें। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि गांवों में लोग कोविड के लक्षणों को जानते समझते नही हैं। इसलिए उनका संक्रमण अंदर ही अंदर काफी बढ़ जाता है और स्थिति काफी गंभीर होने के बाद वे दवाई लेने जाते हैं, जिससे इनका इलाज करने में बहुत मुश्किले आती है। इसे ध्यान में रखते हुए मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ता लोगों को कोविड के लक्षणों के बारे में भी समझाएं। उन्होंने कहा कि गांवों में फिल्ड विजिट के समय मितानिन मास्क और सेनेटाईजर का अवश्य उपयोग करें, ताकि वे सुरक्षित रहें। इस हेतु मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को सेनेटाईजर और मास्क की पर्याप्त उपलब्धता के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हर मितानिन के पास कम से कम 5-5 कोरोना दवा किट हमेशा उपलब्ध रहे। साथ ही वे कोरोना से बचाव के लिए लोगों को भी मास्क पहनने, हैण्डवॉश, सेनेटाईजर के उपयोग तथा कोविड प्रोटोकॉल और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अधिक से अधिक प्रेरित करें। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने जशपुर की तरह बस्तर संभाग में भी महिला समूहों को सेनेटाईजर के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा सेनेटाईजर के निर्माण से स्थानीय स्तर पर मितानिनों को वितरित करने में अच्छी सुविधा भी होगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस दौरान सरगुजा संभाग के अंतर्गत जनपद पंचायत कांसाबेल, कोरिया जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर और बस्तर संभाग के अंतर्गत उत्तर बस्तर (कांकेर) जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा, भानुप्रतापपुर, कोण्डागांव जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत केशकाल, जनपद पंचायत कोण्डागांव और बस्तर जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत बस्तर, दक्षिण बस्तर (दंतेवाड़ा) जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, नारायणपुर जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत नारायणपुर, जनपद पंचायत ओरछा और बीजापुर जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत बीजापुर, सुकमा जिले के जनपद पंचायत सुकमा के मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से एक-एक कर चर्चा की।

# यह पीएम आवास निर्माण पर हजारों करोड़ खर्च करने का वक्त नहीं : प्रियंका वाड्रा



वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत प्रधानमंत्री आवास निर्माण पर 13 हजार करोड़ रुपए खर्च करने के औचित्य पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इस समय संसाधनों का इस्तेमाल लोगों की जान बचाने के लिए किया जाना चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने ट्वीट किया कि जब देश के लोग ऑक्सीजन, वैक्सीन, हॉस्पिटल बेड, दवाओं की कमी से जूझ रहे हैं तब सरकार 13,000 करोड़ से पीएम का नया घर बनवाने की बजाए सारे संसाधन लोगों की जान बचाने के काम में डाले तो बेहतर होगा। इस तरह के खर्चों से पब्लिक को मैसेज जाता है कि सरकार की प्राथमिकताएं किसी और दिशा में हैं। इससे पहले पार्टी के संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भी इस परियोजना को लेकर सरकार पर हमला किया और कहा कि देश में कोरोना से दो करोड़ से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके है और मृतकों की संख्या दो लाख 19 हजार से ज्यादा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जब यह स्थिति है तो ऐसे में प्रधान मंत्री यानी मोदी जी का नया घर, पी.एम दफ़्तर, मंत्रियों के दफ़्तर, संसद बनाना ज़रूरी है या जीवन रक्षक दवा, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, अस्पताल बेड उपलब्ध कराना।

### सरकार की प्राथमिकताएं किसी और दिशा में हैं

इस तरह के खर्चों से पब्लिक को मैसेज जाता है कि सरकार की प्राथमिकताएं किसी और दिशा में हैं। आज सुबह राहुल गांधी ने भी एक बयान जारी करते हुए कहा कि देश में कोरोना से बने हालात चिंताजनक हैं और अब बहुत जरूरी है कि देशभर में लॉकडाउन की घोषणा की जाए। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका समय रहते ठोस कदम ना उठाना कई लोगों की जान ले रहा है। वहीं, इससे पहले प्रियंका गांधी ने भी पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कहा था कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सामने आकर बताना चाहिए कि वो इस स्थिति से निपटने और लोगों की जान कैसे बचाएंगे?

# कोरोना पर रणनीति बनाकर करे प्रहार : शिवराज सिंह

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना पर अंतिम प्रहार का समय आ गया है। किल कोरोना अभियान के संचालन के लिए सरकारी टीम के साथ ही ग्रामीणों की टीम गाँव स्तर पर तैयार की जाए, जो सर्वेक्षण कार्य में शासकीय अमले को सहयोग करें। श्री चौहान



आज मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा किल कोरोना अभियान के संबंध में चर्चा कर रहे थें। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के बाद यह टीम गाँव में रहते हुए भविष्य में जरुरत प?ने पर कोरोना गाइड लाईन के पालन में सहयोग करेगी। दल के सदस्यों के मोबाइल नम्बर भी पोर्टल पर प्रदर्शित किए जाएं, ताकि उनसे निरंतर सम्पर्क बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किल कोरोना अभियान के माध्यम से संक्रमण को पूरी तरह से रोकना और कब्जे में करने का यह उचित समय है। एक भी संक्रमित व्यक्ति छुपा नहीं रहें यह सुनिश्चित करना है। प्रदेश में संक्रमण की स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है, पॉजीटिव केसों की संख्या में कमी के साथ ही स्वस्थ होने वालों की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण को पूरी तरह से रोकने के लिए रणनीति बनाकर प्रयास करने होंगे। किल कोरोना अभियान के तहत प्रत्येक गाँव और घर के सर्वेक्षण के लिए कार्य करना होगा। शासकीय अमले के साथ ही प्रत्येक गाँव के स्थानीय लोगों की टीम बनाई जाए। उसमें गाँव के सभी दलों के इच्छुक कार्यकर्ताओं, पंचायत पदाधिकारियों, जन अभियान परिषद के सदस्यों और समाज सेवियों को शामिल किया जाए। यह दल शासकीय अमले के साथ सहयोग समन्वय कर कोरोना के लक्षणों वाले रोगियों को चिन्हित करने, उन्हें मेडिकल किट देने और उनकी जाँच कराने मे सहयोग करें।

# ममता लगातार तीसरी बार आज लेंगी सीएम पद की शपथ

वार्ता < कोलकाता
www.dailypioneer.com

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख लगातार तीसरी बार बुधवार को यहां राजभवन में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। बनर्जी ने केवल अपने दम पर राज्य में हुए 292 क्षेत्रों में हुए चुनाव में से 213 सीटों पर शानदार जीत दिलवायी। यह उनका लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। राजभवन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया, कोविड स्थिति की मौजूदा स्थिति को देखते हुए समारोह (शपथ ग्रहण समारोह) सीमित दर्शकों के साथ होगा। तृणमूल की तेजतर्रार नेता बनर्जी ने जख्मी पांव होने के बावजूद पार्टी को अब तक की सबसे बड़ी जीत दिलायी। इस दौरान उन्हें हालांकि पूर्वी मिदनापुर जिले में स्थित नये विधानसभा क्षेत्र नंदीग्राम में अपने पुराने सहयोगी एवं भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शिवेंदु अधिकारी के हाथों 2000 से कम मतों से हार का सामना भी करना पड़ा। इस हार के बावजूद भारतीय संविधान बनर्जी को अगले कार्यकाल के लिए



मुख्यमंत्री बनने का अधिकार भी देता है। लेकिन इसके लिए उन्हें छह महीनों के भीतर विधानसभा (या विधान परिषद) के किसी भी सीट से निर्वाचित होना होगा। यह पहली बार नहीं है, जब बनर्जी बगैर विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। वर्ष 2011 में भी तत्कालीन वाम मोर्चा सरकार को अपदस्थ करने के बाद भी उन्होंने बिना विधानसभा का चुनाव लड़े मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। बाद में वह भवानीपुर सीट से चुनाव लड़कर जीतीं थी।

### बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू हो : भाजपा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में चुनाव नतीजों के बाद लगातार बढ़ रही हिंसा के लिए तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए राज्य में राष्टपति शासन लगाने की माँग की है। भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने मंगलवार को यहाँ एक आभासी संवाददाता सम्मेलन में कहा,' चुनावों में तृणमूल कांग्रेस की जीत के बाद से हम जिस प्रकार का मंजर पश्चिम बंगाल में देख रहे हैं, उस पर विश्वास नहीं हो रहा है। पश्चिम बंगाल आज जल रहा है। हमारे कार्यकर्ता हर पल हमारे नेताओं को फोन कर रहे हैं और उनकी एक ही गुहार है हमें बचा लो।'



# दिल्ली सरकार 72 लाख राशन कार्ड धारकों को दो महीने मुफ्त राशन देगी : केजरीवाल

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

दिल्ली सरकार ने आर्थिक तंगी से जूझ रहे 72 लाख गरीब राशन कार्ड धारकों को दो महीने तक मुफ्त राशन देने का फ़ैसला किया है। श्री केजरीवाल ने आज संवाददाताओं से कहा कि सरकार 72 लाख राशन कार्ड धारकों को दो महीने तक मुफ्त राशन देगी। साथ ही, पिछले साल की तरह ही इस बार भी दिल्ली में पंजीकृत 1.56 लाख ऑटो-टैक्सी चालकों को 5-5 हजार रुपए की आर्थिक मदद देगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि दो महीने तक मुफ्त राशन देने का मतलब यह नहीं है कि दिल्ली में लॉकडाउन भी दो महीने चलेगा। कोरोना के मामले कम होते ही लॉकडाउन खत्म कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷यह समय एक-दूसरे की मदद करने और अच्छा इंसान बनने का है। मैं अपील करता हूं कि सभी पार्टी और जाति-धर्म के लोग एक-दूसरे की मदद करें। हम लोगों को अस्पताल में भर्ती कराने, ऑक्सीजन और बेड दिलाने, बीमार और गरीब लोगों को खाना खिलाने में मदद कर सकते हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि हम सब मिलकर लड़ेंगे, तो बहुत जल्द कोरोना पर




जीत पा लेंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण से निपटने के लिए दिल्ली में लॉकडाउन लगाया गया है। लॉकडाउन लगाना जरूरी था, ताकि कोरोना संक्रमण के मामलों में कमी आ सके और कोरोना संक्रमण की चेन टूट सके। हम सब लोग जानते हैं कि लॉकडाउन खासकर गरीब लोगों के लिए बड़ा आर्थिक संकट पैदा कर देता है। खास कर उन लोगों के लिए जो दिहाड़ी करके रोज कमाते हैं, रोज खाते हैं। ऐसे लोगों के लिए तो अपना घर चलाना मुश्किल हो जाता है। पिछले हफ्ते हम लोगों ने खासकर मजदूरों के खाते में 5-5 हजार रुपए डालने का एलान किया था।

**संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर दो करोड़ 2 लाख 82 हजार 833 हो गयी**

# एक दिन में 3.20 लाख से अधिक मरीज हुए कोरोनामुक्त

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश में कोरोना से मचे कोहराम के बीच महमारी को मात देने वालों की संख्या में भी निरंतर इजाफा हो रहा है और पिछले 24 घंटो में रिकार्ड 3.20 लाख से अधिक मरीज कोरानामुक्त हुए हैं हालांकि इस दौरान साढ़े तीन लाख ज्यादा नये मामले सामने आये हैं तथा 3449 संकमित अपनी जान गंवा बैठे। इस बीच सोमवार को 17 लाख 08 हजार 390 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये। देश में अब तक 15 करोड़ 89 लाख , 32 हजार 921 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान देश में 3,57,229 नये मामले आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर दो करोड़ 02 लाख 82 हजार 833 हो गयी। सक्रिय मामलों में लगातार बढ़ोतरी से इनकी संख्या 34,47,133 हो गयी है । दूसरी तरफ रिकॉर्ड 3,20,289 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिसे मिलाकर अब तक 1,66,13,292 लोग कोरोना को मात दे चुके हैं जबकि इस बीमारी से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 2,22,408 हो गया है। देश




में रिकवरी दर घटकर 81.91 फीसदी और सक्रिय मामलों की दर बढ़कर 17.00 प्रतिशत हो गयी है, जबकि मृत्युदर घटकर 1.10 फीसदी रह गयी है। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 11,446 घटकर 6,59,013 हो गए हैं। इस दौरान राज्य में 59,500 और मरीजों के ठीक होने के बाद कोरोना को मात देने वालों की तादाद बढ़कर 40,41,158 तक हो गयी है जबकि 567 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 70,851 हो गया है। केरल में इस दौरान सक्रिय मामले 6447 बढ़कर 3,46,230 हो गये तथा 19,519 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोना को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 13,13,109 हो गयी है जबकि 45 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 5450 हो गयी है। कर्नाटक में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले सर्वाधिक 23,298 बढ़े हैं जिससे इनकी संख्या 4,44,754 हो गयी है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 16,250 हो गया है तथा अब तक 11,85,299 मरीज स्वस्थ हुए हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना के सक्रिय मामले 2698 कम हुए हैं जिससे इनकी संख्या 85,592 रह गयी है। यहां अब तक 17,414 लोगों की इस महामारी से मौत हुई हैं।

### विश्व में कोरोना संक्रमितों की संख्या 15.35 करोड़ से अधिक

विश्व भर में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के फिर तेजी से फैलने के बीच संक्रमितों की संख्या 15.35 करोड़ से अधिक हो गई और 32.13 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केंद्र (सीएसएसई) की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार दुनिया के 192 देशों एवं क्षेत्रों में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 15 करोड़ 35 लाख 59 हजार 931 हो गयी है, जबकि 32 लाख 13 हजार 878 लोगों की मौत हो चुकी है। वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना वायरस का कहर तेजी से बढ़ता जा रहा है तथा यहां संक्रमितों की संख्या तीन करोड़ 24 लाख 71 हजार से अधिक हो गयी है जबकि 5,77,523 मरीजों की इस महामारी से मौत हो चुकी है।

# आईपीएल 2021 अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

बायो बबल में कोविड 19 के बढ़ते मामलों के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। ताजा घटनाक्रम में सनराइजर्स हैदराबाद के रिद्धिमान साहा और दिल्ली कैपिटल्स के अमित मिश्रा के कोविड 19 परिणाम पॉजिटिव आये हैं। इन घटनाओं के कारण टूर्नामेंट पर पूरी तरह विचार किया गया। दोपहर करीब 12 बजे बीसीसीआई के शीर्ष ब्रास को टूर्नामेंट के भाग्य पर अंतिम फैसला करना था, बीसीसीआई पूरे टूर्नामेंट को एक शहर में ले जाने पर विचार कर रहा था की लेकिन आईपीएल ढांचे में ताजा पॉजिटिव मामलों ने बीसीसीआई मैनेजर्स के पास ज्यादा सोचने के लिए कुछ नहीं छोड़ा। समझा जाता है कि कुछ आईपीएल अधिकारियों ने कुछ फ्रैंचाइजी को





टूर्नामेंट के भविष्य पर उनके विचार जानने के लिए फोन किये और उनमें कुछ का मानना था इसे पूरी तरह रद्द कर दिया जाए। आईपीएल चेयरमैन बृजेश पटेल ने फैसले की पुष्टि करते हुए कहा यह फैसला सभी अंशधारकों की सुरक्षा को देखते हुए लिया गया है। आईपीएल ने एक मीडिया बयान में कहा कि यह फैसला टूर्नामेंट की संचालन परिषद और बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों ने सर्वसम्मति से लिया है। बयान में कहा गया है कि बीसीसीआई खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और आईपीईएल के आयोजन में शामिल अन्य भागीदारों की सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं करना चाहती है। बयान के अनुसार यह फैसला सभी अंशधारकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और भलाई को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बयान में कहा गया है, यह काफी मुश्किल समय है खासतौर पर भारत में, हम टूर्नामेंट के जरिये कुछ सकारात्मकता और खुशी लाने की कोशिश कर रहे थे लेकिन टूर्नामेंट अब स्थगित कर दिया गया है और हर कोई अब इस मुश्किल समय में अपने परिवार और प्रियजनों के बीच जा सकता है। बीसीसीआई अपने अधिकार के तहत आईपीएल 2021 के सभी भागीदारों की सुरक्षित और सफल वापसी की व्यवस्था करेगा। इस बीच बीसीसीआई के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष सीके खन्ना ने आईपीएल को स्थगित करने के फैसले को सही दिशा में उठाया एक कदम बताया। उधर आईपीएल के प्रसरणकर्ता स्टार इंडिया ने बीसीसीआई के आईपीएल 2021 को स्थगित करने के फैसला का समर्थन किया है।

# कोरोना संक्रमण से बचाव और रोकथाम के किए जा रहे सभी आवश्यक प्रबंध

## कोविड संक्रमण पर नियंत्रण एवं संक्रमितों की पहचान के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में सेम्पलों की जांच

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में राज्य में कोरोना संक्रमण से बचाव और रोकथाम सहित इलाज के लिए शासन-प्रशासन के समन्वित प्रयास से सभी आवश्यक उपाय तथा प्रबंध किए जा रहे हैं। राज्य में 4 मई की स्थिति में कुल 73 लाख 67 हजार 888 टेस्ट किये गए हैं। इनमें कुल 7 लाख 71 हजार 701 कोविड प्रकरण पाए गए, जिसमें से वर्तमान में 6 लाख 41 हजार 449 स्वस्थ हो चुके हैं और एक लाख 20 हजार 977 प्रकरण सक्रिय हैं। छत्तीसगढ़ में कोरोना जांच, इलाज तथा कोरोना टीकाकरण की सुविधा बढ़ाने आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं मरीजों के इलाज के लिए फंड की कोई कमी नहीं होगी। कोविड संक्रमण पर नियंत्रण एवं संक्रमितों की पहचान के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में सेम्पलों की जांच की जा रही है। प्रदेश में प्रति 10 लाख की आबादी पर अब तक 2 लाख 56 हजार 506 सेम्पलों की जांच की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य देश में कुछ गिने-चुने राज्यों में से है, जहां प्रति 10 लाख में सबसे ज्यादा लोगों की टेस्टिंग हो रही है। राज्य में टेस्टिंग क्षमता विशेषकर आरटीपीसीआर एवं ट्रू-नॉट टेस्टिंग क्षमता बढ़ाने का प्रयास सतत रूप से किया जा रहा है। दैनिक औसत टेस्टिंग माह अप्रैल में बढ़कर 49 हजार 249 हो गई है। छत्तीसगढ़ में प्रति 10 लाख पर 2 लाख 56 हजार 506 टेस्ट किए जा रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रति 10 लाख पर 2 लाख 15 हजार 670 टेस्ट किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन 10 लाख आबादी पर 2036 टेस्ट किए जा रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिदिन 10 लाख आबादी पर 1223 है। राज्य में हो रही कुल कोविड जांच में अक्टूबर 2020 में आरटीपीसीआर जांच का प्रतिशत 26 प्रतिशत था, जो अप्रैल 2021 में बढ़कर 40 प्रतिशत हो गया है। राज्य में वर्तमान में 31 शासकीय लैब तथा 5 निजी लैब में ट्रू -नॉट जांच की सुविधा उपलब्ध हैं। 7 शासकीय लैब एवं 5 प्रायवेट लैब में आरटीपीसीआर की जांच सुविधा उपलब्ध है। रैपिड एंटीजन टेस्ट की सुविधा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक उपलब्ध है। राज्य में वर्तमान में 4 नई शासकीय आरटीपीसीआर लैब महासमुंद, कांकेर, कोरबा एवं कोरिया में भी स्थापित की जा रही है तथा प्रत्येक जिले में अतिरिक्त मशीन प्रदाय कर ट्रूनाट लैब की जांच क्षमता भी ब?ाई जा सकती है। वर्ष 2020 के अंत में माह में प्रति कोविड पॉजिटिव व्यक्ति पर औसत 4-5 कॉन्टेक्ट्स को ट्रैक किया जाता था और वर्तमान में औसत 7 व्यक्तियों को ट्रैक एवं टेस्ट किया जा रहा है। राज्य में कोविड-19 मरीजों के इलाज के लिए राज्य शासन द्वारा 6 मेडिकल कालेज और एम्स रायपुर सहित 37 डेडिकेटेड तथा कुल 154 कोविड केयर सेंटर तैयार किए गए हैं। राज्य के प्रत्येक जिले में डेडिकेटेड कोविड अस्पताल स्थापित किया गया है। शासकीय डेडिकेटेड कोविड हास्पिटल में 5 हजार 294 बेड तथा कोविड केयर सेंटर में 16 हजार 395 बेड तैयार किए गए हैं। निजी कोविड अस्पताल में कुल 9 हजार 596 बेड तैयार किए गए हैं। कुल उपलब्ध वेंटिलेटर एक हजार 151 हैं। ऑक्सीजेनेटेड बेड की संख्या बढ़ाये जाने हेतु राज्य में 15 नए ऑक्सीजन जनरेशन प्लांटॅस स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 9 प्लांट्स प्रक्रियाधीन हैं जो अगले एक सप्ताह में स्थापित हो जाएंगे। इसी तरह रायपुर मेडिकल कालेज में एक विशेष टेलीकंसल्टेशन हब स्थापित किया गया है जिसके माध्यम से मई 2020 से कॉलेज के विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रत्येक दिन सभी शासकीय डेडिकेटेड कोविड अस्पतालों से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से संपर्क स्थापित कर उन्हें टेलीकंसल्टेशन प्रदाय की जाती है तथा आवश्यकता प?ने पर टेली राउंड भी लिए जाते हैं। अब तक राज्य में 2.5 लाख से अधिक लोगों को होम आइसोलेशन प्रदाय किया गया है जिसमें 90 प्रतिशत मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। होम आइसोलेटेड मरीजों की निगरानी के लिए प्रत्येक जिले में कण्ट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है। छत्तीसगढ़ में कोरोना टीकाकरण धीरे-धीरे जन आंदोलन का रूप लेते जा रहा है।

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए प्रदेश में टीकाकरण का काम जोरों पर है। 45 वर्ष से अधिक आयु समूह को कोविड-19 वैक्सीन की प्रथम डोज देने में छत्तीसगढ़ राज्य का स्थान पूरे देश में चौथा है। पूरे देश में सिर्फ लद्दाख, सिक्किम और त्रिपुरा ही छत्तीसगढ़ से आगे हैं। यदि 60 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग की बात करें तो छत्तीसगढ़ पूरे देश में लद्दाख, राजस्थान, सिक्किम और त्रिपुरा के बाद पांचवे स्थान पर हैं।

# महापौर ने 70 वार्डों में जरूरत मंद परिवारों को राशन का पैकेट वितरण किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर शहर के प्रथम नागरिक महापौर एजाज ढेबर के निर्देश पर टोटल लॉकडाउन अवधि में छत्तीसगढ़ शासन एवं मुख्यमन्त्री भूपेश बघेल की समाजहितैषी मंशा के अनुरूप राजधानी शहर रायपुर के सभी 70 वार्डों में जरूरतमंद परिवारों को राशन के पैकेट वितरित करने का कार्य सभी जोनों की टीमों द्वारा वार्डों में सम्बंधित वार्ड पार्षद के नेतृत्व में समाज हित में निरंतर प्रगति पर है 7 महापौर ढेबर के निर्देश पर सभी 70 वार्डों हेतु प्रत्येक वार्ड के 100 - 100 जरुरतमंद परिवारों को राशन के पैकेट जोनों की टीमों द्वारा वार्ड पार्षद के नेतृत्व में जोन कमिश्नर की उपस्थिति में उपलब्ध करवाये जा रहे हैं 7 जोन 1 के जोन कमिश्नर सुभाष चन्द्राकर ने जोन के तहत नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड क्रमांक 15 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शुभम एवं जोन सहायक अभियन्ता शरद देशमुख की उपस्थिति में वार्ड के जरुरतमंद परिवारों को 100 राशन पैकेट आज लॉकडाउन अवधि में सम्बंधित परिवारों के घरों में पहुंचकर वितरित किये 7 जोन क्रमांक 7 के जोन कमिश्नर एन. आर. रत्नेश ने जोन के तहत तात्यापारा वार्ड नम्बर 37 में पार्षद एवं निगम सामान्य प्रशासन एवं विधि-विधायी कार्य विभाग के अध्यक्ष रितेश त्रिपाठी के नेतृत्व एवं शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड क्रमांक 38 के पार्षद दीपक जायसवाल के नेतृत्व एवं जोन कार्यपालन अभियन्ता एस. पी. त्रिपाठी, सहायक अभियन्ता ईश्वरी लाल टावरे की उपस्थिति में वार्ड 37 एवं 38 में पहुंचकर समाजहित में महापौर ढेबर के निर्देशानुसार दोनों वार्डों में 100 - 100 राशन पैकेट सम्बंधित परिवारों के घरों में जाकर उन्हें वितरित किये 7 इसी प्रकार सभी जोनों की टीमों ने जोन कमिश्नर की उपस्थिति में सम्बंधित वार्ड पार्षद के नेतृत्व में वार्ड में जरुरतमंद 100 परिवारों को राशन के पैकेट वितरित करने का कार्य समाज हित में जोन के माध्यम से पार्षदगणों के साथ समाज हित में तेज गति से किया।

# नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने पीएम केयर फंड से घटिया क्वालिटी की वेंटिलेटर खरीदी के सच को स्वीकार किया

### मोदी सरकार ने की है पीएम केयर फंड से घटिया वेंटिलेटर की खरीदी : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने पीएम केयर फंड से की गई घटिया क्वालिटी की वेंटिलेटर खरीदी के सच को स्वीकार किया है प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के द्वारा राज्य सरकार पर पीएम केयर फंड से घटिया क्वालिटी का वेंटिलेटर खरीदने का आरोप झूठा एवं मनगढ़ंत है राज्य सरकार पीएम केयर फंड से अब तक कोई वेंटिलेटर नहीं खरीदी की है। पीएम केयर फड के माध्यम से मोदी सरकार ने खरीदी की है। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक को धन्यवाद जो उन्होंने पीएम केयर्स फंड के घोटाले को उजागर किया और स्वीकार किया।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक राज्य सरकार पर झूठे एवं मनगढ़ंत आरोप लगाने के चक्कर में मोदी सरकार के पीएमकेयर फंड से घटिया क्वालिटी की वेंटीलेटर खरीदी की पोल खोल दी खोल दी है। पीएम केयर फंड का नियंत्रण एवं खर्च करने का अधिकार मोदी सरकार के पास में है।जनसहयोग के लिए बनी पीएम केयर फंड को जनता के नजरो से दूर आरटीआई एवं सीएजी के दायरे से बाहर रखा गया है।तभी शक उत्पन्न हो गया था कि जन सहयोग के लिए बनी पीएम केयर फंड में भाजपा सरकार अपनी आदत के अनुसार बड़ा घोटाला करेगी। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने सार्वजनिक तौर पर पीएम केय 'फंड से घटिया क्वालिटी के वेंटिलेटर खरीदी का आरोप लगाकर सच्चाई को स्वीकार किया है। पीएम केयर्स फंड से दो हजार करोड़ की वेंटिलेटर की खरीदी की आर्डर दी गई थी उसी दिन से उसकी कीमत और क्वालिटी को लेकर देशभर में सवाल उठ रहे है।

# छत्तीसगढ़ में अब तक लगे 56 लाख 99 हजार वैक्सीन डोज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोविड 19 टीकाकरण महाभियान के तहत विभिन्न आयु वर्ग के नागरिकों को अब तक कुल 56 लाख 99 हजार डोज वैक्सीन लग चुकी है। प्रदेश में अब तक 88 प्रतिशत स्वास्थ्य कार्यकर्ता को प्रथम डोज और 62 प्रतिशत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। इसी प्रकार अग्रिम पंक्ति के शत-प्रतिशत कार्यकर्ताओं को प्रथम डोज और 59 प्रतिशत अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं को वैक्सीन की द्वितीय डोज लगाई गई है। इसके साथ ही 45 वर्ष से अधिक आयु के 73 प्रतिशत नागरिकों को प्रथम डोज तथा इस आयु वर्ग के 6 प्रतिशत नागरिकों को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। 18 से 44 वर्ष के आयु वर्ग में अब तक 21हजार 747 लोगों को प्रथम डोज लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि 45 वर्ष से अधिक आयु समूह को कोविड 19 वैक्सीन की प्रथम डोज़ देने में छत्तीसगढ़ राज्य का स्थान पूरे देश में चौथा है। पूरे देश में सिर्फ लद्दाख, सिक्किम और त्रिपुरा ही छत्तीसगढ़ से आगे हैं।

# 31 साल के भूपेंद्र ने लगवाई वैक्सीन, मुख्यमंत्री के निर्णय से गरीबों का टीकाकरण हुआ मुमकिन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




रायपुर के गोगांव में खपरैल वाले घर में रहने वाले भूपेंद्र के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का निर्णय एक राहत ही नहीं बल्कि उसके किसी काम से घर से बाहर जाने पर उसकी पत्नी, बच्चों के भीतर पति और पिता को लेकर बने डर को भी खत्म किया है। काम की तालाश में अक्सर पत्नी और बच्चों सहित अपनी मां को घर में छोड़कर बाहर जाने वाला भूपेंद्र 31 वर्ष को अब कोवैक्सीन का टीका लग चुका है। यहीं उसके और परिवार के लिए सबसे बड़ी राहत है। वह बताता है कि 18 साल से ऊपर वालों के लिए लगने वाले टीका का यदि पैसा लिया जाता तो उसके लिए अभी टीकाकरण कराना मुश्किल हो जाता, क्योंकि लॉक डाउन में काम बंद है और इतने पैसे भी नहीं है कि वह टीका के लिए खर्च कर पाए। उसका कहना है कि मुख्यमंत्री ने अंत्योदय राशनकार्डधारियों और उसके परिवार को 18 साल से ऊपर होने पर कोरोना से बचाव के लिए टीका लगवाने में प्राथमिकता देने से ही गरीब परिवारों का टीकाकरण मुमकिन हो पाया है। गोगाँव के झुग्गी बस्ती में रहने वाले भूपेंद्र ढवगाये ने बताया कि वह काम के लिए हमेशा घर से बाहर जाता है। कोरोना संक्रमण बढ़ने के बाद जब वैक्सीन आई तो वह भी अपने बचाव के लिए इसे लगवाना चाहता था, लेकिन उसका उम्र कम होने की वजह से उसे यह वैक्सीन नहीं लग सकती थी। कुछ दिन बाद 1 मई से 18 साल से अधिक आयु वालों को वैक्सीन लगने की खबर मिली तो उसे खुशी हुई और वह भी इसे लगवाने की सोच रहा था। भूपेंद्र ने बताया कि अखबार और टीवी में वैक्सीन की कीमत देखकर पहले वह निराश हो गया था, वह सोच रहा था कि यदि पैसा देकर टीका लगवाना पड़ेगा तो वह अभी टीका कैसे लगवाएगा? उसका तो काम भी बंद है और पैसे भी नहीं है। कुछ दिन बाद जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ में 18 साल से ऊपर वालों को निःशुल्क टीका और एक मई से अंत्योदय राशनकार्डधारियों को प्राथमिकता देने की जानकारी मिली तो बहुत खुशी हुई। उसने बताया कि अपने घर के पास ही स्वास्थ्य केंद्र में जाकर उसने अपनी माँ के नाम से जारी अंत्योदय राशनकार्ड और अपना आधार कार्ड दिखाया तो उसे वैक्सीन लगा दी गई।

# लापता पुलिस जवानों की पतासाजी करने गृह मंत्री ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को दिए निर्देश

रायपुर। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कांकेर और कबीरधाम जिले से लापता दो पुलिस जवानों की अभी तक कोई सुराग नहीं मिलने की खबर को गंभीरता से लिया है। उन्होंने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को दूरभाष पर चर्चा कर लापता जवानों की तत्काल पतासाजी करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले के कोड़ेकुर्से थाना में पदस्थ सहायक आरक्षक 28 अप्रैल को सुबह करीब 6 बजे थाने से निकला था जो अभी तक वापस नहीं लौटा है। सीमा क्षेत्र की दो जिलों की पुलिस जांच में जुटी है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। इसी तरह कबीरधाम जिले में सीएएफ के 20 वीं बटालियन के सहायक उप निरीक्षक क्रिस्टोफर लकड़ा 21 अप्रैल से लापता हैं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर बनाए गए पुलिस कैंप से लकड़ा के गायब होने की सूचना मिली है तथा रेंगाखर थाना में गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज है। गृहमंत्री ने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को जांच में तेजी लाते हुए सभी आवश्यक कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# बिना भेदभाव, सभी श्रेणी के पत्रकारों,तकनीकी कर्मचारियों व हाकरों को तत्काल कोरोना योद्धा का दर्जा दे सरकार : राजाराम त्रिपाठी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय किसान महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक (आईफा) डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने लंबे समय से पत्रकारों को कोरोना योद्धा मानने की मांग उठा रहे। डॉ. राजाराम त्रिपाठी जो कि स्वयं कई पत्रिकाओं के संपादक हैं तथा विभिन्न समाचार पत्रों में नियमित रूप से विभिन्न मुद्दों पर लगातार लिखते रहे हैं, ने आज बाकायदा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि, हमारे पत्रकार साथी, तत्संबंधी तकनीकी कर्मचारी व हाकर समाज हित में अपनी जान हथेली पर लेकर दिन रात कार्य कर रहे हैं, इसलिए सरकार द्वारा तत्काल इन्हें फ्रंट लाइन वर्कर मानते हुए कोरोना योद्धा का दर्जा दिया जाना चाहिए, तथा उपरोक्त श्रेणी में रखने का तत्काल आदेश जारी किया जाना चाहिए। हमें पूरी उम्मीद है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार करेंगे। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि, जब से इस प्रदेश में कोरोना ने दस्तक दी है, तभी से हमारे पत्रकारों, तत्संबंधी तकनीकी कर्मचारियों व हाकरों ने बिना संक्रमण से डरे, नियमों का पालन करते हुए पूरी हिम्मत तथा जीवटता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। इस संदर्भ में पूर्व में भी विभिन्न मंचों पर मैंने इस संदर्भ में बात उठाई है, और हमारा मानना है कि पूरे देश में पत्रकारों को कोरोनावायरस का दर्जा दिया जाना उचित होगा। इस वैश्विक महामारी के कठिन कोरोना काल में, जबकि चारों ओर अफवाहों का दौर गर्म है, हमारे पत्रकार बिरादरी ने ही वास्तविक वस्तुस्थिति से समाज तथा सरकार को परिचित कराने का महती दायित्व निभाया है। इस भयावक परिस्थिति में भी ग्राउण्ड रिपोर्टिंग करके पत्रकारों ने हम सबको सच्चाई से अवगत कराया है। इस महामारी के दरमियान भी जान हथेली पर लेकर की गई, पब्लिशिंग, रिपोर्टिंग तथा वितरण के कारण इसने हमारे कई जांबाज पत्रकारों तकनीकी कर्मचारियों व हाकरों को भी निशाना बनाया है, ऐसे पत्रकारों व साथियों का बचा खुचा परिवार भी आज बेहद कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है। कई समाचार पत्रों तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के द्वारा इस दरम्यान विभिन्न कारणों से अपना व्यवसाय समेट लेने के कारण पत्रकारों तकनीकी कर्मचारियों व हाकरों का एक बहुत बड़ा वर्ग अचानक, खाली हाथ, बेरोजगार भी हो गया है । ऐसे में कुछ साथी न्यूज़ पोर्टल एवं अन्य सोशल मीडिया के जरिए पत्रकारिता की अलख जगाने हेतु संघर्षरत हैं। पत्रकार चाहे श्रमजीवी हो या फिर अखबार के हों या फिर टीवी चैनल्स में काम करने वाले हों,या फिर तकनीकी कर्मचारी या हाकर हों, वे सभी अपने परिवार के एक मात्र आर्थिक आधार थे, और उनके चले जाने के बाद परिवार के सामने एक बड़ी आर्थिक चुनौति खड़ी हो गई है।

# कोरोना से डरकर नहीं डटकर मुकाबला करने की जरुरत

### भिलाई के रितेश जैकब ने कोरोना को दी मात, हौसला के साथ हालातों का किया सामना

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



इस कोरोना काल मे जहां हमारे नियर -डियर सब पास आने से डरते है, वही डॉक्टर देवदूत बनकर दिन रात अपने घर परिवार की फिक्र किये बिना लोगों की सेवा कर रहे हैं। भिलाई निवासी रितेश जैकब को जब श्रीबालाजी हॉस्पीटल में भर्ती किया गया, तो सिर्फ एक आस ही थी, एक विश्वास ही था आज रितेश कोरोना से जंग जीतकर अपने घर परिवार के बीच वापस जा रहा है। रितेश ने बताया उखड़ी हुई चंद सांसों को सिमेटकर करीब महीनेभर पहले श्रीबालाजी हॉस्पिटल में भर्ती हुआ था। उस समय जीवन की उम्मीदें ही छोड़ चुका था, लेकिन डाक्टरों ने न सिर्फ मनोबल बढ़ाया बल्कि उसे नया जीवन दिया। ये मनोभाव भिलाई निवासी रितेश जैकब ने खुद व्यक्त कर डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया।

दरअसल, रितेश को जब श्री बालाजी हॉस्पिटल लाया गया था, उसकी हालत बेहद खराब थी। हॉस्पिटल टीम के अथक प्रयास और मरीज के मनोबल से प्रायः महीनेभर बाद रितेश अपने घर अपनों के पास जा रहा । रितेश ने कहा सच ही ईश्वर का ही एक रूप है डॉक्टर्स।

## सुरक्षित व सफल प्रसव से मां और नवजात को मिली नई जिंदगी

# कोरोना संक्रमित महिला ने दिया स्वस्थ बच्ची को जन्म

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




राज्य में स्वास्थ्य अमले के चिकित्सक व समस्त स्टाफ अपनी पूरी क्षमता से कोरोना के मरीजों का दिन रात उपचार कर रहे हैं जिसके सुखद परिणाम मिले है। गरियाबंद जिले में कोरोना के लगभग 80 प्रतिशत मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं।

कोरोना संक्रमण के दौरान अनेक गर्भवती महिलाएं भी कोरोना से संक्रमित होकर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय गरियाबंद में भर्ती होती है। ऐसे में डाक्टरों और स्वास्थ्य अमले पर दोहरी जिम्मेदारी होती है। एक तो गर्भवती महिला को कोविड से मुक्त करना और सुरक्षित प्रसव कराना ताकि दोनो को नया जीवन मिल सके। गरियाबंद जिले में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों के प्रयासों से जिले में 8 कोरोना संक्रमित गर्भवती महिलाओं की सफल डिलीवरी हो चुकी है। विगत दिवस जिला हॉस्पिटल गरियाबंद में ऐसे ही सुखद किलकारी एक बार फिर गूंजी। फिंगेश्वर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरभाठा की 24 वर्षीय कोरोना संक्रमित श्रीमती अनिता यादव ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया । मां और बच्चे दोनों पूरी तरह से स्वस्थ हैं। स्वास्थ्य विभाग की डीपीएम डॉ रीना ने बताया कि जिले में यह कोरोना संक्रमित गर्भवती महिलाओं का आठवी सफल और सुरक्षित प्रसव है । सुरक्षित प्रसव के पश्चात हॉस्पिटल के नर्स, स्टाफ और डॉक्टर ने खुशी जाहिर करते हुए अनिता और उनके परिवार को बधाई दी है । उल्लेखनीय है कि विगत 26 अप्रैल को भी गरियाबंद ग्राम कोचबाय की ममता कश्यप, 29 अप्रेल को मैनपुर की रूखमणी ध्रुव तथा 1 मई को छुरा पाटसिवनी की भुनेश्वरी सोरी द्वारा भी स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया गया है । इस तरह जिला हॉस्पिटल और डेडीकेटेड हॉस्पिटल गरियाबंद में कोरोना संक्रमित महिला की यह आठवी सफल डिलीवरी है।

इससे ड्यूटी में तैनात समस्त स्टाफ उत्साहित है। सुरक्षित प्रसव में डॉ अजय जांगड़े, डॉ मयंक देवांगन एवं स्टाफ नर्स सनत मंडावी,प्रतीक्षा यादव एवं पूजा साहू की विशेष भूमिका रही है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया 108 बिस्तरों वाला जैनम कोविड हॉस्पिटल का वर्चुअल उद्घाटन

### भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत को मानते हुए

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



सकल जैन समाज का यही विश्वास फिर एक बार मानवता की सेवा के लिए उठ खड़ा हुआ, सकल जैन समाज के द्वारा अल्प समय में यह 108 बिस्तरों का कोविड हॉस्पिटल बनकर तैयार हुआ जिसका विधिवत उदघाटन आज वर्चुअल जूम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने किया उक्त अवसर पर वर्चुअल जूम में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ,स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, सांसद सुनील सोनी, विधायक गण बृजमोहन अग्रवाल, सत्यनरायण शर्मा, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, महापौर एजाज ढेबर एवं खादी ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी जुड़े थे सभी जनप्रतिनिधियों ने जनसेवार्थ किये जा रहे मानवीय कार्य के लिए जैन समाज एव राजेश मूणत के कार्यो की सराहना की। आज दोपहर 1 बजे जैनम कोविड हॉस्पिटल का विधिवत शुभारंभ भगवान महावीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवम पद्मभूषण आचार्य विजयरत्न सुंदर जी म. सा. के मंगलपाठ के शुरू किया गया। विधिवत उदघाटन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल जूम के माध्यम से किया उन्होंने आपने उद्बोधन में कहा समस्त जैन समाज के लोगो को जैनम कोविड हॉस्पिटल के लिए बधाई दी, उन्होने कहा कि निश्चित रूप से यह हॉस्पिटल आमजनों के लिए अच्छा सेंटर होगा जहाँ सभी आवश्यक मेडिकल सुविधाएं मुहैया कराया जा रहा है साथ ही निशुल्क भोजन दवाई की सुविधा भी लोगो को मिलेगी ।जैन समाज के इस मानवी सेवा के प्रकल्प के लिए जैन समाज की प्रशंसा की। वही दुसरी तरफ स्वाथ्य मंत्री टी एस सिंहदेव ने कहा कि वर्तमान समय में कोविड संक्रमण बहुत बडा हुआ है चारो ओर त्राहि त्राहि की खबरे आ रही है सरकार ही नही सभी सामाजिक संस्थाओं के द्वारा मानव सेवा का संकल्प लिया जा रहा है उसमें जैन सामाज का ये भगीरथ प्रयास सराहनीय है उन्होंने बताया कि वे जब की सामान्य तरह के कोविड केयर सेंटर की परिकल्पना लेकर निकले थे निरीक्षण हेतु.. पर जैनम भवन में आ कर उन्हें यकीन नही हुआ जो कल्पनाओं से भी ऊपर की सुविधाएं को देखकर राजेश मूणत, महेंद्र धाड़ीवाल की टीम एवं जैन सामाज के इस भव्य भवन में इस तरह का हॉस्पिटल बनाना आपने आप मे बहुत ही बड़ा मानवीय संवेदनाओं का एक प्रकल्प में बहुत ही सुकून मिला और उन्होंने कहां की जनसेवा के लिए मानवीय मूल्यों का जीता जागता उदाहरण है जैन समाज।

## क्विक न्यूज

### स्व किशनचंद लखनपाल की स्मृति में परिवार ने कोरोना से लड़ने रेड क्रॉस को भेंट किया एक लाख रुपए का चेक

**जगदलपुर।** नगर के वरिष्ठ व्यवसासी एवं तत्कालीन जगदलपुर नगर पालिका के अध्यक्ष रहे सतपाल लखनपाल ने अपने पिता स्व.किशनचंद लखनपाल की स्मृति में कोरोना के खिलाफ लड़ाई के लिए एक लाख रुपए का चेक इंडियन रेडक्रास सोसायटी के बस्तर जिला अध्यक्ष एवं कलेक्टर रजत बंसल को संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में भेंट किया। कलेक्टर रजत बंसल ने कोरोना से लड़ने के लिए लखनपाल परिवार द्वारा किए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### महारानी अस्पताल में सी.टी.स्कैन मशीन का किया जा रहा संचालन

**जगदलपुर।** शहर के महारानी अस्पताल में स्थापित सी.टी.स्कैन मशीन का उपयोग कोविड एवं नॉन कोविड दोनों प्रकार के मरीजों के उपचार हेतु किया जा रहा है ।कलेक्टर रजत बंसल के मार्गदर्शन में महारानी अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन की व्यवस्था किया गया है। सिविल सर्जन और अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रसाद ने बताया कि सी.टी.स्कैन मशीन का संचालन प्रतिदिन (अवकाश के दिनों को छोड़कर)सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक किया जाता है । शाम 05 बजे के पश्चात् आवश्यकतानुसार मरीजों का सी.टी.स्कैन किया जा रहा है । आपात स्थिति में सी.टी.स्कैन मशीन का उपयोग 24×7 किया जा रहा है 7आपातकालीन विभाग में सी.टी. स्कैन मशीन के उपयोग हेतु चिकित्सक एवं तकनीशियन 24×7 उपलब्ध रहते है। शासन के निर्देशानुसार 65 वर्ष तथा उससे अधिक आयु के मरीजों का सी.टी.स्कैन निःशुल्क किया जाता है । शासन द्वारा निर्धारित शुल्क एक हजार रुपए(सामान्य दर)प्रति मरीज परीक्षण शुल्क लिया जा रहा है।

# दो गांवों के ग्रामीणों ने कोरोना का टीका लगाने से किया इंकार

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



विकास खंड में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का टीकाकरण अभियान शुरू हुए दो दिन ही बीते हैं कि इसमें व्यवधान उत्पन्न हो गया है। विकासखंड के दो गांवों के ग्रामीणों ने कोरोना का टीका लगाने से इनकार कर दिया है, इनमें से एक गांव के लोग तो बाकायदा इसके विरोध में लामबंद होकर सड़क पर निकल गए और टीकाकरण अभियान से जुड़े ग्रामीण अमला को गांव में प्रवेश ही नहीं करने दिया। टीकाकरण अभियान का विरोध ग्राम पंचायत डोंगरकट्टा के आश्रित ग्राम ऊंचपानी से शुरू हुआ, यहां के ग्रामीण गांव की सड़क पर एकत्रित हो गए और कोरोना टीकाकरण के लिए जानकारी एकत्रित करने गई टीम को सड़क पर ही रोक लिया, और गांव में प्रवेश करने से मना कर दिया।ग्रामीणों ने कहा कि कोरोना का टीका लगाने से लोग स्वस्थ नहीं होते अपितु और अधिक बीमार पड़ जा रहे हैं। इसके पूर्व गांव के जितने भी लोगों ने टीका लगाया है, वह सब बीमार हो गए हैं, और काफी लंबे अरसे के बाद भी अब तक स्वस्थ नहीं हुए हैं, इसलिए सभी ग्रामीणों ने फैसला किया है, कि कोई भी कोरोना का टीका नहीं लगवाएगा। ग्राम पटेल हर सिंह ध्रुवा ने बताया कि उन्हें 1 माह पूर्व कोरोनावायरस टीका लगा था उसके बाद से उनकी तबीयत आज तक खराब चल रही है। और पूरा शरीर टूट गया है, इसलिए वह व्यक्तिगत तौर पर टीकाकरण का विरोध करते हैं, और इसीलिए उन्होंने दूसरे चरण का टीका लगाने से इनकार कर दिया है। वहीं अन्य ग्रामीणों रतिराम नरेटी, गांडा राम सलाम, कृष्णा धुर्वा, मानसिंह दुग्गा, फागूराम नरेटी, इतवारु राम गोटा, बिसोन बाई उइके, मंगली धुर्वा इतवारिन सलाम, अनुसूईया हुपेंडी ने कहा कि सारे ग्रामीण इस बात के लिए राजी है, कि वह कोरोना का टीका नहीं लगाएंगे और इससे संबंधित गतिविधियों का विरोध करेंगे। वही इसी ग्राम पंचायत के मुख्य ग्राम डोंगरकट्टा में भी ग्रामीणों ने टीका लगाने से इंकार कर दिया। डोंगरकट्टा के ग्रामीणों धनीराम गोटा,आनंद हुपेंडी, महेंद्र कोरेटी, अजय मंडावी, बाबूलाल गोटा, साधुराम मतलामी, फगनी बाई गोटा, अंकालिन कोर्राम, मंगली भूआर्य ने कहां की इसके पूर्व जितने भी ग्रामीणों ने कोरोना का पहला टीका लगवाया है, वह सभी बीमार पड़ गए हैं, उनकी स्थिति को देखते हुए अन्य ग्रामीणों ने भी एकमत से टीकाकरण अभियान का विरोध किया है । यह टीका स्वस्थ करने के प्रति लोगों को बीमार कर रहा है, अतः हम टीका नहीं लगाएंगे। मामले की सूचना ग्रामीण अमले में शामिल ग्राम सचिव व पटवारी के द्वारा उच्चाधिकारियों को दी गई तब प्रभारी एसडीएम उत्तम पंचारी, तहसीलदार आनंद राम नेताम, थाना प्रभारी भानूप्रतापपुर शशि कला उइके सहित पुलिस व प्रशासनिक अमला इन गांवों में पहुंचा और ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि यदि टीका लगने के बाद थोड़ा बहुत बुखार या बदन दर्द होता है, अथवा शरीर हल्का-फुल्का अस्वस्थ होता है, तो यह इस बात का संकेत है कि टीकाकरण सफल हुआ है। टीका लगाने से फिलहाल थोड़ी बहुत परेशानी होगी, परंतु भविष्य में कोरोना के दुष्प्रभावों से बचा जा सकता है। अधिकारियों की काफी समझाइश के बाद ग्रामीणों ने उन्हें फिर से विचार विमर्श कर अपनी बात से अवगत कराने की बात कही। तत्पश्चात प्रशासनिक अमला वापस भानुप्रतापपुर लौट आया। इस विषय में प्रभारी एसडीएम उत्तम पंचारी ने बताया कि ग्राम पंचायत डोंगरकट्टा के दो ग्रामों डोंगरकट्टा व ऊंचपानी में ग्रामीणों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो जाने से वह टीकाकरण का विरोध कर रहे थे। इस विरोध की सूचना वहां गए ग्रामीण अमले के द्वारा मिलते ही हम लोगों ने जाकर ग्रामीणों को समझाइश दी है, आशा है कि वह हमारी बातों को समझेंगे और टीकाकरण के लिए राजी हो जाएंगे।

# पुलिस कर्मियों के लिए सर्वसुविधायुक्त अस्थाई कोविड अस्पताल बने : नरेंद्र भवानी

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे पार्टी के संभागीय सयुंक्त महासचिव नरेंद्र भवानी ने बस्तर जिले में बस्तर पुलिस अधीक्षक से निवेदन करते हुए कहा हैं कि दिन रात सेवा दें रहे कोरोना वारियर्स पुलिस कर्मी चाहे पुरुष हो या महिला सभी ने अपनी जान की परवाह किये बगैर कोरोना माहामारी कि रोकथाम में अपना पूरा बल झोंक दिया हैं, ऐसी परिस्थिति में जब लोग घरो में बंद हैं और यह वारियर्स हमारी सुरक्षा में दिन रात बहार तैनात हैं, जिससे संक्रमित होने का पूरा खतरा इन्हें हैं अगर पुलिस कर्मी कोरोना से संक्रमित होते हैं तो वो कम से कम इलाज हेतु सुनिश्चित जगह में आश्वत होकर इलाज के लिए जा सके, वरना जिला में कोरोना इलाज के नाम पर कैसी असुविधाएं हैं बताने कि कोई जरुरत नहीं हैं, बहुत आसानी से अस्थाई कोविड अस्पताल बनाया जा सकता है जहां आयुर्वेदिक तरीको से उपचार व्यवस्था व पौष्टिक भोजनो से,लेकर आक्सीजन, एवं जरुरी दवाई उपलब्ध हो अगर यह सुविधा पुलिस कर्मियों हेतु अस्थाई कोविड अस्पताल कम से कम 80 बिस्तर वाला बन के तैयार हो जाता हैं तो मै सोचता हु पुरे प्रदेश में यह पहला जिला होगा जहां पुलिस कर्मियों का कोरोना इलाज का जिम्मा स्वयं पुलिस ही उठाती हैं और वो भी बेहद अच्छे गुडवत्ता के साथ महोदय मेरा विनम्र निवेदन होगा इस विषय में विचार करें यदि कोई गंभीर संक्रमित पुलिस कर्मी आये तो अच्छे इलाज हेतु हर जरुरी कदम लिया जाए।

# विधायक संतराम नेताम ने दिया मानवता का परिचय, होम आइसोलेशन में रहने वाले लोगों को बांटा सूखा राशन और हरी सब्जी

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




कोरोना संक्रमण का दूसरा चरण लोगों के लिए बहुत ही ज्यादा घातक साबित हो रहा है, शहरों में लगातार पॉजिटिव की संख्या बढ़ रही है, जिसके बाद जिला प्रशासन के द्वारा लॉकडाउन लगाने से कोरोना संक्रमण शहरों में तो पॉजिटिव संख्या कम हो गया लेकिन गांवो में तेजी से फैल रहा है। केशकाल विधानसभा क्षेत्र के कई गांव को जिला प्रशासन द्वारा कोरोना हॉटस्पॉट घोषित किया जा चुका है। जिसमें केशकाल विधायक सन्तराम नेताम के गृहग्राम पलना व मारंगपुरी भी शामिल है। इस गांव के आसपास क्षेत्र में 100 से भी अधिक लोग संक्रमित हैं। जो भी पॉजिटिव मरीज है उन सभी लोगो को होमआईसुलेशन में रखे हुए है और जो गंभीर है उन्हें कोविड सेंटर भेजा गया हैं। इस बीच केशकाल विधायक व बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सन्तराम नेताम ने मानवता का परिचय देते हुए होम आइसोलेशन में रहने वाले लोगों को सूखा राशन (हरी सब्जी, दाल, चावल) मास्क, सेनेटाइज इत्यादि वितरण कर रहे हैं । इस सम्बंध में विधायक सन्तराम नेताम का कहना है कि मेरे गृह ग्राम पलना मारंगपुरी में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है मारंगपुरी में ही कोरोना संक्रमित 50 से अधिक लोग पॉजिटिव है, जिन परिवार को होम आइसोलेशन में रखा गया है उन्हें हमारे द्वारा सभी घर घर जाकर सूखा राशन और मास्क का वितरण किया गया हैं। साथ ही अन्य लोगो को जनसेवा का भाव रखते हुए इस कोरोना काल मे सहयोग करने की बात कही हैं। साथ ही विधायक ने क्षेत्र के सभी अंत्योदय कार्डधारकों को जल्द से जल्द वैक्सीन लगवाने का आग्रह किया है।

# विधायक विक्रम मण्डावी ने किया मद्देड़ ग्राम का दौरा

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



बस्तर आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व बिजापुर विधायक विक्रम शाह मण्डावी की पहचान लोकप्रिय नेता के साथ साथ जनता के सेवक के रूप में की जाती है, कोरोना काल मे भी वो आम जनता के बीच लगातार पहुंचते रहते है,व उनकी समस्याओं से अवगत हो उसके निराकरण में लगे रहते है, बीते रविवार 2 मई को मद्देड़ ग्राम के कई इलाकों में आंधी व तूफान ने मचाई थी तबाही,तेज हवाओं के साथ साथ तेज बारिश होने के कारण कच्चे घरों की छत,के मकानों की दीवाल के साथ साथ पेड़ व बिजली के खम्भे भी गिर गए थे,जिसकी वजह से आम जन को भारी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा था, बस्तर आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व बीजापुर विधायक विक्रम शाह मण्डावी को खबर मिलने के बाद आज प्रशासनिक अमले के साथ मद्देड़ के आधी तूफान से प्रभावित जगहों का दौरा किया,सभी प्रभावितों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुने व प्रशाशनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्राकृतिक आपदा से मद्देड़ में जिनका भी नुकसान हुआ है,उसका प्रकरण तत्काल बना कर जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए,ताकि प्रभावित लोगो को मदद मिल सके,मद्देड़ के ग्राम वासियो ने विधायक विक्रम मण्डावी को इस मुश्किल घड़ी में अपने बीच पा कर खुश हो गए व कहा कि विधायक हो तो आप जैसा जो आमजन की हर समस्या में उनके साथ खड़ा रहता है।

# रोजाना कमाने खाने वाले परिवारों की मदद कर रहा शिवसेना



पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

वर्तमान में देश में चल रहे कोरोना महामारी जिससे कि पूरे देश की जनता परेशान है तकलीफ में है कोरोना महामारी से निपटने हेतु सरकारों द्वारा पूरे देश के कई राज्यों में लॉक डाउन किया गया है जिससे प्रतिदिन कमाने खाने वालों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया ऐसे परिवारों की मदद हेतु शिवसेना द्वारा पूरे देश भर में सेवा कार्य किया जा रहा है एवं देश की जनता का हर संभव मदद करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शिवसेना द्वारा छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के निर्देशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में कोरोना महामारी से पीड़ित आम जनता हेतु विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं। एवं आइसोलेशन में रह रहे परिवारों हेतु भी विभिन्न प्रकार से सेवा कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शिवसेना द्वारा भानूप्रतापपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जो प्रतिदिन कमाने खाने वाले हैं एवं आइसोलेट में रह रहे हैं उनको दैनिक उपयोग की सामग्री, सब्जी प्रदान किया गया क्योंकि शिवसेना पार्टी के संस्थापक हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे ने शिवसेना की स्थापना करते समय शिवसेना के मूल सिद्धांतों में 80प्र समाज सेवा एवं मात्र 20प्र राजनीति को स्थान दिया था और शिवसैनिक बाला साहब ठाकरे के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए पूरे देश में 80प्र समाज सेवा और मात्र 20प्र राजनीति कर रहे हैं।

# कांकेर जिले में तेदूपत्ता का संग्रहण 6 मई से होगा प्रारंभ

**कांकेर।** शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत कांकेर जिला अंतर्गत वनमण्डल कांकेर एवं भानुप्रतापपुर पूर्व एवं पश्चिम वन मण्डल में तेंदूपत्ता (हरा सोना) तोड़ाई का कार्य 06 मई से प्रारंभ होगा। तेंदुपत्ता का समर्थन मूल्य 04 हजार रूपये प्रति मानक बोरा निर्धारित किया गया है। कांकेर जिले के तीनों वनमण्डल को मिलाकर जिला यूनियन अंतर्गत कुल 02 लाख 15 हजार 400 मानक बोरा तेदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कांकेर जिला यूनियन में 38 हजार 100, पूर्व भानुप्रतापपुर में 96 हजार 900 एवं पश्चिम भानुप्रतापपुर को 80 हजार 400 तेंदूपत्त संग्रहण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। कोरोना के संक्रमण से बचाव हेतु संग्राहकों को मास्क, सेनेटाईजर, हैण्डवाश इत्यादि वन विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जा रही है।

जिले के वनमण्डलाधिकारियों द्वारा तेन्दूपत्ता संग्राहकों को कोविड एप्रोप्रियेट बिहेवियर जैसे- मास्क लगाना, सेनेटाईजर एवं हैण्डवाश का उपयोग तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सुरक्षात्मक ढंग से तेंदूपत्ता संग्रहण करने की अपील किया गया है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विगत वर्ष 2020 में कांकेर जिले के तीनों वनमण्डल को मिलाकर 01 लाख 78 हजार 477 मानक बोरा तेन्दुपत्ता का संग्रहण किया जाकर संग्राहकों को 71 करो? 39 लाख रूपये का भुगतान किया गया। इस वर्ष विगत वर्ष से अधिक तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जाकर 86 करोड़ 12 लाख रूपये का भुगतान संग्राहकों को होने की संभावना है।

# प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कांति नाग ने जरूरतमंदों को बांटे राशन

■ **कहा मुश्किल समय है सभी मदद के लिए आगे आए**

पायनियर संवाददाता ◄ अंतागढ़
www.dailypioneer.com



भयानक करोना की महामारी के चलते देश के अधिकांश इलाकों मे लॉकडाउन लगा हुआ है जिस कारण छत्तीसगढ़ मे भी लॉकडाउन लगा है, जिससे लोगों का घरो से बाहर निकलना एवं मजदूरी बंद है, जिस कारण खाने पीने के सामान को लोग तरस ना जायें उसके लिए प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष श्रीमती कांति देवी नाग जी जो स्वयं पहले एक बार कोरोना से संक्रमित हो चुकी है उसके बाद भी उनके मजबूत हौसलों और गरीब लोगों की चिंता से उनसे घर में रहा नही गया वो स्वयं घर के बाहर निकलकर नगर पंचायत अंतागढ़ के विभिन्न वार्डो में सुखा राशन का पैकेट बनाकर बुजुर्ग , विकलांग, मानसिक रूप से कमजोर गरीब एवं जरूरत मंद परिवारों को वितरण किया एवं उन सभी परिवारों से घर में रहने और संक्रमण से बचे रहने के लिए सावधानियों का पालन करने का निवेदन किया। कांति नाग ने कहा कि विधायक अनुप नाग के प्रयास एवं मार्गदर्शन में जब तक लॉकडाउन है तब तक जरूरतमंद लोगो में राशन बांटने का प्रबंध किया है, कांति नाग ने ऐसे संस्थाओं को सामने आने के लिये अपील भी की है, जो ऐसे ही जरूरत मंद लोगों की अपने स्तर पर सहायता करे या फिर हमसे संपर्क करे ताकि ऐसे समय मे कोई भी भूखा नहीं रहे। इस राशन वितरण के दौरान कांति देवी नाग के साथ अंतागढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश चंदेल , नगर पंचायत पार्षद राकेश गुप्ता, नगर पंचायत पार्षद अखिलेश श्रीवास्तव, मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## विधायक अनूप नाग व जिला पंचायत सदस्य दिलीप बघेल का आभार माना

# गर्मियों में हेंण्डपम्पों के खनन से ग्रामीणों में उत्साह

पायनियर संवाददाता ◄ अंतागढ़
www.dailypioneer.com



कोरोना के बढ़ते संक्रमण से जहां ग्रामीणों में एक भय सा व्याप्त है, तो कई गांवों में पीने का पानी की समस्याओं को लेकर अन्तागढ़ विधायक अनूप नाग की संजीदगी साफ नजर आयी है। आपको बता दें कि जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 11 दिलीप बघेल को जनसम्पर्क के दौरान कई गांवों में पानी समस्या बताई गई थी।जिस पर उन्होंने विधायक अनूप नाग को उक्त समस्याओं से अवगत कराया था। सम्बंधित ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के मांग अनुरूप अन्तागढ़ विधायक अनूप नाग द्वारा तत्तपरता दिखाते हुए पीएचई विभाग के अधिकारियों को अवगत कराकर शीघ्र पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराते हुए हेण्डपम्प खनन कराई गई है। जिसमे कर्रेगांव, अमोड़ी में पोटाई पारा, सातधार, नवागावड़ेगांव। उपरोक्त गांवों में सफलता पूर्वक हेण्डपम्प खनन कार्य होने पर ग्रामीणों ने विधायक व जिला पंचायत सदस्य को धन्यवाद दिया है व आभार ज्ञापित किया है ,गांवों में खनन के दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता विन्द्र नायक खुद मौजूद रहकर खनन की निगरानी में रहे व सफल होने पर ग्रामीणों को बधाई भी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी उन्होंने कई वर्षों से हेण्डपम्प की मांग करते आ रहे थे परन्तु कोई सुनवाई नही हो रही थी लेकिन वर्तमान विधायक अनुप नाग ने उनकी समस्याओं को समझा व समाधान भी किया जो अभूतपूर्व है। जिला पंचायत सदस्य दिलीप बघेल ने बताया कि उनके कार्य क्षेत्र में अन्य गांवों से भी मूलभूत समस्याओं को लेकर विभिन्न जानकारी आयी है जिसे वे प्राथमिकता के आधार पर दूर करवाने का प्रयास कर रहे हैं और लगातार जनसम्पर्क में लगे हुए हैं।

# बिना भेदभाव के 18 वर्ष के ऊपर सभी का टीकाकरण करवाया जावे : एल.ईश्वर राव

■ **अन्त्योदय, बीपीएल कार्ड को प्राथमिकता देने के स्थान पर रजिस्ट्रेशन एवं कंटेन्मेंट क्षेत्रों के आधार पर सबका टीकाकरण किया जावे**

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



भाजपाविधि प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अधिवक्ता एल.ईश्वर राव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र प्रेषित कर कोविड-19 टीकाकरण के संबंध में कहा कि 18वर्ष के ऊपर के समस्त व्यक्तियों को टीकाकरण की घोषणा के बाद टीकाकरणके लिये प्राथमिकता तय करने में अन्त्योदय, बीपीएल कार्ड आदि को प्राथमिकता देने के स्थान पर कोरोना कोविड-19 संक्रमण के प्रभावी रोकथाम को आधार बनाया जाना चाहिए। रजिस्ट्रेशन एवं कंटेन्मेंट क्षेत्रों के आधारपर जहां अधिक कोरोना प्रभावित हो वहां पूरे कंटेन्मेंट क्षेत्र को टीकाकरण करते हुए 18 वर्ष के ऊपर के प्रत्येक व्यक्ति को बिना भेदभाव के टीकाकरण करना सुनिश्चित करना आज की परिस्थिति में मानव जीवन के हित में होगा। राव ने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में कहा है कि भारत सरकार द्वारा हेल्थ केयर,फ्रंट लाइन वारियर्स के टीकाकरण से प्रारम्भ किया गया था। अब चूंकि 18 वर्ष तक के व्यक्तियों को टीकाकरण लगाने के लिए विस्तारित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा भी टीकाकरण के निमित्त कोरोना योद्धा केलाइन को विस्तार देते हुए प्रत्येक उस व्यक्ति को जो इस संक्रमण के लॉक डाउन अवधि में लोगों के बीच रहकर अत्यंत आवश्यक सेवा व सामग्री उपलब्ध कराने में जुटे है। उन समस्त लोंगों को टीकाकरण में प्राथमिकता दिया जाना चाहिए। जिससे उन लोंगों के स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ उनके अन्य लोगों से संपर्क में आने से अन्य।

# जान जोखिम डाल कर कोरोना संक्रमित शव का कर रहे अंतिम संस्कार

## 11 दिन में सात शव का कर चुके अंतिम संस्कार, 15 शवों को पहुंचाया मुक्तिधाम

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





कोरोना संकटकाल के दौर में अनेक लोग अपनी जान जोखिम में डालकर काम कर रहे है। जिनकी जितनी तारीफ की जाए कम है। समाज को इन्हे सैल्यूट करना चाहिए। असल मायने में ऐसे लोग ही समाज और इंसानियत को जिंदा रखे है। इतनी प्रशंसा करने के पीछे सच्चाई यह कि कोरोना संक्रमित मरीज के शव का अंतिम संस्कार करना जान जोखिम में डालने से कम नही है, क्योकिं अंतिम संस्कार को लेकर अब मृतक के परिजन भी घबराने लगे है। आखिर इन्हें भी तो अपनी मौत का डर है। फिर भी यह कोरोना वारियर्स इस काम को साहस के साथ अंजाम दे रहे है। ऐसा ही दृश्य प्रतिदिन जिले में देखने को मिल रहा है। कोरोना के भयावह स्थिति के बीच भी नगर का एक ऐसा साहसी युवा भी है जो इसे अपना नैतिक दायित्व और समाज में अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पीपी कीट पहनकर शव का अंतिम संस्कार कर रहा है। ये युवक बीते 11 दिन में सात से अधिक लोगो का अंतिम संस्कार कर चुका है। इसके अलावा अपने दो सहयोगियो के साथ मर्चुरी से शव वाहन तक शव पहुचाने की जोखिम भरी जिम्मेदारी भी यही निभा रहे है। 11 दिन के अंतराल में ये युवक 25 से अधिक शव को वाहन में चढ़ा चुके है। इसमें 15 शव तो ऐसे थे जिसे परिजन भी छुने को तैयार नही थे। इन शव को इन्ही ने मुक्तिधाम तक अंतिम संस्कार के पहुचाया। इनमें से सात शव का तो इस युवक द्वारा ही अंतिम संस्कार भी किया गया। इन सात शव में तीन के परिजन तो आए ही नहीं आए थे और जिन चार शव के परिजन आए थे वे भी अपने परिवार के सदस्य को मुखाग्नि देने हिम्मत नही जुटा पाए। ऐसे में इस युवक ने ही पीपीकीट पहन कर शव को मुखाग्नि दी। जानकारी के मुताबिक वर्तमान में ये युवक रोज पांच से सात शव को पीपीकीट पहनकर शव वाहन व मुक्तिधाम तक पहुँचा रहे है और परिजन के ना आने या भय के कारण पीछे हटने पर ये युवक ही जान जोखिम में डालकर शव का अंतिम संस्कार कर रहा है। यह युवक गरियाबंद नगर का मनीष यादव है जो इस जोखिम भरे काम को अपना सामाजिक दायित्व समझ कर पूरा कर रहा है। इसके साथ ही उनके दो सहयोगी भी है जिसमे एक कोपरा का ताराचंद और दूसरा फिंगेश्वर का विक्रम है। मनीष यादव से बात करने वह बताते है कि बिते 11 दिन से वह लगातार जिला अस्पताल में यह काम कर रहे है। यहां अस्पताल में कार्य कर रहे एक युवक ने ही उसे बताया था कि अस्पताल में कोरोना संक्रमित मरीजो के मृत्यु उपरांत उन्हे मर्चुरी में रखने और शव वाहन तक ले जाने के लिए बार्डबाय की कमी है और इस जोखिम भरे कार्य के लिए कोई तैयार भी नही हो रहा है। जिसके चलते परिजनो और प्रबंधन दोनो का काफी परेशानी हो रही है। यह जानकार मनीष ने अपने निर्णय लिया कि वह इस जोखिम भरे काम के लिए सामने आएगा और उसी दिन से वह इसमें लग गया। मनीष ने बताया कि उसे 11 दिन पूरे हो गए है इस दौरान 15 से अधिक शव को वह मुक्तिधाम तक पहुचा चुके है। परिजनो में भय होने या उनके ना आने पर वह सात शव का रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार भी कर चुके है। शनिवार को भी पांच शव को उन्होने मुक्तिधाम तक पहुचाया।

### ऐसे ही एक और कोरोना वारियर्स है गरियाबंद के पटवारी मनोज कंवर

संकट के इस समय में दूसरे एक और कोरोना वारिसर्य पटवारी मनोज कंवर है। जो लगातार कोरोना संक्रमित के मृत्य उपरांत उसके शव को अस्पताल से मुक्त करा कर उनके परिजनो को सौंपने और उसके घर तक पहुचाने की व्यवस्था कर रहे है। स्थानीय हो या अन्य ब्लाक का परिस्थिति के अनुरूप शव को मुक्तिधाम तक पहुचाने और उसके अंतिम संस्कार तक ही पूरी व्यवस्था यही करते है। कई बार परिजन नही आते तो मनोज कंवर ही यह नैतिक जिम्मेदारी उठाते हुए अंत्येष्टि की पूरी व्यवस्था करते है। अब तक ये परिजनो के ना आने पर तीन से ज्यादा शव का अंतिम संस्कार भी करा चुके है। इस बीच मनोज एक बार पाजीटीव भी आ चुके है। इसके बाद भी वह रोज अस्पताल में इस काम के लिए आना जाना करते है, अंतिम संस्कार की पूरी व्यवस्था करते है और परिजनो को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसक पूर ध्यान रखते है। वास्वतिक में ये असली कोरोना वारिसर्य है जो संकट के भयावह दौर में भी अपने कर्तव्य और दायित्व का साहस के साथ निर्वहन कर रहे है। इस संबंध में जिला अस्पताल कें सिविल सर्जन डॉ जीएल टंडन ने बताया कि कोरोना संकटकाल में परिजन भी शव के पास जाने से डरते है। ऐसे कठिन समय में भी मनीष यादव सच्चे समाज सेवी के रूप में इस जोखिम भरे काम को करने के लिए तैयार हुए है। इसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। उन्होने कहा कि मनीष को शासन प्रशासन एवं अस्पताल प्रबंधन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### शव वाहन चालक जरा भी नहीं लगाते हाथ

मनीष आगे बताते है कि लोगो में इतना भय है कि कोई बाडी उठाने वाला कोई नही है। परिजन तक आने को तैयार नही होते और आते भी है तो दूरी बनाकर चलते है, कई परिजन तो ऐसे भी जो आना ही नही चाहते, हमे ही अंतिम संस्कार के लिए कह देते है और कुछ परिजन आते है तो वह भी इनते डरे रहते है कि अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार नही होते है। वही शव वाहन के चालक भी शव को हाथ तक नही लगाते है, वह भी दूरी बनाकर चलते है। इस स्थिति में मर्चुरी से कोरोना संक्रमित के शव को वाहन में रखने से लेकर उसे मुक्ति धाम ले जाने और अंतिम संस्कार तक का पूरा काम हम तीनो ही करते है। मनीष ने कहा कि वह जानते है कि भयावह स्थिति में वह जोखिम भरा काम कर रहे है और इसमें खतरा भी है लेकिन वह पीपीकीट पहने से लेकर कोरोना संबंधित सभी गाइडलान का पालन रहे है। इस काम को वे अपना नैतिक और सामाजिम दायित्व मानते है। यह काम उसे नैतिक और सामाजिक दायित्व लगता है।

## भाटापारा विधानसभा को मिलेंगे 2 एम्बुलेंस वैनः सुनील सोनी



**भाटापारा।** स्थानीय रेस्ट हाउस भाटापारा में सांसद सुनील सोनी व विधायक शिवरतन शर्मा की उपस्थिति में विभागीय अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सांसद द्वारा कोरोना संक्रमण काल मे बेहतर तालमेल से कार्य करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में विधायक प्रतिनिधि आशीष जायसवाल की मांग पर भाटापारा विधानसभा के लिए 2 एंबुलैंस वैन की स्वीकृति सांसद द्वारा प्रदान की गयी। कलेक्टर सुनील जैन व सीएमएचओ सोनवानी की उपस्थिति में सांसद व विधायक द्वारा 300 बिस्तर कोविड सेंटर बलौदाबाज़ार का निरीक्षण किया गया। विदित हो कि जल्द ही जिले के नागरिकों को उक्त कोविड अस्पताल का लाभ मिलने लगेगा। क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा की पहल पर भाटापारा व सिमगा को 20-20 अतिरिक्त आक्सीजन बेड की स्वीकृति भी प्रदान की गयी। कोरोना सं मण काल मे सेवा दे रहे सभी डॉ. व अधिकारियों का सांसद सुनील सोनी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अधिक दाम पर किराना सामान बेचने वाले व्यवसायी पर कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ पिथौरा
www.dailypioneer.com



नगर से सटे ग्राम लाहरौद में तय मूल्य से अधिक दाम पर बेचते किराना व्यवसायी पर कार्यवाही। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिथौरा से सटे हुए ग्राम लहरौद की एक दुकान पर खाद्य निरीक्षक सुशीला गबेल एवं नगर पंचायत पिथौरा के कर्मचारियों द्वारा तय दाम से अधिक कीमत पर बेचते पाए जाने पर कार्रवाई की गई है जानकारी के अनुसार चंचल किराना स्टोर के संचालक शंकरलाल अग्रवाल के द्वारा कमल तेल आधा लीटर जिसकी एमआरपी पैंसठ रुपया उस तेल को अस्सी रुपया में विक्रय किया जा रहा था तत संबंध में मौके पर खाद्य अधिकारी सुशीला गबेल एवं नगर पंचायत से शेखर शुक्ल व सोनी के द्वारा मौके पर अधिक कीमत पर समान बेचता पाया गया जिसके बाद शिकायतकर्ता व संचालक का बयान लेकर पंचनामा तैयार किया गया है व आवश्यक कार्रवाई हेतु जांच प्रतिवेदन विभागीय अधिकारी राजस्व को प्रेषित किया गया।

### सोशल समूहों पर छिड़ी बहस

वहीं कुछ लोगों का कहना है कि लॉक डाउन के बाद से कमल का तेल 146 रुपये लीटर खरीदी मूल्य पड़ रहा है जो एमआरपी से अधिक में क्रय किया जा रहा है ऐसे में कालाबाजारी को रोक पाना कहां तक संभव होगा

### नापतोल को विभाग सौंपा जाएगा प्रतिवेदन

एसडीएम राजेश कुमार गोलछा ने बातचीत के दौरान बताया शिकायत प्राप्त हुई थी कि किराना व्यवसायी द्वारा एमआरपी से ज्यादा कीमत पर समान बेचा जा रहा था जिसके बाद आज फूड इंस्पेक्टर सुशीला गबेल व नप की संयुक्त टीम के द्वारा किराना दुकान में कार्रवाई की गई है जिसका प्रतिवेदन कार्यालय में आ चुका होगा जिसे जल्द नापतोल विभाग को सौंपा जाएगा जिसके बाद जुर्माने की कार्यवाही संचालक के विरुद्ध की जाएगी।

# जिले में 8 निजी हॉस्पिटल को मिली कोरोना उपचार के लिए अनुमति

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में कोरोना संक्रमण को बढते हुए देखकर राज्य शासन के निर्देश पर जिले के निजी हॉस्पिटलों को भी कोरोना के उपचार किये जाने हेतु अनुमति प्रदान की गई है। इसके लिए जिले में कुल 8 निजी हॉस्पिटलों को जिला मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा यह अनुमति प्रदान की हैं। इन 8 हास्पिटल में बलौदाबाजार नगर स्थित चंदा देवी तिवारी हास्पिटल एवं गंगा हास्पिटल,कसडोल नरेन्द्र मिश्रा संजवीनी हास्पिटल, बिलाईगढ़ में दक्ष हास्पिटल,भटगांव नगर में एडी. वैष्णव हास्पिटल,सरसींवा में श्रीसतगुरू कृपा हास्पिटल लिमतरा स्थित संजवीनी हास्पिटल एवं सहकारी कोविड केयर हास्पिटल भाटापारा, शामिल किया गया है। अन्य निजी हॉस्पिटल में कोरोना के उपचार हेतु शुल्क निर्धारित जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने बताया कि अपंजीकृत निजी चिकित्सायों में कोरोना के उपचार हेतु राज्य शासन द्वारा शुल्क निर्धारित किया गया है। जो इस प्रकार है नॉन आईसीयू हेतु 6,200 रुपये,आईसीयू बिना वेंटिलेटर के 10,000 रुपये एवं आईसीयू वेंटिलेटर के साथ 14,000 रुपये प्रतिदिन निर्धारित की गयी हैं।इसी प्रकार डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना एवं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत कोरोना हेतु पैकेज के दर निर्धारित की गई है जो कि एचडीयू ऑक्सीजन के साथ 5,500 रुपये, आईसीयू बिना वेंटिलेटर के 7,000 रुपये एवं आईसीयू वेंटिलेटर के साथ 9,000 रुपये प्रतिदिन निर्धारित की गयी हैं। उक्त निर्धारित दर में हाई ड्रग,सीटी स्कैन तथा अन्य टेस्ट शामिल नही हैं। इसका शुल्क मरीजों को स्वयं वहन करना होगा। उन्होंने आगें बताया कि जिले में अनुमति दे दी गई चिकित्सालयों में चंदा देवी तिवारी हास्पिटल बलौदबाजार, नरेन्द्र मिश्रा संजवीनी हास्पिटल कसडोल, दक्ष हास्पिटल बिलाईगढ़, एडी.वैष्णव हास्पिटल भटगांव,डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना एवं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पंजीकृत हैं। इन्ही चिकित्सालायों में योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकतें हैं। लाभ प्राप्त करने हेतु मरीजों को राशन कार्ड तथा आधार कार्ड ले जाना अनिवार्य हैं। निजी चिकित्सालय में मरीज भर्ती उपरांत अनिवार्य दस्तावेज 5 दिनों के भीतर दिखाया जाना अनिवार्य हैं। तभी योजना का लाभ मिल सकेगा साथ ही सतगुरू कृपा हास्पिटल सरसीवां,गंगा हॉस्पिटल बलौदाबाजार, संजवीनी हास्पिटल लिमतरा,सहकारी कोविड केयर हास्पिटल भाटापारा डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना एवं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पंजीकृत नहीं है।

# वृंदावन यादव का निधन



**सरायपाली।** अखिल भारतवर्षीय यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रायगढ़ निवासी वृंदावन यादव नहीं रहे 76 वर्ष की उम्र में इनका एक निजी अस्पताल में निधन हो गया. इन्होंने यादव समाज के हित के लिए हमेशा लड़ाई लड़ी एवं समाज को एक नई दिशा प्रदान की उन्होंने पूरे प्रदेश में 15- 16 वर्षों से यादव समाज को एकता के साथ एक धागे में पिरोया रखा था। यह यादव समाज के साथ-साथ अन्य सामाजिक सांस्कृतिक कार्य मों एवं सुख दुख में आम लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते थे। उन्होंने भूमि विकास बैंक में भी लंबे समय तक कार्य करते हुए सेवानिवृत्त हुए। यह छ.ग. प्रदेश कांग्रेश पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष भी थे। इन्होंने छत्तीसगढ़ी फिल्म फुलवा का भी निर्देशन किया था। इनका निधन रायगढ़ नगर के साथ-साथ छ,ग, यादव समाज के लिए भी अपूर्ण क्षति है। इनके निधन पर श्रद्धांजलि देने वालों में मनोरथ लाल यादव अध्यक्ष फुलझर राज यादव समाज, नरेंद्र कुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, रथ राम यादव, ध्रुव मलिक, युवा यादव समाज शहर अध्यक्ष पवन यादव ,महामंत्री दुर्लभ लाल यादव ,वीरेंद्र यादव, कैलाश यादव, माखन यादव ,गोवर्धन यादव, भजन यादव ,सज्जन यादव, बाला प्रसाद यादव ,प्रेमसाय यादव ,हीरालाल यादव, मिलन यादव ,जगत लाल यादव ,पिंटू यादव, बाबूलाल यादव, वि म यादव, राजाराम यादव, मुकेश यादव, सेत लाल यादव, संपति यादव ,जगत राम यादव ,देवगुन यादव, गंगाजल यादव ,मनोज यादव, योगेश यादव, पिंटू भीम यादव, आनंद राम यादव, सुख लाल यादव, शैलेंद्र यादव आदि ने श्रद्धांजलि दी है।

# हीरा तस्करों को 440 नग हीरे के साथ धर दबोचा

## जिले में हीरा तस्करों के खिलाफ लगातार बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



पुलिस ने हीरा तस्करों को 440 नग हीरे के साथ धर दबोचा। जिले में हीरा तस्करों के खिलाफ लगातार बड़ी कार्यवाही। दो हीरा तस्कर आरोपी एक्टिवा से भागते पकड़े। हीरा तस्करों से 440 नग हीरा 50 लाख रूपये किया गया जप्त। जिले की अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही। पूर्व में 07 प्रकरणों में 672 नग हीरा किया गया है जब्त जिले में अवैध कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी है। जिससे जिले में लगातार अभियान चलाकर हीरा तस्करों, अवैध शराब बिक्री, गांजा विक्रेता एवं जुआ सट्टेबाजो पर नकेल कसी है। जिले में पहली बार 440 नग हीरा कीमती लगभग 50 लाख रूपये दो आरोपी हीरा तस्करों से जप्त कर कार्यवाही की गई है। पूर्व में 07 प्रकरणों में 672 नग हीरा जप्त कर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है। पुलिस कप्तान भोजराम पटेल को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति बहुमुल्य हीरा अपने पास रखकर सफेद रंग की होण्डा एक्टिवा में छुरा-फिंगेश्वर मार्ग होते हुए रायपुर की ओर जा रहे है। मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस कप्तान द्वारा थाना प्रभारी फिंगेश्वर के नेतृत्व में टीम गठित कर नाकाबंदी पाईन्ट लगाने निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी फिंगेश्वर भूषण चन्द्राकर द्वारा बोरिद चौक (फिंगेश्वर) के पास नाकाबंदी पाईन्ट लगाया गया और छुरा की तरफ से आने वाली वाहनों को सघनता से चेक किया गया। चेकिंग के दौरान होण्डा एक्टिवा में सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर हड़बड़ा गये और भागने लगे, जिसे सजगता से घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये दोनों व्यक्ति की तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 440 नग हीरा मिला। आरोपियों से पुछताछ करने पर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नही किया।

जिस पर दोनों आरोपियों सुभाष मंडल पिता गौरंग मंडल उम्र 43 वर्ष साकिन वार्ड नं. 55 टिकरापारा भगत सिंह चौक मिश्र सदन रायपुर थाना टिकरापारा, जिला रायपुर उज्जवल चंन्द्राकर पिता पवन चन्द्राकर उम्र 30 वर्ष साकिन वार्ड नं. 08 एकता चौक दलदल सिवनी मोवा थाना मोवा जिला रायपुर के विरूद्ध थाना फिंगेश्वर में अपराध क्रमांक 91/2021 धारा 379,34 भादवि, 4(21) माइनिंग एक्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से प्राप्त 440 नग हीरा, प्रयुक्त दोपहिया वाहन एवं मोबाईल को जप्त किया गया।

# भाजपा मंडल पिथौरा की वर्चुअल बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ पिथौरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी जिला नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा मंडल पिथौरा द्वारा वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य वर्तमान कोरोना महामारी के विषम परिस्थितियों में कार्यकर्ताओं एवं सदस्यों को सेवा ही संगठन विषय अंतर्गत सेवा कार्यों के लिए अधिक से अधिक प्रेरित करना था। बैठक का शुभारंभ भारत माता के जयघोष एवं महापुरुषों का स्मरण करते हुए किया गया। स्वागत उद्बोधन एवं प्रस्तावना मंडल महामंत्री आशीष शर्मा ने रखा जिसमें बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं एवं समस्त सदस्यों का स्वागत अभिनंदन करते हुए उन्होंने गत वर्ष एवं इस वर्ष के कोरोना काल में भाजपा मंडल पिथौरा के कार्यकर्ताओं के द्वारा किए गए स्वर्णिम एवं ऐतेहासिक सेवा कार्यों का जिक्र किया एवं वर्तमान में किये जाने वाले कार्यों का वर्णन किया। बैठक को सर्वप्रथम संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा शंकर अग्रवाल ने कहा की कोरोना के लक्षण नजर आने पर जांच एवं पात्र लोगों को अधिक से अधिक वैक्सीनेशन हेतु प्रेरित करने के लिए मार्गदर्शन किया एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि आप अधिक से अधिक संक्रमित व्यक्तियों एवं परिवारों की सेवा का कार्य करें,अत्यधिक संक्रमित एवं गंभीर मरीज को हॉस्पिटल जीवन रक्षक दवाइयां एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने अपने हर संभव प्रयास करने की बात कही जरूरतमंद परिवारों को लगातार सूखा राशन एवं सामग्री वितरित करने की बात कही। प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा प्रेमशंकर पटेल ने कहा की अधिक से अधिक सुखा राशन जरूरतमंद परिवारों को बाँटे एवं कार्यकर्ताओं को सावधानीपूर्वक स्वयं सुरक्षित रह कर सेवा कार्य करने कहे, और संक्रमित परिवारों एवं व्यक्तियों के मनोबल एवं उत्साह को लगातार संपर्क में बने रहकर बढ़ाने का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने भाजपा मंडल पिथौरा के कार्यों की प्रशंसा की एवं कहा की हर निर्देशों एवं कार्यों को सफलता पूर्वक बढ़-चढ़कर अंजाम देने वाला यह मंडल निश्चित ही सेवा ही संगठन के लक्ष्य को एक मिसाल बनकर संपूर्ण जिला में प्रस्तुत करेगा। उन्होंने कोरोना रोकथाम में हर मामले में विफल प्रदेश की बघेल सरकार की जमकर आलोचना की और कहा कि ऐसे समय में जहां शासन अपने जवाबदारीयों को पूरा करने में विफल हो रही है वहां आज भाजपा कार्यकर्ताओं को जनता के मध्य जागरूकता लाकर संक्रमित व्यक्ति एवं परिवारों के लिए बढ़-चढ़कर सुरक्षित रहते हुए कार्य करने की जरूरत है। महासमुंद जिला संगठन प्रभारीजगन्नाथ पाणिग्रही ने मुख्यतः जन जागरण,फोन पर चर्चा एवं सेवा इन तीन बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी को कोरोना रोकथाम हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कोरोना के प्रति जन जागरण,केंद्र सरकार द्वारा जरूरतमंद परिवारों के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किये जाने वाले सहयोग,गरीब परिवार के साथ साथ कोरोना पीड़ित परिवार की सेवा इन सभी बातों को जनता के सामने रखने के लिए आह्वान किया।

**18 से 44 वर्ष के सभी अंत्योदय कार्डधारी अनिवार्य रूप से टीका लगवाएं**

# टीकाकरण के धीमी गति पर कलेक्टर ने जतायी चिंता

### अब तक 18 से 44 उम्र के 212 हितग्राहियों का लगा टीका

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिलें में कोरोना संक्रमण के बीच कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने कोविड टीकाकरण की धीमी गति को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की हैं। उन्होंने कहा कि 18 से 44 वर्ष के सभी अंत्योदय राशन कार्डधारियों के हितग्राहियों का टीकाकरण एवं 45 वर्ष से अधिक उम्र के को-माबिर्ड मरीजों के टीकाकरण की गति जिलें में अच्छी नहीं हैं। इसे हम सबको मिलकर तेजी प्रदान करना हैं। यह केवल प्रशासन के भरोसे नही हो सकता इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि गण,समाजसेवी संगठन के सदस्य, मीडिया के सभी पत्रकार बंधुओं,सभी समाजों के मुखिया,सभी पंथ एवं धर्म गुरुओं सहित गणमान्य नागरिकों के सामूहिक प्रयास से ही संभव हो पाएगा। इसके लिए सभी से आग्रह हैं कि आप अपनें अपनें क्षेत्रों में अपने आसपास टीकाकरण के लिए पात्रधारी लोगों को प्रेरित करें। टीकाकरण ही कोरोना से बचनें का उपाय कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने कहा कि आप सभी वैक्सीन को लेकर कही जा रही अफवाहों एवं भ्रामक प्रचार से बचें। वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित हैं। वर्तमान समय मे कोरोना से बचने एवं संक्रमण की गति में कमी लानें के लिए टीकाकरण एक मात्र प्रभावी एवं प्रमाणिक उपाय हैं। अतः आप सभी अपनें नजदीकी स्थित टीकाकरण केंद्र जाकर टीका अवश्य लगावें। हम सब की सतर्कता एवं जागरूककता से ही कोरोना से बचा जा सकता हैं। इसके साथ ही लॉकडॉउन के दौरान अपने आसपास के गरीब निर्धन व्यक्तियों की यथा संभव मदद अवश्य करें।

18 से 44 वर्ष के सभी अंत्योदय राशन कार्ड धारियों हितग्राहियों के टीकाकरण संबंध में जानकारी देतें हुए जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने बताया कि कल पहले दिन 6 टीकाकरण केंद्रों में महज कुल 63 हितग्राहियों का टीकाकरण किया गया हैं। जिसमें अर्जुनी में 16, भाटापारा में 28, कसडोल 9, बिलाईग? 8 एवं कोसमंदी में 2 हितग्राहियों को टीका लगाया गया। साथ ही सिमगा में किसी भी व्यक्ति ने टीका नही लगाया। उसी तरह आज शाम 4 बजें तक कुल 149 हितग्राहियों का टीकाकरण हुआ हैं। जिसमें आज बलौदाबाजार विकासखण्ड के अंतर्गत मोहतरा में 10, चक्रपाणि बलौदाबाजार नगर 10, अर्जुनी 10 कसडोल विकासखण्ड अंतर्गत कसडोल नगर 8,कटगी 10, छरछेद 19,पलारी विकासखण्ड अंतर्गत नगर भवन पलारी 0, छेरकापुर 3,भाटापारा विकासखण्ड अंतर्गत मेन हिंदी स्कूल में 20, हथनीपारा 9, मयूर स्कूल में 10,सिमगा नगर 10, बिलाईगढ़ 30 हितग्राहियों का टीकाकरण हुआ हैं। समाचार लिखें जानें तक टीकाकरण की प्रक्रिया जारी थी।

**टीकाकरण से पूर्व कोविड टेस्ट जरूरी- डॉ खेमराज सोनवानी**

तीसरें चरण के वैक्सीनेशन के दौरान टीकाकरण केंद्रों में वैक्सीन लगाने के पूर्व सभी हितग्राहियों का एंटीजन कोविड टेस्ट कराया जा रहा हैं। जिससे किसी हितग्राही को घबराने एवं डरने की जरूरत नही हैं। भारत सरकार एवं आईसीएमआर गाइडलाईन के अनुसार यह प्रक्रिया अपनायी जा रहीं हैं। और यह एक एहतियात के तौर पर उठाया गया कदम हैं। ताकि किसी भी संक्रमित व्यक्ति को टीका ना लगाये जाए। टीकाकरण केंद्रों में संक्रमित व्यक्ति की पहचान होने पर उनकी स्थिती के अनुसार उन्हें तत्काल दवाइयों का निःशुल्क किट मुहैया कराई जा रहीं हैं एवं होम आइसोलेशन में रहने की सलाह भी दी जा रहीं है।

गौरतलब है कि संक्रमित व्यक्ति को टीकाकरण नही करनें के निर्देश आईसीएमआर ने दिए हैं। संक्रमित व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ होकर बाद में अपना टीकाकरण करा सकतें हैं।

# मुख्यमंत्री बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से ली ग्रामीण क्षेत्रों की जानकारी

## कोरोना लक्षण वाले लोगों को प्रारंभिक चरण में ही कोविड का टीका प्रदान करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जशपुर जिले के कांसाबेल विकास खण्ड के मितानीन सम्पत्ति बाई, इंद्रावती चैहान एवं बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता कृष्ण कुमार मरावी से ग्रामीण इलाको में कोविड-19 संक्रमण की स्थिति और संक्रमितों के उपचार एवं उनके स्वास्थ्य के बारे में चर्चा करते हुए दवाई की उपलब्धता और कोरोना संक्रमण की सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी उपस्थित थे एवं जशपुर जिले के कांसाबेल विकास खण्ड के एसडीएम ज्योति बबली कुजूर, जनपद सीईओ कांसाबेल एल.एन. सिदार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संध्या रानी टोप्पो, खण्ड शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मितानिनों एवं ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा कोरोना संक्रमित लोगों के जीवन रक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सक को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर की रोकथाम और संक्रमित मरीजो की जीवन रक्षा में राज्य की मितानिन बहनें देवी के रूप में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना नियंत्रण में कार्य कर रहे सभी हेल्थ केअर वर्कर की सुरक्षा आवश्यक है। इसलिए उन्होंने सभी मितानिनों को आवश्यक रूप से मास्क एवं सेनेटाईजर उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही संक्रमित होने पर उनका प्राथमिकता से इलाज कराने की बात कही। मुख्यमंत्री ने शासन द्वारा कोरोना संक्रमितों को प्रारंभिक तौर पर दी जाने वाली दवाओं के किट के वितरण आदि के बारे में मितानिनों से पूछा और कहा कि दवा देने के साथ-साथ मरीजों का नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना जांच भी कराया जाना सुनिश्चित करें। जनपद पंचायत कांसाबेल के शांतिनगर की मितानिन इंद्रावती चैहान ने बताया कि वह 130 घरों की देखभाल करती है। उसके क्षेत्र में 12 कोरोना मरीज पाए गए है। जिनमें से 7 कोविड केयर सेंटर में भर्ती हैं एवं 5 होम आइसोलेशन में रहकर दवाएं ले रहे हैं। जिन्हें उनके द्वारा कोविड किट प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा लोगों के घर-घर जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है एवं कोविड के लक्षण वाले लोगों को प्रारंभिक चरण में ही तत्काल कोविड किट प्रदान की जा रही हैं। साथ ही चिकित्सक होम आइसोलेशन में रह रहे सभी मरीजों से नियमित रूप से संपर्क कर स्वास्थ्य की जानकारी लेते है। उसने बताया कि इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रो में कोविड लक्षणग्रस्त लोगों की पहचान कर उन्हें तत्काल दवाएं देने से संक्रमण को रोकने में मदद मिल रही है। इसी प्रकार ग्राम मुसकुटी बढ़ाईकटोली की मितानीन सम्पत्ति बाई ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया की वह 21 घरों की देखभाल करती है। उसके क्षेत्र में अभी कोई भी कोरोना संक्रमित मरीज नही है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा नियमित रूप से लोगों को मास्क के उपयोग एवं सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करने की समझाइश दी जाती है। बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता कृष्ण कुमार मरावी ने अपने क्षेत्र में कोरोना मरीजों के उपचार और उनके स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए बताया कि उसके क्षेत्र की कुल जनसंख्या 1939 है। जहाँ अब तक 12 कोविड मरीज मिले है। जिनमे 8 कोविड केयर सेंटर में एवं 4 होम आइसोलेशन में रह कर इलाज करा रहे है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा कोरोना मरीजों उनके परिजनों और प्राइमरी कांटेक्ट में आने वाले सभी लोगों को चिन्हित कर उन्हें कोविड किट दी जा रही है । सभी लोग होम आइसोलेशन में हैं। और सब की स्थिति सामान्य है। उन्होंने बताया कि यहाँ जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा आपस मे समन्वय स्थापित कर अच्छा कार्य किया जा रहा है। उनके द्वारा नियमित रूप से लोगो का कोविड जांच एवं वैक्सीनेशन किया जा रहा है। जिले के ऐसी स्थिति बन रहने पर जल्द ही जिले में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में आ जाएगी।

# छत्तीसगढ़ में भी पत्रकारों को फ्रंट लाइन वर्कर का दर्जा दिया जाए : रामचंद्र शर्मा

## कोरोना से अब तक करीब 10 पत्रकारों की हुई मौत

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में अब तक कोरोना से दस से ज्यादा पत्रकारों की जान जा चुकी है फिर भी सरकार व्दारा पत्रकारों को फ्रंट लाईन वर्कर नहीं माना गया और न किसी परिवार को कोई मदद की गयी है। यह फिल्ड में काम करने वाले पत्रकारों के लिए चिंता की बात है कि यदि वे संक्रमित हो गए तो उनके परिवार का क्या होगा जिला प्रेस एसोसियेशन रायगढ़ ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पत्रकारों को तत्काल फ्रंट लाईन वर्कर का दर्जा दिए जाने के साथ ही पत्रकारों को कोरोना पीड़ित होने पर निशुल्क इलाज व पांच लाख की आर्थिक मदद दिए जाने कि मांग की है। अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र में कहा कि ओड़िसा, पश्चिम बंगाल, व म.प्र ने पत्रकारों को फ्रंट लाइन वर्कर का दर्जा दिया है। उसी तरह छत्तीसगढ़ में पत्रकारों को भी यह सुरक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा की प्रेस जुड़े सभी वर्करों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए चाहे वे हॉकर हो या पेस्टर, ग्राफिक मैन, मशीन मेंन या फोटो ग्राफर, रिपोर्टर, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी कर्मचारी, एवं वेब मीडिया के कर्मचारी हो। सभी को बिना किसी भेदभाव के कोविड 19- टीकाकरण के लिए फ्रंट लाइन वर्कर की श्रेणी में शामिल किया जाए। ताकी महामारी के इस दौर में पत्रकार सरकार के साथ अपनी भूमिका का बेहतर निर्वहन कर सके। देश में पत्रकार ही है जो कोरोना सक्रमण के खतरों से लोगों को जागरूक कर रहे हैं और सरकार प्रशासन व जनता के बीच संवाद की स्थिति कायम करने में आपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। रामचंद्र शर्मा ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल संवेदनशील मुख्यमंत्री हैं।

## समाज सेवी ने कोविड केयर सेंटर होली क्रॉस के मरीजों को दान की कूलर



**जशपुरनगर।** कुनकुरी के समाज सेवी राधेश्याम जिन्दल ने कोविड केयर सेंटर होलीक्रॉस के मरीजों के एक कुलर प्रदान किया। ताकि मरीजों को गर्मी के मौसम में लाभ मिल सके। इस अवसर पर कुनकुरी एसडीएम रवि राही, तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी और नायब तहसीलदार नागेश तान्जेय उपस्थित थे।

## कोविड मरीजों को भोजन उपलब्ध कराने नगर की धार्मिक संस्था श्री गुरु दादू द्वारा ट्रस्ट ने भी हाथ बढ़ाया



**रायगढ़।** रायगढ़ की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री गुरु दादू द्वारा ट्रस्ट के द्वारा भी कोरोना महामारी को देखते हुए सात दिनों तक रोज रात का भोजन कोविड मरीजों को उपलब्ध कराने के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। इसी सिलसिले में रामलीला मैदान स्थित श्रीगुरु दादू द्वारा ट्रस्ट के मंदिर परिसर में सेवकों द्वारा 100 लोगों की भोजन की व्यवस्था की गई है। ये जानकारी अध्यक्ष सुरेश सावड़ीया, सचिव पवन सावड़ीया द्वारा दी गई। इस 100 पैकेट भोजन पैकेट तैयार खुद श्रीगुरु दादू द्वारा ट्रस्ट के राजेश दयाल, प्रमोद सावड़ीया, कमलेश रतेरिया, कौशल सावड़ीया, विराज सावड़ीया द्वारा की जा रही है।

## कलेक्टर ने किया टीकाकरण केंद्र सारधा का आकस्मिक निरीक्षण

# जिले में अब तक 1 लाख 40 हजार 873 लोगो ने लगवाया टीका

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी.एस एल्मा द्वारा कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए 45 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों के लिए संचालित टीकाकरण केंद्र का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने जिले के विकास खण्ड लोरमी के ग्राम सारधा में संचालित टीकाकरण केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जनपद पंचायत लोरमी के मुख्य कार्य पालन अधिकारी श्रीमती प्रीति पवार से टीकाकरण के प्रगति के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर कलेक्टर एल्मा ने कहा है कि टीका लगवाने से किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की गंभीर समस्या नहीं हुई है और टीकाकृत समस्त व्यक्ति पूरी तरह से सामान्य जीवन जी रहे है। उन्होंने पात्रता रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं के लिए, परिवार के लिए और समाज की सुरक्षा के लिए टीका लगवाने की सलाह दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए 45 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों द्वारा टीका लगवाया जा रहा है। इन लोगो द्वारा शासन की दिशा-निर्देशों और सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए मास्क का उपयोग कर कतारबद्ध होकर टीका लगवाया जा रहा है। जिले में 16 जनवरी से 01 मई तक 45 वर्ष से अधिक उम्र के 1 लाख 40 हजार 873 लोगों ने सभी औपचारिकताएं पूरी कर कोविड-19 का टीका लगवाया। इनमे प्रथम डोज लगवाने वाले 1 लाख 40 हजार 873 और द्वितीय डोज लगवाने वाले 10 हजार 963 लोग शामिल है।

01 मई से 18 से 44 वर्ष के अन्त्योदय कार्ड धारी हितग्राही को सोमवार को 587 टीका लगा। अब तक प्रथम डोज 1117 लोगो को टीका लगवाया। सोमवार को कुल 854 लोगो ने टीका लगवाया।

# जिले में लॉकडाउन के दौरान भी ग्रामीणों को नियमित रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है रोजगार

**मरनेगा के माध्यम से जिले में आज 52540 मजदूरों को उपलब्ध कराया गया रोजगार**

**कार्यस्थल पर कोविड-19 गाईडलाईन का किया जा रहा है पालन**

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के.एस.मण्डावी के दिशा-निर्देश में जशपुर जिले में लागू लॉकडाउनके दौरान भी विभिन्न विकासखण्डों में ग्रामीणों को मनरेगा के तहत् नियमत रूप से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। मनरेगा योजनांतर्गत आज जिले में कुल 52540 ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। जिसके अतंर्गत् विकास खण्ड बगीचा में 14415 , दुलदुला में 4474, जशपुर में 6453, कांसाबेल में 7151, कुनकुरी में 6508 , मनोरा में 4071, पत्थलगांव में 4871, एवं फरसाबहार में 4597 ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। जिला प्रशासन का उद्देश्य मनरेगा के माध्यम से स्थानीय लोगो को उनके निवास के पास ही रोजगार उपलब्ध कराना है और उन्हें कार्य के लिए अनावश्यक न भटकना पड़े। साथ ही सभी मनरेगा कार्य स्थल पर मास्क उपयोग सहित अन्य कोविड-19 गाईडलाइन का भी पालन किया जा रहा है। ग्रामीणों को इस हेतु जागरूक भी किया जा रहा है।

# पत्थलगांव के कोविड केयर सेंटर में 19 मरीज उपलब्ध कराए गए आक्सीजन कंसंट्रेटर का लाभ उठा रहे हैं

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन में कोविड केयर सेंटर में मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं निरंतर पहुंचाई जा रही है। साथ ही जिले के कोविड केयर में मरीजों की सुविधा अनुसार आक्सीजन कंसंट्रेटर भी उपलब्ध कराया गया है ताकि मरीज इसका उपयोग कर सकें और जल्द स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें कोविड केयर सेंटर पत्थलगांव में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर से कोविड-19 पॉजिटिव मरीज को ऑक्सीजन दिया जा रहा है. ज्ञात हो कि जसपुर जिले में डीएमएफ से कुल 80 कंसंट्रेटर मंगाए गए हैं जिनका की उपयोग चालू हो गया। कलेक्टर ने बताया कि मरीजों की सुविधा अनुसार स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर की जा रही। जिन कोविड केयर सेंटर में बेड बढ़ाने की आवश्यकता वहां बढ़ाया जा रहा है। समाज सेवी स्वयं सेवी संस्थाओं का भी सहयोग जिला प्रशासन को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का अमला और स्वास्थ्य विभाग का अमला निरंतर मरीजों को मदद पहुचा रहे हैं। साथ ही लोगों से अपील की जा रही है ।कोरोना के संभावित लक्षण दिखाई देने पर अपने नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर अपना कोरोना टेस्ट करवाएं और पाजिटिव आने पर कोविड केयर सेंटर में भर्ती होकर स्वास्थ्य अधिकारी की नियमित निगरानी में कोरोना दवाई लेने के साथ उपचार लेना तत्काल शुरू कर दें।

ताकि समय रहते कोरोना संक्रमण से मुक्त हो सके। उन्होंने कहा कि जिनका नेगेटिव आता है। वे लोग भी शासन के नियमों का गंभीरता से पालन करें और किसी पाजिटिव मरीज के सम्पर्क में आ गए हैं ।तो तत्काल कोरोना दवाई लेकर होम आइसोलेशन में रहे।

# कोरोना मरीजों को एडमिशन न देने वाले अस्पतालों पर की जाएगी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली द्वारा जारी किये गए नए प्रोटोकाल अनुसार एवं राज्य के वरिष्ठ डाक्टरों की अनुशंसा पर कोविड के ईलाज हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा नया प्रोटोकॉल जारी किया गया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली एवं आईसीएमआर की अनुशंसा अनुसार निर्देश जारी किए गए हैं कि रेमेडीसिविर, टोसीलिजुमाब एवं प्लाज्मा थेरेपी का उपयोग केवल अस्पतालों में ही किया जाए। इन दवाओं को प्रिस्काइब करने वाले डाक्टर की यह जिम्मेदारी होगी कि वह इन दवाओं के संबंध में मरीज की आवश्यकता का आकलन कर लें एवं यह भी सुनिश्चित कर ले कि मरीज को अन्य कोई बीमारी जैसे किडनी रोग, ह्दय रोग, कैंसर आदि तो नहीं, यह दवाएं अभी एक्सपेरीमेंटल दवाएं हैं। अतः इन दवाओं को किसी भी मरीज को देने से पूर्व मरीज के परिजन से इन्फार्ड कंसेन्ट प्राप्त करना अनिवार्य होगा। साथ ही राज्य सरकार ने यह भी निर्देश दिए है कि इन दवाओं के उपयोग के संबंध में राज्य चिकित्सा परिषद द्वारा दवाओं के उपयोग की ऑडिट की जाएगी एवं बिना किसी कारण ऐसी दवाएं प्रिस्काईब करने वाले डाक्टर के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**बिस्तर होने पर भी मरीजों को एडमिशन नहीं देने पर कार्यवाही की जाएगी**

राज्य सरकार ने आदेश जारी किया है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर द्वारा 5 अलग-अलग दल बनाए जाएगें, जो कि निजी अस्पतालों का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि पोर्टल पर बेड उपलब्धता की जानकारी अद्यतन रहे एवं बेड उपलब्ध होने की स्थिति में किसी भी मरीज को भर्ती होने से वंचित न होना पड़े। यह भ्रमण दल अस्पतालों में मरीजों से मिल यह भी ज्ञात करेंगे कि अस्पताल द्वारा मरीजों को भर्ती से वंचित तो नहीं किया जा रहा। यदि कोई अस्पताल मरीज को बेड उपलब्ध होने के बावजूद भर्ती करने से इंकार करता है।

## जशपुर के भण्डारटोली, तपकरा, पत्थलगांव के बिलडेगी व पतरापाली एवं कांसाबेल के दोकड़ा पुसरा में पाए गए कोरोना पाजीटिव

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे ने कोरोना वायरस संक्रमण को नियंत्रण करने एवं इस फैलाव को दृष्टिगत रखते हुए जिले के क्षेत्रों को कंटनमेंट जोन घोषित किया है। जिसमें जशपुर विकासखंड के ग्राम भण्डारटोली में 7, जषपुर के तपकरा में 7, कांसाबेल के दोकड़ा में 18, एवं पुसरा में 13, पत्थलगांव के ग्राम बिलडेगी में 14 पत्थलगांव के के ग्राम पतरापाली में 07 व्यक्तिों के कोरोना पॉजीटिव प्रकरण पाए जाने पर उक्त क्षेत्र के निर्धारित परिधि 07 दिवस के लिए कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। जिसमें जषपुर विकासखंड के ग्राम भण्डारटोली के उत्तर दिषा में सुषील के मकान तक, दक्षिण दिशा में दिगम्बर सिंह के मकान तक, पूर्व दिषा में आर.टी.ओ बेरियर तक, पश्चिम दिशा में राजेष मेडिकल स्टोर तक, जशपुर के ग्राम तपकरा के उत्तर दिषा में बसंत के मकान तक, दक्षिण दिषा में जगदीष के मकान तक, पूर्व दिषा में प्रभुदास के मकान तक, पष्चिम दिषा में नंदराम के मकान तक, कांसाबेल के ग्राम दोकड़ा के उत्तर दिषा में कम्हार बस्ती तक, दक्षिण दिषा में सोनार बस्ती हलधर सोनार के मकान तक, पूर्व दिषा में देवरी मार्ग तक, पष्चिम दिषा में मुख्य मार्ग तक, कांसाबेल के पुसरा के उत्तर दिषा में नरियर डांड चैक तक, दक्षिण दिषा में शिव मंदिर तक, पूर्व दिषा में जयराम के मकान तक, पश्चिम दिषा में ससारूकछार रोड राजेन्द्र के मकान तक, पत्थलगांव के ग्राम बिलडेगी के उत्तर दिशा में अभीरसाय के मकान के पास तालाब तक, दक्षिण दिशा में शोभित के मकान तक, पूर्व दिशा में धरमसाय के मकान तक, पश्चिम दिशा में गुरवारू पैंकरा के मकान तक एवं पत्थलगांव के पतरापाली के उत्तर दिषा में मोदनो यादव के मकान तक, दक्षिण दिषा में सड़क तक, पूर्व दिशा में अरूण अग्रवाल के प्लाट तक, पष्चिम दिषा में राजाराम के मकान तक के निर्धारित परिधि को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है।

**हसौद पुलिस की लगातार छापेमारी कार्यवाही को देख कच्ची महुआ शराब कारोबारियों में दहशत का माहौल**

# हसौद पुलिस की कार्यवाही 50 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ ढाबा संचालक को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



हसौद थाना प्रभारी पुष्पराज साहू द्वारा अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत चल रहे अवैध हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब के कारोबार पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए 4 मई के दरमियान 50 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी युवक को धर दबोचा गया तथा मामले में गिरफ्तार 29 वर्षीय आरोपी युवक राजेंद्र प्रसाद भारद्वाज के विरुद्ध आबकारी एक्ट की अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही करते हुए उक्त अपराध में आरोपी द्वारा प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जप्त कर मामले की आरोपी को जेल दाखिल किया गया। वही इस संबंध में हसौद पुलिस ने बताया कि हसौद थाना क्षेत्र अंतर्गत चल रहे उक्त अवैध कारोबार पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारियों द्वारा सख्त निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन मे हसौद पुलिस द्वारा जगह-जगह मुखबिर की तैनाती की गई है जिसके परिणामस्वरूप 4 मई 2021 को मुखबीर जरिए सूचना प्राप्त हुआ कि थाना क्षेत्र के ग्राम अमोदा का न्यु फेमली ढाबा संचालक राजेन्द्र प्रसाद पिता जादुराम भारद्वाज अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिकी.करने के लिये अपने सोल्ड मोटरसाइकिल हीरों स्प्लेण्डर प्लस में भारी मात्रा में हाथ भट्ठी का कच्ची महुआ शराब ग्राम बरेकेलकला के तरफ से ग्राम अमोदा की ओर ले कर जा रहा है मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त होने पर मामले की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी द्वारा तत्काल एक टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताए गए ठिकाने पर घेराबंदी कर धर दबोचा गया तथा रेड कार्यवाही की गई पुलिस छापेमारी कार्यवाही के दौरान उक्त आरोपी युवक के कब्जे से एक जूट के बोरा अंदर सफेद रंग के पन्नी में रखे 50 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 5000/रु बरामद हुआ जिसे जब्ती पत्रक में जप्त कर आरोपी द्वारा उक्त अपराध में प्रयुक्त मो0सा0 हीरो स्प्लेण्डर प्लस सोल्ड कीमती 80000/ रूपये कुल जुमला कीमती 85000/ रूपये को समक्ष गवाहन के जब्त किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से 4.मई को उक्त आरोपी युवक को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## असम के बरबेटा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी की जीत में रायगढ़ विधायक व टीम की मेहनत रंग लाई



**रायगढ़।** असम राज्य के बरबेटा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अब्दुर रहीम अहमद ने 42618 मतों से रिकॉर्ड जीत हासिल की। उनकी इस जीत में रायगढ़ के युवा विधायक प्रकाश नायक व उनकी टीम की मेहनत रंग लाई। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी अहमद के लिए विधायक प्रकाश नायक के नेतृत्व में नगर निगम रायगढ़ के एल्डरमैन चंद्रशेखर चौधरी, पार्षद आरिफ हुसैन,पूर्व पार्षद पंकज पटेल, विधायक प्रतिनिधि गणपति पाढ़ी एवं कांग्रेस के युवा नेता लोकेश देवांगन टीम ने चुनावी प्रचार-प्रसार किया था। बरबेटा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर प्रत्याशी अब्दुर रहीम अहमद के लिए प्रचार कर क्षेत्र के मतदाताओं से मतदान करने की अपील की थी। चुनाव परिणाम में अब्दुर रहीम अहमद ने 42618 मतों से जीत हासिल की। जिस पर विधायक प्रकाश नायक ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें जीत की बधाई दी। नव निर्वाचित विधायक अहमद ने रायगढ़ विधायक व उनकी टीम को चुनाव के दौरान किए गए सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि आप सभी लोगों के सहयोग से यह जीत मिली है। इसका श्रेय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और मेरे विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को जाता है।

## अंत्योदय कार्ड वालों को वैक्सीन लगाने में गरीब परिवारों को मिल रही राहत



**मुंगेली।** जिले में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए निःशुल्क कोरोना टीका लगाए जाने की शुरूआत 1 मई से शुरू हो गई है। टीकाकरण के लिए अंत्योदय राशनकार्डधारियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी तारतम्य में आज सरदार पटेल वार्ड के कुमारी संगीता पटेल, शत्रुहन पटेल, सोमेश चौहान और रवि पटेल ने शहरी स्वास्थ्य केंद्र में पहुँचकर कोविड-19 का अपना प्रथम डोज का टीका लगवाया। इस अवसर पर सरदार पटेल वार्ड की पार्षद श्रीमती मोना नागरे ने कोविड-19 का टीका लगवाने पर उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पार्षद नागरे ने कहा कि कोरोना को हराने का एक मात्र उपाय टीकाकरण है। उन्होंने कहा कि लोगो को डरने की जरूरत नही है, आप अपने नजदीकी टीकाकरण क्रेंद में जाकर स्वयं की, परिवार की एवं समाज की सुरक्षा के लिए टीका अवश्य लगवाएं।

## संपादकीय

# कोरोना का संकट, खराब हुई छवि

**कोरोना** महामारी के कारण दुनिया भर में भारत की छवि को भारी धक्का लगा है। समय आ गया है कि हम दुनिया को अपनी असली शक्ति दिखा दें। विदेशी मीडिया ने कोविड-19 को सनसनी की तरह पेश कर हमें दुनिया अश्पृश्य जैसा बना दिया है। महामारी फैलने के कारण नई दिल्ली से हवाई संपर्क तोड़ लिए गए हैं और भारत इस समय ऐसी चुनौती का सामना कर रहा है जैसी स्वतंत्रता के बाद बहुत कम आई है। किसी महामारी, विदेशी आक्रमण या घरेलू अव्यवस्था के कारण आर्थिक मंदी का कुछ समय सामना करना एक बात है, लेकिन इस आयाम की विभीषिका का सामना करना एकदम अलग है। बढ़ते मामलों और मौतों के कारण स्वाभाविक रूप से विदेशी मीडिया ने अपना फोकस ट्रंप युग की समाप्ति के बाद अमेरिका में मची अफरातफरी के बाद अब भारत पर कर लिया है। ट्रंप अपने कार्यकाल में खबरों की भूखी मीडिया को काफी मसाला देते रहते थे, पर अब महामारी पर नियंत्रण के बाद व्हाइट हाउस पर मीडिया का ज्यादा ध्यान नहीं है और वैश्विक खबरिया मीडिया ने अपना ध्यान तेज घटनाक्रम वाले भारत की ओर मोड़ दिया है। फुटपाथों पर मर रहे मरीजों, कुत्तों के श्मसान में अंतिम संस्कार, अस्पतालों में बिस्तरों व आक्सीजन सिलिंडरों की कमी तथा ब्लैक मार्केट में 10 गुना दाम पर बिक रहे रेमेडेसेविर इंजेक्शनों की दुःखद खबरों ने मीडिया में जगह बना ली है। कुछ राज्यों द्वारा सोशल मीडिया पर सूचना साझा करने के खिलाफ तुगलकी आदेशों से मामला और खराब हो गया है। महाकुंभ और विधानसभा चुनावों ने विदेशी मीडिया को धर्म और राजनीति का एक काकटेल परोस दिया है।

संदेहवादी विदेशी मीडिया कवरेज को पूर्वाग्रही व षडयंत्र से प्रेरित कह सकते हैं, पर तथ्य यह है कि पश्चिमी मीडिया अपनी प्रकृति से साधारण चीजों को सनसनीखेज तरीके से पेश करता है। ऐसे में वे यह अवसर क्यों छोड़ेंगे जहां सभी प्रकार की चीजें हैं। इसके परिणामस्वरूप दर्जनों देशों ने भारत से संपर्क काट लिए हैं और अपने नागरिकों को घर लौटने के लिए कहा है। बिगड़ते स्वास्थ्य ढांचे और अराजकता के कारण भारत को आज अश्पृश्य देश की तरह देखा जा रहा है। यह वही देश है जो कोरोना-पूर्व के दिनों में दुनिया की महाशक्तियों के लिए चुनौती के रूप में उभरा था। लेकिन कोरोना ने जल्दी ही इस छवि को एकदम उलट दिया है। विदेशी मीडिया में हो रही बहस में ज्यादातर ध्यान सुशासन के कथित अभाव पर दिया जा रहा है, वहीं इस तथ्य को अनदेखा किया गया है कि सड़कों पर चलने वाले लोग भी वायरस के प्रसार के लिए समान रूप से जिम्मेदार हैं।

यह स्पष्ट है कि हम भारतीय प्रोटोकालों और निर्देशों का पालन तभी करते हैं जब इनको दंडात्मक उपायों के माध्यम से हमारे ऊपर थोप दिया जाता है। ऐसे में यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण है कि हमारे नेताओं ने भी आत्मानुशासन का उदाहरण नहीं पेश किया है। लेकिन इसमें कुछ भी नया नहीं है। भारत इस समय एक गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है, जिसमें नेताओं और आम जनता को एकसाथ आ कर उपयुक्त कदम उठाने चाहिए तथा यह छवि बदलने का प्रयास करना चाहिए। विश्व समुदाय को सही संदेश देने के लिए मजबूत राजनीतिक एकता स्थापित करना अत्यधिक दूरगामी कदम होगा। समय आ गया है कि सभी पार्टियों को समझना होगा कि देश उनके राजनीतिक लक्ष्यों से बड़ा है। वे और केवल वे ही जनता को लामबंद कर सकते हैं कि दुनिया में हमारी खराब हो रही छवि ठीक करने की दिशा में उचित कदम उठाए जाएं।

# छोटी फर्मों को प्रोत्साहन देना आवश्यक

## न केवल छोटी फर्मों को धन मुहैया कराने के लिए बल्कि वित्तीय संसाधनों के प्रबंधन में उनकी मदद करने अनुकूल नीतियां बनाने की आवश्यकता है।



**हिमा बिंदु कोटा**
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)



**किसी** भी व्यवसाय की जीवन रेखा वित्त है। धन का आवंटन और उपयोग - तकनीकी रूप से पूंजी बजट के रूप में जाना जाता है - किसी भी व्यवसाय के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक निर्णयों में से एक है। लेकिन क्या यह निर्णय बड़ी कंपनियों की तुलना में छोटी कंपनियों के लिए अलग है? बड़े उद्यमों की तुलना में छोटे उद्यमों में पूंजी का आवंटन अक्सर अधिक महत्वपूर्ण होता है - पूंजी बाजारों तक उनकी कमी को देखते हुए - क्योंकि गलती को ठीक करने के लिए आवश्यक धन उपलब्ध नहीं हो सकता है। इसके अलावा, बड़ी कंपनियां कई परियोजनाओं के लिए पूंजी आवंटित करती हैं, इसलिए एक में गलती दूसरों में सफलता से ऑफसेट हो सकती है। जबकि पूंजी निवेश छोटी फर्मों के लिए एक प्रासंगिक क्षेत्र है, पिछले चार दशकों के दौरान किए गए अधिकांश अध्ययनों में बड़े उद्यमों के पूंजीगत बजट निर्णयों पर ध्यान केंद्रित किया गया है और छोटे संगठनों के लिए समान सबूत मौजूद नहीं हैं। इसलिए, छोटे व्यवसायों के पूंजी बजट प्रथाओं के बारे में बहुत कम जाना जाता है। दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं में छोटी कंपनियों के अनुपात और महत्व को देखते हुए और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए संसाधनों के अधिक कुशल उपयोग के लिए उनकी निरंतर प्रेरणा के लिए, छोटी कंपनियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली विधियों पर जानकारी की निश्चित आवश्यकता होती है ताकि उनकी दुर्लभ पूंजी जमा और आवंटित की जा सके। लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई) क्षेत्र किसी भी बढ़ती अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसे विकास के इंजन के रूप में पहचाना जाता है - लगभग 70 प्रतिशत रोजगार और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में महत्वपूर्ण योगदान। इस क्षेत्र के योगदान को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से देखा जा सकता है, जो दर्शाता है कि यह विनिर्माण सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 6.11 प्रतिशत और सेवाओं से सकल घरेलू उत्पाद में 24.6 प्रतिशत योगदान देता है। इसके अलावा, भारत से कुल निर्यात में इसकी 45 प्रतिशत हिस्सेदारी है और लगभग 120 मिलियन लोगों को रोजगार प्रदान करता है। यह 8,000 से अधिक विविध उत्पादों का विनिर्माण करता है, जिसमें कम-तकनीकी वस्तुओं से लेकर तकनीकी रूप से उन्नत वाले भी शामिल हैं। विश्व स्तर पर, दुनिया के सभी उद्यमों का 99.7 प्रतिशत एसएमई है और शेष 0.3 प्रतिशत बड़े पैमाने पर उद्यम हैं। भारत में एसएमई क्षेत्र में सभी औद्योगिक इकाइयों का 95 प्रतिशत हिस्सा है। चूंकि यह क्षेत्र किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर रूप से महत्वपूर्ण है, इसके अस्तित्व के लिए उचित वित्तीय प्रबंधन का अत्यधिक महत्व है। यह एक ज्ञात तथ्य है कि वित्तीय समस्याएं अक्सर छोटे व्यवसायों की विफलता का एक प्रमुख कारण होती हैं। दो प्रमुख समस्याएं, अंडरकैपिटलाइजेशन और बाहरी वित्त सहायता प्राप्त करने में कठिनाई, अक्सर खराब वित्तीय प्रबंधन से संबंधित होती हैं। गरीब और कुछ मामलों में पारंपरिक ऋण देने के स्रोतों से लाभ उठाने के लिए उचित वित्तीय रिकॉर्ड रखने वाली छोटी फर्मों की कमी है क्योंकि ये व्यवसाय उनकी वित्तीय व्यवहार्यता को प्रदर्शित नहीं कर सकते हैं। स्टार्ट-अप चरण में कई एसएमई, एक व्यवसाय के संचालन की लागत को कम करते हैं और इस प्रकार नकदी प्रवाह और आवश्यक परिचालन पूंजी की मात्रा का प्रबंधन करने में विफल होते हैं। कई अध्ययनों ने एसएमई प्रदर्शन और विशिष्ट वित्तीय प्रथाओं के बीच सहयोग के अस्तित्व को स्थापित करने का प्रयास किया है। सबूत बताते हैं कि एसएमई द्वारा सफल वित्तीय प्रदर्शन का वित्तीय मामलों के प्रभावी प्रबंधन, जैसे कि नियोजन, वित्तीय रिकॉर्डों का रखरखाव, बाहरी वित्त प्राप्त करना, पेशेवर वित्त सलाह और अन्य कारकों के साथ एक सकारात्मक जुड़ाव है। पूंजी बजट सिद्धांत कुछ मान्यताओं पर आधारित है जैसे सभी सकारात्मक शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) परियोजनाओं में निवेश करके और नकारात्मक एनपीवी वाले लोगों को अस्वीकार करके शेयरधारकों के धन को अधिकतम करना; और संपूर्ण वित्तीय बाजारों तक पहुंच, यह सभी मूल्य वर्धित परियोजनाओं को वित्त करने की अनुमति देता है। हालांकि, छोटी कंपनियों के लिए इन धारणाओं की प्रयोज्यता संदिग्ध हो सकती है। पृथक्करण सिद्धांत, जिसमें कहा गया है कि निवेश के निर्णयों को शेयरधारकों के स्वाद और वरीयताओं से स्वतंत्र किया जा सकता है, बारीकी से आयोजित और छोटे व्यवसायों के लिए नहीं है। एनपीवी तकनीक के तहत, अगर एनपीवी सकारात्मक है, तो यह स्वीकार कर लिया जाता है, अगर नकदी बहिर्वाह भविष्य के नकदी प्रवाह के मौजूदा मूल्यों से कम है, जो पूंजी की फर्म की लागत पर छूट देता है। हालांकि, चूंकि छोटी फर्मों के शेयर आसानी से बाजार में नहीं आते हैं, इसलिए छोटे व्यवसायों में बाजार निर्धारित छूट दरें अनुचित हैं। बड़ी और छोटी कंपनियों के लिए पूंजीगत बजट के बीच सबसे महत्वपूर्ण अंतर यह है कि पूर्व के निर्णयों में स्टॉकहोल्डर्स के दृष्टिकोण से स्वतंत्र रूप से किया जा सकता है, लेकिन बाद में, यह आवश्यक है कि मालिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल हों। छोटी कंपनियों को पूंजी बाजार से धन जुटाने में भी कठिनाई होती है। वास्तव में, इक्विटी और दीर्घकालिक फंडों की कमी देश में एसएमई के विकास को रोकती है। इसके अलावा, अनुसंधान से पता चलता है कि छोटी कंपनियां अपनी सूचना-अपारदर्शिता और मजबूत बैंकिंग संबंधों की कमी के कारण बैंक ऋणों का उपयोग करने में सक्षम नहीं हैं। इसके अलावा, कुछ छोटे उद्यमों के लिए, सार्वजनिक मुद्दे के माध्यम से धन जुटाना असंभव है और दूसरों के लिए यह निषेधात्मक रूप से महंगा हो सकता है। उपर्युक्त नकदी की कमी छोटे उद्यमों को किसी भी संभावित आकर्षक निवेश अवसर के लिए पर्याप्त नकदी संतुलन बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करती है। यद्यपि एसएमई क्षेत्र समग्र अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख तरीके से योगदान देता है, पिछले चार दशकों में वित्तीय अनुसंधान ने खुद को बड़े संगठनों द्वारा पसंद की जाने वाली पूंजी बजट तकनीकों को समझने तक सीमित कर दिया है और एनपीवी, आंतरिक दर वापसी (आईआरआर) जैसे परिष्कृत उपकरणों के उपयोग का अध्ययन किया है। ), लाभप्रदता सूचकांक (पीआई) और पेबैक जैसे आसान उपकरण। भारत में 333 छोटी फर्मों पर किए गए एक शोध में, यह स्पष्ट हो गया कि देश में छोटे व्यवसाय पूंजी निवेश सिद्धांत द्वारा अनुशंसित लोगों की तुलना में संभावित निवेश का विश्लेषण करने के लिए कम परिष्कृत तरीकों को नियुक्त करते हैं। विशेष रूप से, सर्वेक्षण के परिणाम बताते हैं कि ये फर्म कैश फील, पेबैक अवधि और रिटर्न की लेखांकन दर की तुलना में कम कैश डिस्काउंट फ्लो (डीसीएफ) विश्लेषण का उपयोग करती हैं। हालांकि 46 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास पेशेवर डिग्री है, वे आर्थिक रूप से साक्षर नहीं हो सकते हैं और उनकी छोटी प्रबंधन टीम एक पूंजी बजट विश्लेषण करने के लिए पर्याप्त सक्षम नहीं हो सकती है। इसके अतिरिक्त, डीसीएफ तकनीकों को लागू करने के लिए एक बाहरी सलाहकार को नियुक्त करना छोटी कंपनियों के लिए महंगा साबित हो सकता है। चूंकि पूंजी परियोजनाएं आकार में अपेक्षाकृत छोटी होती हैं, इसलिए उनका विश्लेषण करने की लागत को बनाए रखना किफायती नहीं हो सकता है। इससे पता चलता है कि छोटी परियोजनाओं के साथ छोटी फर्मों को समझ में आ सकता है जब वे कम परिष्कृत तकनीकों पर या मालिकों के सहज एहसास पर निर्भर करते हैं। चूंकि छोटी फर्में बुनियादी अस्तित्व से संबंधित हैं, वे नकदी-उन्मुख होते हैं और इसलिए पेबैक तरीकों पर जोर दे सकते हैं। छोटे व्यवसाय के मालिक भी तत्काल भविष्य से परे पूर्वानुमान बनाने में सहज नहीं हैं क्योंकि वे नकदी प्रवाह और पूंजी बजट में अधिक अनिश्चितता का सामना करते हैं। शिक्षा, सरकार की नीतियों और वास्तविक व्यापारिक दुनिया के बीच एक अंतर मौजूद है। पारंपरिक व्यावसायिक शिक्षा ज्यादातर बड़ी फर्मों के वित्तीय प्रबंधन पर केंद्रित है। हालांकि, प्रमुख ध्यान अब छोटे व्यवसायों के वित्तीय प्रबंधन में स्थानांतरित करना है। इसके अलावा, अनुकूल नीतियों को न केवल छोटी फर्मों को धन प्रदान करने के लिए, बल्कि उन्हें धन के प्रबंधन में मदद करने के लिए भी तैयार किया जाना है।

# 'पीडीएस' का सिद्ध मूलमंत्र है 'महागरीब के सबसे करीब', संदर्भ युवा टीकाकरण



**उमेश मिश्र,**
संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन तथा संवाद के एडिशनल सीईओ






छत्तीसगढ़ में 18 साल से ऊपर व 44साल तक युवाओं को कोविड से बचने का टीका निःशुल्क लगाने का निर्णय लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक ओर जहां न्याय की नई दिशा खोल दी है ,वहीं हर हालत में टीकाकरण की शुरुआत कर के यह संदेश भी दे दिया है कि युवाओं का जीवन सुरक्षित करने के काम वे पीछे नहीं हट सकते,चाहे कितनी भी मुश्किलों का सामना करना पड़े । छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने निर्णय के अनुसार 50 लाख डोज टीकों का आदेश दे दिया,इसके विरूद्ध पहली खेप में महज़ एक लाख तीन हजार डोज उपलब्ध होने की स्थिति बनी।टीका निर्माता कंपनियों ने बताया कि संपूर्ण आदेश की आपूर्ति करने को लेकर कोई निश्चित निकट समय सीमा बताना मुश्किल है ।ऐसी स्थिति में एक तार्किक निर्णय लेने की जरूरत थी कि किया क्या जाए ? जरूरत के पचासवें हिस्से की उपलब्धता से न्यायोचित वितरण कैसे हो?

सवाल जब वितरण का हो तो इसके लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दशकों में विकसित, परिष्कृत, प्रचलित पद्धति निश्चित तौर पर एक सुसंगत और निर्विवाद तरीका है,जिसे बहुत सही सोच के साथ छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनाया है।

यदि जरूरत का पचासवां हिस्सा टीका उपलब्ध हो तो एक विचार ये हो सकता है कि विवाद के डर से अभियान शुरू ही ना किया जाए और जितने लोगों को राहत मिल सकती है,उसे भी लंबित रखा जाए। लेकिन क्या ऐसा करना उचित होता ,हालाकि कई राज्यों ने ऐसा भी किया है।इसके विपरीत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनहित के उच्च मापदंडों का पालन करते हुए अन्त्योदय परिवारों को प्राथमिकता देने का फैसला किया।

एक बार यह समझ लिया जाए कि अन्त्योदय परिवार का मतलब क्या है तो शायद ही कोई ऐसा होगा जो इस फैसले का स्वागत नहीं करेगा, बल्कि चाहेगा कि अपनी तरफ से और भी कोई मदद कर आए। वास्तव में अन्त्योदय परिवार समाज का वह तबका है जिसकी व्यथा हृदय को द्रवित कर देती है और इंसानियत के तकाजे को जगाती आई है। अन्त्योदय परिवार का आधार जात-पात नहीं बल्कि दुख,दर्द,हताशा, निराशा से उपजी प्राणांतक पीड़ा है । इसलिए तकनीकी तौर पर जानना जरूरी है कि माननीय उच्चतम न्यायालय और भारत सरकार के दिशा निर्देशों के आधार पर देश के विभिन्न राज्यों को अपने कार्यक्षेत्र में आर्थिक व सामाजिक रूप से सर्वाधिक कमजोर लोगों की श्रेणी बनाई जाती है।

इन्हीं मापदंडों पर छत्तीसगढ़ राज्य में भी अन्त्योदय परिवारों का निर्धारण किया गया है।इसी परिप्रेक्ष्य में 'छत्तीसगढ़ खाद्यान्न एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम -2012' के अध्याय-7 में साफ तौर पर परिभाषित किया गया है कि अन्त्योदय परिवारों, प्राथमिकता वाले परिवारों तथा विशेष कमजोर सामाजिक समूहों की पहचान कैसे की जाए ? इन चिन्हित परिवारों को सामान्य बोलचाल में महागरीब भी कहा जाता है।एक बार इस सूची को देख लिया जाए तो पता चल जाता है कि इन परिवारों का ध्यान रखना सर्वोच्च प्राथमिकता क्यों है।

### अन्त्योदय परिवार कहलाने के लिए पात्रता इस प्रकार है-

(क) केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर यथा अधिसूचित विशेष कमजोर जनजाति समूह के समस्त परिवार
(ख) समस्त परिवार जिसके मुखिया विधवा अथवा एकाकी महिला हैं
(ग) समस्त परिवार जिसके मुखिया लाइलाज बीमारी से पीड़ित हैं
(घ) समस्त परिवार जिसके मुखिया एक निःशक्त व्यक्ति हैं
(ड.) समस्त परिवार जिसके मुखिया 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के हैं जिनके पास आजीविका के सुनिश्चित साधन या सामाजिक सहायता नही ह
(च) समस्त परिवार जिनके मुखिया विमुक्त बंधुआ मजदूर है
(छ) परिवार का कोई अन्य समूह जैसा कि विहित किया जाए।उदाहरण के लिए आवासहीन व्यक्ति या परिवार

इस सूची को देखकर यह भी स्पष्ट होता है कि यह सामान्यतःजाति,धर्म,वर्ण,वर्ग पर आधारित नहीं है ।यह सिर्फ और सिर्फ आर्थिक विपन्नता पर आधारित उन लोगों की सूची है ,जो अपनी देखभाल या स्वावलंबन में असमर्थ हैं और कहीं से मदद लेकर जीवन निर्वाह करना उनकी विवशता है, मजबूरी है।

क्या एक लोकतांत्रिक देश और कल्याणकारी राज्य व्यवस्था में सरकार का यह कर्तव्य नहीं है कि वह इन लोगों की हिफाजत करे? क्या ऐसे महागरीबों की चिंता करने को पक्षपाती होना कहा जाएगा?अगर ऐसा होगा तो इंसानियत की जरूरत ही क्या है? सबसे बड़ी बात यह है कि अन्त्योदय परिवारों से किसकी प्रतिस्पर्धा हो सकती है? इन मुसीबत के मारों का तो किसी जाति-धर्म से कोई लेना-देना ही नहीं है। फिर ऐसा कोई कैसे कह सकता है कि इनको मदद करके कोई पक्षपात हो रहा है।

## फरमाया



**उत्तर** प्रदेश में जो हो रहा है वह मानवता के विरुद्ध अपराध से कम नहीं है और मुख्य चुनाव अधिकारी भी साथ में शामिल हैं।

**- प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेता



**संकट** के पिछले बीते दौर में भारत ने अन्य देशों की मदद करने के मामले में विशालहृदयता का परिचय दिया है और अब भारत की समस्या खत्म करने में सहयोग देने की जिम्मेदारी अन्य देशों की है।

**- एंथनी एस फॉसी**
अमेरिकी मुख्य चिकित्सा सलाहकार



**अपने** साहस एवं वंचितों की सेवा करने के लिए किए जाने वाले प्रयासों के चलते गुरु तेग बहादुर जी सारे विश्व में सम्मान के पात्र हैं। उन्होंने तानाशाही एवं अन्याय के विरुद्ध झुकने से इनकार कर दिया।

**- नरेंद्र मोदी** प्रधानमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## भारत-जापान संबंध

**हाल** ही में जापान के प्रधानमंत्री और भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने उच्च प्रौद्योगिकी कौशल विकास और कोविड-19 बीमारी से लड़ने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इसमें महामारी से उत्पन्न चुनौतियों को दूर करने के लिए भारत जापान सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला गया यह हमारे लिए एक बहुत अच्छी खबर है इससे दोनों देशों के संबंधों को नई मजबूती मिलेगी। साथ ही साथ दोनों देशों के बीच 5त्र सबमरीन केबल औद्योगिक प्रतिस्पर्धा को और मजबूत करने के साथ ही अन्य विकास परियोजनाओं के विविधीकरण में भी यही सहयोग की संभावनाएं है। इसके साथ ही भारत और जापान के बीच बहुत सारे भागीदारी समझौते हुए हैं जिससे कि दोनों देशों को अपनी अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में स्थिति मजबूत करने में सहायक है और भारत को वह हर क्षेत्र में तरक्की प्रदान योग्य हैं। हमारे लिए एक बहुत अच्छी खबर है। अधिक सहयोग और सहभागिता दोनों देशों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। भारत और जापान दोनों ही उभरती अर्थव्यवस्था है और दोनों को अपने समावेशी विकास की ओर ध्यान देना होगा इसके लिए भारत जापान संबंधों में मजबूती एक बहुत ही अच्छी बात है।

**- सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

## वाहन ध्यान से चलाएं

**बढ़ती** सड़क दुर्घटनाओं में लापरवाही के कारण जान माल की हानि होती है, जिसे कई वर्षों से रोकने हेतु प्रयत्न किये गए मगर दुर्घटनाएं कम नहीं हुई। सड़क पर चलते हुए या गाड़ी चलाते हुए मोबाइल पर बात कर रहे लोगो की आए दिन दुर्घटना की खबर पढ़ने को आती है। अधिकांश लोग वाहन चलाते समय चालक अपने मोबाइल को कान और कंधे के बीच दबाकर बातचीत करते हुए वाहन चलाते है उनका ध्यान बातचीत पर ही ज्यादा रहता ही। पीछे हार्न देने वाले की भी वो सुनते नहीं ऐसे में दुर्घटना संभव है। शराब पीकर के वाहन न चलाएं ,सर पर हेलमेट अवश्य पहने चाहे थोड़ी दूर जाना हो तब भी। इसके अलावा यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें। तहसील स्तर और जिला स्तर पर जहां यातायात का दबाव ज्यादा हो वहां पर मुख्य चौराहों पर यातायात सिग्नल अवश्य लगाए जाना चाहिए। ताकि यातायात व्यवस्थित हो सकें। मोबाइल एवं स्वयं की सुरक्षा के साथ दूसरों का भी ख्याल रखे। परिवार के लोग आप के घर आने की राह देख रहे हैं। सुरक्षित चलें ,लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के लिए निर्धारित गति से ज्यादा गति में वाहन चलाना ,एवं यातायात के नियमों का पालन नही करने से दुर्घटनाएं होती हैं।

**- संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

## स्पुतनिक वरदान

**देश** में कोरोना संक्रमण के आंकड़े गतिमान अवस्था मे होते जा रहे है। कोरोना से त्रस्त जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित है। इस बीच रूसी वैक्सीन स्पुतनिक -वी की पहली खेप भारत मे मिलने से पुनः वेक्सीनेशन गतिमान अवस्था मे आएगा। भारत मे इस कोरोना काल मे 3 वैक्सीन को मौजूदगी से निश्चित ही कोरोना संक्रमण महामारी में नियंत्रण के आसार नजर आएंगे। भारत मे रूस के राजदूत ने कहा कि स्पुतनिक कोरोना के नए स्ट्रेन पर भी प्रभावी है। बहुत अच्छी और राहत भरी पहल है कि कोरोना में स्पूतनिक वरदान साबित होगी। वैसे देश मे कोरोना संक्रमण महामारी को परास्त करने के लिए एडी से चोटी तक कि जोर आजमाइश की जा रही है। निश्चित ही कोरोना को जल्द से जल्द परास्त किया जाएगा। बस कमी है लोगो की समझदारी की वो अगर कुछ समय अपने आप को साध ले ,बेवजह घर से बाहर नही निकले , मास्क की ,और दो गज दूरी की अनिवार्यता को समझ ले तो हम अतिशीघ्र ही कोरोना से मुक्त हो सकते हैं।

**- योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

# बीएसपी मेडिकल टीम के समर्पण की कहानी-कोरोना मरीजों की जुबानी

## बीएसपी का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग बना कार्मिकों के लिए जीवनदायिनी

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

कोरोना काल में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, संयंत्र कार्मिकों के लिए जीवनदायिनी साबित हुई है। संयंत्र के कार्मिको, अधिकारियों तथा उनके परिजनों के कोविड से प्रभावित गम्भीर मरीजों के जीवन बचाने में भी जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र ने सार्थक प्रयास किए हैं। इन प्रयासों का नतीजा है कि इन गम्भीर मरीजों का जीवन बचाया जा सका। इन गम्भीर मरीजों के प्रारंभिक जाँच व इलाज करते हुए इनकी स्थिति का अवलोकन कर, इन्हें बेहतर मेडिकल ट्रीटमेंट प्रदान किया गया है। जिसके फलस्वरूप इनका जीवन बचाना संभव हो सका। आज हमने ऐसे ही कोविड के गम्भीर मरीजों से बातचीत की, जिन्होंने बीएसपी के सेक्टर-9 अस्पताल में अपना इलाज कराया है।



### बीएसपी अस्पताल के त्वरित इलाज से मिला नया जीवन-अमल

संयंत्र के कोकओवन विभाग के तकनीशियन (मेकेनिकल) अमल कुमार परिडा का कोविड टेस्ट पॉजिटिव पाया गया। उसके पश्चात उन्हें होम आइसोलेशन में रहने की हिदायत दी गई। परन्तु कुछ दिनों बाद उनका ऑक्सीजन लेवल डाउन होने लगा जिसके फलस्वरूप उन्हें बीएसपी के जेएलएन अस्पताल के एच-4 वार्ड में भर्ती किया गया। बीएसपी अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीज के गम्भीरता को देखते हुए तत्काल ऑक्सीजन लगाकर इलाज प्रारंभ किया। अमल बताते है कि उनके क्रिटीकल सिचुऐशन को देखते हुए बीएसपी के डॉक्टरों ने तत्काल आईसीयू में शिफ्ट कर उनकी गहन चिकित्सा प्रारंभ की। परिडा, अपने दृढ़ इच्छाशक्ति एवं डॉक्टरों की मेहनत से कोविड को हराकर बाहर आए। अमल का कहना है कि वे बीएसपी के जेएलएन अस्पताल के डॉक्टरों, विशेषकर डॉ. त्रिनाथ दास व पैरा-मेडिकल टीम का आजीवन आभारी रहेंगे। जिन्होंने मेरी गम्भीरता को समझकर मेरे इलाज में त्वरित निर्णय लिया और प्रारंभ में ही मेरा अविलम्ब चिकित्सा शुरू कर दी।

बीएसपी चिकित्सकों के निर्णय का नतीजा है कि मैं इस गम्भीर स्थिति से बाहर आ पाया। आज मेरे जीवन को बचाने में बीएसपी प्रबंधन तथा बीएसपी के चिकित्सा बिरादरी द्वारा किए गए प्रयासों का मैं तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूँ। जिसके चलते मुझे नया जीवन मिला।

### डॉक्टरों व मेडिकल स्टाफ के समर्पण को सलाम : देशमुख

इसी क्रम में हमने कोविड से संक्रमित हुए बीएसपी कार्मिक के परिजन कपिका देशमुख से बातचीत की। देशमुख ने बताया कि कोविड पॉजिटिव आने के पश्चात् वे होम आइसोलेशन में थे। परन्तु तीसरे दिन वे घर पर बेहोश हो चुकी थी, उनका ऑक्सीजन लेबल गिरने लगा। जिसके फलस्वरूप उन्हें तत्काल सेक्टर-9 के कैजुअल्टी ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने त्वरित जाँच कर स्थिति की गम्भीरता को समझते हुए उन्हें ऑक्सीजन पर रखा और अस्पताल में बने कोविड वार्ड में भर्ती कर दिया गया। इन दिनों मेरी स्थिति की निरन्तर निगरानी की जाती रही और डॉक्टरों ने मेरी स्थिति को देखते हुए रेमडेसिविर का इजेक्शन लगाने के साथ-साथ एक्स-रे आदि कर मुझे बेहतरीन इलाज प्रदान किया। मैं बीएसपी के डॉक्टरों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ, जिन्होंने रात में ही मेरी स्थिति की गम्भीरता को समझते हुए मेरा इलाज तत्काल प्रारंभ कर दिया। साथ ही निरंतर मॉनिटरिंग करते रहे। बीएसपी के डॉक्टरों तथा नर्सों ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया। जब भी कोई बुजुर्ग मरीज ठीक होता तो वे उसका उदाहरण देकर मेरा मनोबल बढ़ाते, उनके चौमुखी प्रयास से मुझे जीवनदान मिला। मैं बीएसपी के डॉक्टरों व मेडिकल स्टाफ के समर्पण को सलाम करती हूँ।

### बीएसपी अस्पताल ने किया बेहतरीन इलाज : प्रधान

सेक्टर-1 निवासी, कादम्बनी प्रधान ने बताया कि मुझमें कोविड के लक्षण दिखाई दे रहे थे परन्तु मेरा कोविड टेस्ट नेगेटिव आया। कुछ दिनों के भीतर मेरा ऑक्सीजन लेवल गिरने लगा। मुझे तत्काल सेक्टर-9 अस्पताल में ले जाया गया। मुझे तुरन्त ऑक्सीजन दिया गया और आवश्यक इलाज प्रारंभ कर दिया गया। मेरा सीटी स्केन किया गया जिससे हाई-कोविड होने की पुष्टि हुई। मैनें बीएसपी कोविड वार्ड के संबंध में अनेक अफवाहें सुन रखी थीं। परन्तु यहाँ पर किए गए उत्कृष्ट चिकित्सा ने इन सारी अफवाहों को झूठा साबित कर दिया। मैं 8 दिनों तक बीएसपी अस्पताल के कोविड वार्ड में भर्ती रही। इन दिनों में मुझे बेहतरीन इलाज प्रदान किया गया। साथ ही मुझे बीएसपी चिकित्सकों तथा उनकी टीम के कार्यों को नजदीक से देखने का मौका मिला। मैं उनके प्रतिबद्धता को प्रणाम करती हूँ। इनके प्रयासों के फलस्वरूप ही आज मै क्रिटीकल स्थिति से बेहतर स्थिति में आ चुकी हूँ। बीएसपी डॉक्टरों तथा पैरामेडिकल स्टॉफ ने अपने जान को जोखिम में डालकर हम मरीजों की बेहतरीन सेवा की है। जिनके परिश्रम के फलस्वरूप आज मैं कोविड संकट से बाहर आ पाया हूँ। मैं बीएसपी मेडिकल टीम को दिल से धन्यवाद देता हूँ।

# घर पर रहकर ही जीतेंगे कोरोना से जंग, कलेक्टर ने की अपील

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने आम जनता से कोरोना वायरस से बचाव के लिये घर पर रहकर हर संभव सावधानी बरतने की अपील की है। कोरोना से बचाव के लिए लागू होने वाले प्रतिबंधों को मानने और जिला प्रशासन के प्रयास को सफल बनाने की अपील लोगों से की है। तायल ने कहा है कि कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिये सबसे बेहतर उपाय घर पर रहकर ही इसके प्रभाव में आने से स्वयं को बचाना ही है। उन्होंने लोगों को अनावश्यक यहाँ-वहाँ जाने से बचने तथा सार्वजनिक रूप से इकट्ठा होकर भीड़ जैसी स्थिति नहीं बनाने की सलाह दी है। कलेक्टर ने कहा है कि हम सभी आपसी सहयोग से घर पर रहकर ही कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ेंगे और कोरोना से जंग जीतेंगे। तायल ने कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर सोशल मीडिया सहित अन्य संचार माध्यमों में प्रसारित होने वाली कथित भ्रामक सूचनाओं से भी सावधान रहने की अपील आम नागरिकों से की है।



उन्होंने इस तरह की किसी भी सूचना को बिना आधिकारिक पुष्टि के सोशल मीडिया में वायरल नहीं करने की भी सलाह लोगों को दी है। कलेक्टर ने सभी व्यक्तियों से यह अपील भी की है कि अधिक संख्या में लोगों का एक स्थान पर जमाव रोका जाये। अति आवश्यक होने पर ही सामाजिक कार्यक्रमों को सादगीपूर्ण तरीके से एवं कम लोगों की उपस्थिति में आयोजित किया जाये। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए संक्रमित व्यक्ति के निकट में आने से बचें, अपने हाथ साबुन से बार-बार धोते रहें, ऑख व नाक को छूने से बचें, सामान्य सर्दी, खांसी, बुखार आने पर तत्काल चिकित्सक की सलाह लें, खांसते-छींकते समय रूमाल का उपयोग किया जाये तथा हाथ मिलाने से बचें। कलेक्टर ने अति आवश्यक होने पर ही घर से निकलने, घर से निकलते समय मुंह तथा नाक को मास्क या अन्य किसी कप? से अच्छी तरह ढंकने और बाहर पर्याप्त सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की भी अपील बेमेतरा जिलेवासियों से की है।

# सांसद विजय बघेल के प्रयासों के बाद पहुंचा पानी शुद्ध करने का केमिकल वाहन, आज से चालू हो जाएगा भिलाई टाउनशिप में पानी सफाई का काम

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



जगह जगह तथा अन्य प्रतिबंधों की वजह से वाहन को यहां आने में हुई दो दिनों की देरी। साफ पानी के लिए मंगाया गया केमिकल वाहन जगह-जगह नाइट कर्फ्यू और महामारी के संकट के चलते देर से पहुंचा, शनिवार को पहुंचने वाला ट्रक पहुंचा सोमवार सुबह, भिलाई टाउनशिप के लोगों को एक दो दिनों के भीतर साफ पानी मिलने लगेगा। पानी को साफ करने वाला केमिकल अब यहां पहुंच गया है। यह केमिकल यहां शनिवार तक पहुंचने वाला था लेकिन जगह-जगह नाइट कर्फ्यू तथा कोरोना महामारी के प्रभाव की वजह से इसकी गाड़ी आने में देरी हुई। यह वाहन दो दिन की देरी से आज सोमवार को यहां पहुंचा है। जानकारी के अनुसार वाहन को यहां पहुंचने में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए सांसद विजय बघेल को भी हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने उस वाहन को शीघ्र यहां पहुंचाने के लिए विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की जिसके बाद केमिकल वाला वह वाहन आज यहां पहुंच सका है। इसके बाद उम्मीद की जा रही है कि लोगों को एक-दो दिनों के भीतर शुद्ध जल मिलने लगेगा।

प्राप्त जानकारी अनुसार भिलाई टाउनशिप में तांदुला नहर से आ रहे गंदे पानी की सफाई के लिए केमिकल कलकत्ता केमिकल प्लांट से मंगाया गया है। उसे ऑर्डर के अनुसार शनिवार सुबह तक यहां टाउनशिप में पहुंचना था। परंतु जगह-जगह नाइट कर्फ्यू और करोना महामारी के कारण केमिकल लदे उस ट्रक को टाउनशिप तक पहुंचने में कई बाधाएं आ रही थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद भिलाई के लोगों की समस्याओं को समझते हुए, साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए सांसद विजय बघेल ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए उक्त केमिकल वाले टैंकर को शीघ्र यहां पहुंचाने के लिए विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। बताया जाता है कि उसके बाद उक्त केमिकल वाहन के यहां पहुंचने का रास्ता साफ हो सका। नाइट कर्फ्यू तथा अन्य बाधाओं की वजह से इस वाहन के यहां पहुंचने में और देरी होने की आशंका थी। ऐसे में शहर वासियों को गंदे पानी की समस्या से ज्यादा दिन तक जूझना पड़ता। कहा जा रहा है कि सांसद बघेल के प्रयासों के बाद यह केमिकल वाहन सुगमता के साथ शीघ्र यहां पहुंच सका। सांसद बघेल इस प्रयासों के लिए बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने उन्हें धन्यवाद दिया है। केमिकल पहुंच जाने के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी की सफाई का कार्य शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। उम्मीद है कि 1 से 2 दिन के अंदर पानी साफ कर नगर वासियों को साफ पानी वितरण किया जाने लगेगा।

# कोरोना पाजिटिव के अधिक प्रकरण आने की वजह से नेहरू नगर, सेक्टर-7 एवं सेक्टर-10 में बनाये गए कंटेनमेंट जोन

**दुर्ग।** सोशल मीडिया में नेहरू नगर, सेक्टर-7 एवं सेक्टर-10 में कंटेनमेंट जोन बनाये जाने के संबंध में सोशल मीडिया में




कुछ भ्रामक एवं गलत जानकारियाँ वायरल हुई हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर ने इसका खंडन किया है और लोगों से ऐसी भ्रामक जानकारियों से बचने की अपील की है। साथ ही ऐसी किसी भ्रामक जानकारी को प्रसारित नहीं करने की अपील भी की है। उन्होंने बताया कि कंटेनमेंट जोन बनाने का निर्णय सैंपलिंग के आधार पर पाजिटिव आने वाले मामलों की संख्या के आधार पर निर्धारित होता है। अनुपात से अधिक पाजिटिव आने पर संक्रमण की रोकथाम सुनिश्चित करने कंटेनमेंट जोन बनाये जाते हैं यह प्रोटोकाल के तहत किया जाता है और नेहरू नगर, सेक्टर-7 एवं सेक्टर-10 में भी इसी के चलते कंटेनमेंट जोन बनाने का निर्णय लिया गया। सोशल मीडिया में इसे लेकर कुछ गलत जानकारियाँ वायरल हुई हैं यह प्रशासन के संज्ञान में आया है। डॉ. ठाकुर ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि कोविड को लेकर भ्रामक जानकारियों से बचें। किसी भी तरह की दुविधा होने पर कंट्रोल रूम में संपर्क करें ताकि वस्तुस्थिति की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

# लॉकडाउन से किसान परेशान

## विषम परिस्थितियों में दुर्ग जिले की जनता और किसान : रामधार शर्मा

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



वर्तमान के लॉकडाउन में महंगाई के कारण आम जनता त्रस्त है किसान पस्त है और बिचौलिए मस्त है वर्तमान परिस्थितियों में सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं, लेकिन इनका फायदा बिचौलिए को हो रहा है। आम जनता, किसान पहले ही देश मे अनिश्चिततापूर्ण मंदी की मार झेल रहा है। वहीं इस बार पुनः कोरोनावायरस के भयानक आक्रमण से बचने लॉकडाउन लगाए जाने के कारण उनकी कमर ही तोड़ दी। हालॉकि देश व राज्यों में कोरोना वायरस तेज गति से लोगों को संक्रमित कर रहा है। ऐसे में सरकार द्वारा लॉकडाउन लगाया जाना उचित है। परंतु राज्य में आज आम नागरिकों सहित किसान वर्ग चिंतित है। उनका भी ध्यान सरकार को रखना चाहिए। आज महंगाई इस कदर बड़ी है कि 20 से 30 रुपये किलों में बिकने वाली सब्जी आज 60 से 70 रुपये के बीच बिक रही है। यही सब्जियां बिचौलिए किसान से 5 से 10 रुपये में खरीद कर किसानों को औने- पौने में बेचने को मजबूर कर रहे हैं ।

बताते चले कि वर्तमान लॉक - डाउन में सभी उद्योगपतियों, व्यापारियों को नुकसान हुआ है लेकिन सबसे अधिक नुकसान उठाने वाला किसान ही है, चाहें वह मौसम की मार हो या सरकारी आदेश। किसानों को धान गेहूं एवं सब्जियों में नुकसानों का सामना करना पढ़ा है । इस स्थिति को देखते हुए इस वर्ष 2020-21 में जो भी छोटे बड़े किसानों ने कृषि कार्य हेतु कर्ज़ लिए हुए हैं, उसको सरकार द्वारा माफ किया जाए, यही नहीं किसानों के हितों को लेकर सरकार कोई उचित कदम उठाए। छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक सब्जी फसल उगाने वाले दुर्ग जिला को वर्तमान परिस्थितियों में काड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


# इंदु आईटी के समीप नाले में चैन माउंटेन लगाकर की गई सफाई

## चौड़ीकरण एवं संधारण के लिए तैयार किया जा रहा प्राक्कलन

**दुर्ग।** गुरविंदर सिंह वार्ड क्रमांक-9 साकेत नगर भिलाई निवासी द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय एवं भिलाई निगम प्रशासन से इंदु आईटी के नजदीक नाले के चौ?ीकरण एवं सफाई के संबंध में आग्रह किया गया था। उन्होंने वार्ड क्रमांक-10 एवं 16 के बीच स्थित इंदु आईटी के समीप नाला में बरसात के दिनों में नाले से ओवरफ्लो होने की आशंका जताते हुए इसके सफाई कराने तथा नाला के पक्कीकरण का आग्रह किया था। संबंधित जोन के आयुक्त एवं अधिकारियों ने तत्काल मौके पर अपनी टीम के साथ पहुंचकर, आवेदक गुरविंदर सिंग की उपस्थिति में इंदु आईटी के समीप के नाला व इससे गुजरने वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया। आवेदक की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए नाला एवं आसपास की सफाई के लिए चैन माउंटेन लगाकर सफाई प्रारंभ कर दी गई है। नाला के आसपास एवं आगे लगभग 700 मीटर का क्षेत्र सकरा होने के कारण इसकी चौड़ीकरण कराने एवं पुल टूटने के कारण इसके संधारण की आवश्यकता को देखते हुए अतिशीघ्र प्राक्कलन तैयार किया जाएगा। प्राक्कलन शासन को प्रेषित कर इसकी सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर अग्रिम कार्रवाई शीघ्र की जाएगी।

# तालाबों में हो रहा है जलभराव, आमजन को ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी में होगी सहूलियत

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



भिलाई निगम क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु में पानी की आवश्यकता को देखते हुए तालाबों के आसपास की सफाई कराकर जलभराव किया जा रहा है। ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी हेतु पानी की खपत अधिक होने से तालाबों में निस्तारी कर पाएंगे। निगम का अमला तालाब में निस्तारी की समस्या न हो इसलिए निगम क्षेत्र के तालाबों के समीप एवं परिसर से झिल्ली, पन्नी व कचरे की सफाई कराई गई है, वही तालाब में पानी भरने के लिए नहर से आने वाले रास्ते को क्लियर किया गया है, शहर के कई तालाब में पानी भरे जा चुके हैं कुछ तालाबों में भरने की प्रक्रिया जारी है। तालाबों में जलभराव पश्चात जल शुद्धिकरण के लिए एलम की व्यवस्था की गई है। नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु में पानी की अधिक खपत तथा नलकूप व बोर में पानी कम होने के बाद लोग तालाबों में निस्तारी करते है। वही तालाब में पानी भरने से आसपास के जल स्रोत में भी वृद्धि होती है! निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निगम क्षेत्र के निस्तारी किए जाने वाले सभी तालाबों को तांदूला जल संसाधन विभाग द्वारा छोड़ गए पानी से तालाबों को भरने के निर्देश दिए है। भिलाई निगम क्षेत्र के लोगों के निस्तारी की व्यवस्था को बेहतर बनाने निगम प्रशासन द्वारा तालाबों में जलभराव का कार्य कर रही है। स्वच्छता अधिकारियों ने बताया कि निगम क्षेत्र के सभी तालाबों से गंदगी, झिल्ली, पन्नी व अन्य कचरे को निकलवाकर साफ, सफाई कराई जा चुकी है। तालाब तक आने वाले नहर के कचरे को साफ कराया गया है ताकि तालाब में साफ सुथरा जलभराव किया जा सके। इसके साथ ही आवागमन के लिए तालाब के आस पास की सफाई भी किया जा चुका है। जोन क्र. 01 में वार्ड 01 जुनवानी शीतला तालाब, वार्ड 02 स्मृतिनगर तालाब, वार्ड 03 भेलवा तालाब, खमरिया आलाबंद तालाब एवं खमरिया शीतला तालाब में नहर के माध्यम से गर्मी के दिनों में पानी भरा जाता है, इन तालाबों में से भेलवा तालाब, स्मृति नगर तालाब और जुनवानी शीतला तालाब में पानी भरा जा चुका है।

# बेमेतरा जिले में एक लाख 6 हजार 929 लोगों का किया गया टीकाकरण

**बेमेतरा।** जिला बेमेतरा जिले मे 03 मई 2021 तक 106929 लोगों को कोविड टीकाकरण किया गया है। हेल्थ केयर वर्कर (एचसीउब्ल्यू) और फ्रंट लाईन वर्कर (एफएलडब्ल्यू) को प्रथम डोज 8296 व दूसरा डोज 7010 लगाया जा चुका है। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि 45 से 59 वर्ष आयु समुह के लोगों को प्रथम डोज 50385 एवं 60 वर्ष से उपर प्रथम डोज 35906 लोगो को लगाया जा चुका है। कोरोना टीका का दूसरा डोज 45 से 59 वर्ष आयु समुह के लोगों को 1620 एवं 60 वर्ष से उपर के आयु समूह के लोगों की संख्या 3666 है। जिले मे 01 मई से प्रारंभ 18 वर्ष से उपर आयु समुह के 46 युवाओं को प्रथत डोज लगाई गई। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने लोगों से अपील की है कि सोशल डिस्टेंस का पालन करें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों मे न जायें, दो गज की दूरी मास्क है जरुरी नियम का पालन करें। समय-समय पर साबून से हाथ धोते रहें, सनेटाईसर का उपयोग करें। ताकि कोरोना का संक्रमण एवं फैलाव को रोका जा सके। डॉ. शर्मा ने कहा कि कोरोना से बचने के लिए हमें और अधिक ऐहतियात बरतने की जरुरत है। लोग यह न समझें कि कोरोना टीका लगने के बाद हम सुरक्षित हैं बल्कि टीका के बाद हमें और अधिक सावधानी बरतने की जरुरत है।

**जिले मे 18 वर्ष से अधिक 46 युवाओं ने लगवाया टीका**

## प्राइवेट हास्पिटल में रिकवरी नहीं हो पाई तो शंकराचार्य कोविड हास्पिटल लाई गईं, यहाँ मिले घर जैसे माहौल से अब बिल्कुल स्वस्थ

# 75 साल की द्रौपदी वर्मा ने जीती कोविड से जंग

**पांच दिन से आक्सीजन सपोर्ट में प्राइवेट हास्पिटल में थीं जब रिकवरी नहीं हुई तो शिफ्ट किया गया शंकराचार्य हास्पिटल, पूरी तरह स्वस्थ होकर पहुँची घर**

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



शंकराचार्य कोविड हास्पिटल में चिकित्सकों और हेल्थ स्टाफ की संकल्पित टीम अपने सेवाभाव और कोविड के उपचार करने के अनुभवों के चलते कई परिवारों को संजीवनी प्रदान कर रही है। हर बार क्रिटिकल मरीजों के ठीक होने पर हास्पिटल प्रबंधन को गहरी खुशी होती है। कल ऐसा ही क्षण था, दस दिनों से भर्ती दो गंभीर मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर घर गए। इनमें से एक 75 बुजुर्ग महिला जिनका सीटी स्कोर 16 था और आक्सीजन लेवल 80 तक पहुँच गया था स्वस्थ होकर घर लौटीं। एक अन्य 45 वर्ष की महिला ने भी कोविड की जंग जीती, उनका आक्सीजन लेवल 60 तक गिर चुका था और सीटी स्कोर 22 था। द्रौपदी वर्मा के पुत्र एडवोकेट एलबी वर्मा ने बताया कि माँ मोरिद में रहती हैं वहाँ संक्रमण का शिकार हुईं तो पहले निकट के प्राइवेट हास्पिटल में लेकर गए। यहाँ पर सीटी स्कैन कराया और सीटी स्कोर 16 आया। यहाँ आक्सीजन लेवल 80 था, पाँच दिन रहने के बाद भी यहां गिरती स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए शंकराचार्य कोविड केयर हास्पिटल में एडमिट कराया गया। यहाँ पर माता जी का पूरा ख्याल रखा गया। चिकित्सकों ने माता जी की स्थिति की जानकारी दी। हाथ से खाना खिलाया स्टाफ ने- वर्मा ने बताया कि जब मैंने अपनी माता जी से पूछा कि अस्पताल में आपका कैसे ख्याल रखा गया तो उन्होंने बताया कि बिल्कुल घर की तरह ही। अस्पताल में डाक्टर और नर्स हौसला बढ़ाती रहीं। खाना भी नर्सों ने ही खिलाया। वर्मा ने बताया कि शंकराचार्य हास्पिटल में माता जी को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ, वो पूरी तरह रिकवर हुईं। इसके लिए हम लोग हास्पिटल स्टाफ के बहुत आभारी हैं। 45 वर्ष की महिला, सीटी स्कोर 22, आक्सीजन लेवल 60, संघर्ष का जज्बा जीत गया- सीटी स्कोर में संक्रमण की गंभीरता का स्तर 0 से 25 तक होता है। दुर्ग शहर की एक 45 वर्षीय महिला जब शंकराचार्य हास्पिटल में भर्ती हुईं तो उनका सीटी स्कोर 22 था, आक्सीजन लेवल 60 तक गिर चुका था। अपने संकल्प शक्ति से वो जूझीं। उन्होंने बताया कि हर पल मुझे यह लगा कि हिम्मत नहीं हारनी है। मुझे हास्पिटल स्टाफ ने मेरे जैसे ही क्रिटिकल मरीजों के किस्से बताए जो ठीक हुए। इससे हौसला मिला और अंततः मैं कोविड से बाहर आई। अच्छा लगता है कि जब ऐसे क्रिटिकल मामलों में सफलता मिलती है- इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. सुगम सावंत ने बताया कि कोविड के प्रोटोकाल के मुताबिक आक्सीजन लेवल 94 से गिरते ही हास्पिटल में एडमिट होने की सलाह दी जाती है। हास्पिटल में आक्सीजन के साथ ही मेडिसीन भी प्लान किये जाते हैं। हम मरीजों के हौसले पर भी काम करते हैं। संकल्पशक्ति दृढ़ रखने से और उचित इलाज से रिकवरी की राह आसान हो जाती है।

# कोविड संकट से बचाने वाले बीएसपी मेडिकल टीम का धन्यवाद : खेदुराम

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

कोविड से संक्रमित रेल मिल के कार्मिक खेदुराम का इलाज बीएसपी अस्पताल के एच-4 वार्ड में चल रहा था। हाल ही में वे डिस्चार्ज किये गये। डिस्चार्ज के समय खेदुराम ने बीएसपी अस्पताल के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मै अस्थमा पेशेंट था परन्तु बीएसपी डॉक्टरों ने मेरी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल उत्तम इलाज मुहैया कराया, जो मेरे लिए जीवनदायिनी साबित हुआ। कोविड के मेरे इस जंग में जिस प्रकार बीएसपी के मेडिकल प्रबंधन व डॉक्टरों ने मेरा साथ दिया, मैं उसे कभी नहीं भूल सकता। मेरे इलाज व मनोबल बनाए रखने में बीएसपी के चिकित्सा बिरादरी का महत्वपूर्ण हाथ है, थैंक यू बीएसपी।

**स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए उठाया सार्थक कदम- डॉ जैन**

डीजीएम (उद्यानिकी) और मैत्री बाग प्रभारी डॉ एन के जैन ने बताया कि कोविड पॉजिटिव होते ही उन्हें होम आइसोलेशन हेतु भेज दिया गया। डॉ एन के जैन बताते हैं कि होम आइसोलेशन में भी प्रतिदिन बीएसपी डॉक्टरों द्वारा मरीज के हालत की मॉनिटरिंग की जाती है। बीएसपी के इस कदम से मरीजों को कोविड से लड़ने में मदद मिली है। मुझे होम आइसोलेशन के तीसरे दिन तेज बुखार आने लगा जिसके कारण मुझे बीएसपी अस्पताल के केजुअल्टी में जाकर दिखाना पड़ा। डॉक्टर ने मेरे स्थिति को भांपते हुए तत्काल भर्ती कर लिया गया। इस दौरान ऑक्सीजन से लेकर इजेक्शन तक सब कुछ उपलब्ध कराया गया। जिसके चलते मै कोविड के इस जंग को जीतकर बाहर आ पाया। मै सेक्टर-9 अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ त्रिनाथ दास और अन्य सहयोगी डॉक्टरों को विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहूता हूँ जिनके अथक प्रयास आज मै ठीक होकर घर लौट पाया हूँ। बीएसपी के चिकित्सा बिरादरी ने संयंत्र के कार्मिकों, अधिकारियों तथा उनके परिजनों व पूर्व कार्मिकों को कोरोना संकट से निजात दिलाने हेतु दिन-रात एक कर दिया है। आज इस जंग में कई चिकित्सक व मेडिकल स्टॉफ कोविड पॉजिटिव हो चुके हैं। परन्तु बीएसपी के चिकित्सा बिरादरी ने कोविड के खिलाफ अपने जंग को जारी रखते हुए संयंत्र बिरादरी के जीवन रक्षा हेतु कृतसंकल्पित हैं। इसी संकल्प का नतीजा है कि संयंत्र के सैकड़ों कर्मचारियों का जीवन बचाया जा सका है।

# इंटर स्टेट व इंटर डिस्ट्रीक बार्डर के चेक पोस्ट, बेरियर की हुई जांच

- ड्यूटी में लगे स्टॉफ को दिगर राज्य से आने वालों के ई-पास और आरटीपीसीआर की निगेटिव रिपोर्ट चेक कर अनुमति के निर्देश
- शहर व ग्रामीण क्षेत्र के वैक्सीनेशन सेंटर की सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




जिले के राजपत्रिक अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने सोमवार को जिले की सीमा से लगे इंटर स्टेट एवं इंटर डिस्टीक चेक पोस्ट का निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद ड्यूटीरत लोगों को सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारीगण द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले इंटर स्टेट बेरियर, चेक पोस्ट - महापल्ली, एकताल, रेंगालपाली, हमीरपुर, जमुना, तोलमा, नवापारा, कंचनपुर, बिरनीपाली, झाल तथा इंटर डिस्ट्रिक बार्डर पर ग्राम पलगड़ा, अड़भार, जोबी, चन्द्रपुर, कोड़ातराई, हाटी, शाहपुर, रैरूमा, बहमा, बगुडेगा, जगदीशपुर, परसदा के चेक पोस्ट में तैनात अधिकारी, कर्मचारियों को राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के संबंध में आवश्यक जानकारी दिया गया। अधिकारियों द्वारा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को ई-पास के साथ दिगर राज्यों से आ रहे व्यक्तियों के पास आरटीपीसीआर जांच की नेगेटिव रिपोर्ट देखने के बाद ही जिले में प्रवेश की अनुमति प्रदान करने को कहा गया, साथ ही कर्मचारियों को संक्रमण से सुरक्षित रहने हेतु मास्क, सेनेटाइजर एवं फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करने की हिदायत दी गई है। सीएसपी रायगढ़ अविनाश सिंह ठाकुर द्वारा रेंगालपाली, एकताल और महापल्ली पर बने चेक पोस्ट जाकर सुरक्षा व्यवस्था चेक किए। ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ को बगैर ई-पास, आरटीपीसीआर रिपोर्ट देखे बगैर किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं देने को कहा गया है। उन्होंने स्टाफ को ड्यूटी दौरान किसी से अभद्रता व वाद विवाद से बचने की सलाह देते हुए घटना की जानकारी नजदीकी थाना प्रभारी एवं कन्ट्रोल रूम को सूचना देने कहा गया है। इंटर स्टेट बार्डर चेक के पूर्व वे अस्थाई कोविड हॉस्पिटल केआईटी को उनके द्वारा चेक किया गया। सीएसपी रायगढ़ के साथ चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक अमित शुक्ला भी उनके साथ थे। एडिशनल एसपी द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को उनके क्षेत्र में बनाए गए वैक्सीनेशन सेंटर्स में सुरक्षा व्यवस्था एवं भीड़ कन्ट्रोल के लिए स्वयं जाकर व्यवस्था संभालने के लिए गए निर्देशों पर प्रभारीगण वैक्सीनेशन सेंटर में जाकर सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी की गई है, टीकाकरण केन्द्र पर कार्य सुचारू रूप से होता देखा गया। इसी क्रम में अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्र के इंटर स्टेट व इंटर डिस्ट्रिक बार्डर, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड को चेक कर कर्मचारियों को जांच एवं संक्रमण से बचाव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

### सोशल डिस्टेंसिंग बनाकर कर पूछताछ करने की हिदायत

एसडीओपी खरसिया पितांबर पटेल द्वारा जिला जांजगीर-चाम्पा व रायगढ़ के मध्य अर्तगंत जिला बार्डर पलगड़ा बैरियर को चेक किया गया। इस दौरान कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित मिले। एसडीओपी खरसिया द्वारा स्टाफ को ड्यूटी व उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी लिए और उनके साथ हाइवे पर वाहनों को रोककर चालकों से सोशल डिस्टेंसिग बनाकर पूछताछ किए। उन्होंने जवानों को भी आने-जाने वाले सभी व्यक्तियों से सोशल डिस्टेंसिंग बनाकर कर पूछताछ करने की हिदायत दिए और ड्यूटी को लेकर या स्वास्थ्य में कोई परेशानी होने पर तत्काल मोबाइल पर सूचित करने कहा गया है। एसडीओपी खरसिया के साथ थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक सुमंत रात साहू भी मौजूद थे।

# मोपेड को ठोकर मारते ट्रेलर से टकराया ट्रक

- चालक की मौत, दो अन्य घायल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुसौर क्षेत्र में तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पहले मोपेड सवार ग्रामीण को ठोकर मार दी और बाद में टेऊलर से जा टकराई। इस दुर्घटना में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं मोपेड सवार तथा ट्रक के हेल्फर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना पुसौर अन्तर्गत दो मई की सुबह ट्रक और टी.व्ही.एस. एक्सल के बीच दुर्घटना में उसी समय सामने से आ रही अज्ञात ट्रेलर से ट्रक जा टकराई दुर्घटना में ट्रक के चालक का निधन हो गया। ट्रक के हेल्फर व टीवीएस एक्सल के चालक को पुसौर में भर्ती कराया गया है।

घटना के संबंध में ट्रक का हेल्फर भुपेन्द्र वर्मा निवासी ग्राम पेड्री खुर्द थाना खैरागढ जिला राजनांदगांव बताया कि 01 मई को रायपुर के सावन अग्रवाल के वाहन अशोक सीजी 04 एन जे 1288 में चालक विकाश यादव पिता राजेश यादव उम्र 24 वर्ष साकिन बजरंग नगर गो गांव रायपुर थाना गुढ़ियारी के साथ रायपुर से मेडिकल का सामान लेकर ओड़िसा जाने के लिये निकले थे। दूसरे दिन सुबह करीब छह बजे रायगढ के लोहरसिंह मेन रोड सिंह ढाबा के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही मोटर सायकल सीजी 13 के 9051 का चालक अचानक वाहन के सामने आ गया जिससे ट्रक चालक विकास यादव मोपेड टीवीएस एक्सल को ठोकर मारा और सामने से आ रही अज्ञात टेलर में जाकर टकरा गया जिससे ट्रक पलट गई। दुर्घटना में चालक विकास यादव मौके पर फौत हो गया। अज्ञात ट्रेलर चालक मौके से वाहन लेकर भाग गया, चालक को ठोंकर लगने से चोटे आई है, हेल्फर और एक्सल के चालक को सीएचसी पुसौर में इलाज के लिये भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में हेल्फर के रिपोर्ट पर वाहन सीजी 04 एन जे 1288 के चालक विकास यादव के विरूद्ध धारा 279,377,304(।) का अपराध थाना पुसौर में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## क्विक न्यूज

### नहीं रहे शासकीय कॉलेज जेठा के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक अशरफ खान



**सक्ती।** सक्ती विकासखंड के शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय जेठा में पदस्थ वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक समाज शास्त्र प्रो. अशरफ खान उम्र-करीब 57 वर्ष का दिनांक- 4 मई 2021 दिन- मंगलवार को कोरबा में कोरोना संक्रमण से संघर्ष करते हुए उपचार के दौरान तड़के सुबह 04 बजे निधन हो गया, अशरफ खान शक्ति शहर के वार्ड क्रमांक- 07 हटरी चौक में पोस्ट आफिस के पास निवास करते थे,एवम वर्तमान में वार्ड नं.10 अखराभाटा में अपने नवनिर्मित आवास में परिवार सहित निवासरत थे, तथा उनके निधन पर महाविद्यालय परिवार सहित लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है, प्रोफेसर अशरफ खान काफी मिलनसार,मृदुभाषी, व्यक्तित्व के धनी थे, एवं शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय में वे अध्ययन-अध्यापन के साथ ही महाविद्यालय के बेहतर प्रबंधन एवं सभी गतिविधियों में सक्रियता के साथ अपना योगदान देते थे, तथा उनके निधन पर शक्ति अंचल में भी शोक की लहर फैल गई,शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय के प्राचार्य सहित महाविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों ने भी प्रो.असरफ खान के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए महाविद्यालय परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति बताते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए सूची जारी

**सक्ती।** जांजगीर-चांपा जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत 9 पदों, क्रमशः- फार्मासिस्ट (आरबीएसके), ए.एन.एम (आरबीएसके) अकाउंटेंट (आर.एन.टी.सी.पी.), ब्लॉक मैनेजर (डाटा), जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (एनएचएम) डी.ई.ओ, जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (एनएचएम) पीएडीए, जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (एनयूएचएम) यूपीएचसी, अष्थलमैटिक असिस्टेंट (एनयूएचएम) और डाटा असिस्टेंट की संविदा नियुक्ति हेतु 23 अप्रैल को दावा-आपत्ति निराकरण सूची जारी की गई थी। इसके उपरांत मेरिट सूची एवं कौशल परीक्षा हेतु एक अनुपात 10 की संख्या में अभ्यर्थियों की सूची जारी किया जा रहा है। जिसे जिले के वेबसाइट में देखा जा सकता है ।

### रेलवे ट्रैक पर कटी मिली युवक की लाश

**रायगढ़।** जिले के कोतरा रोड थाना क्षेत्रान्तर्गत स्तिथ रेल्वे फाटक से एक बड़ी घटना निकल कर सामने आई है। जिसके मुताबिक अज्ञात कारणों से एक युवक ने ट्रेन से कटकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली है। कोतरा रोड थाने से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम रमेश कंवर उम्र 27 वर्षीय है एवं प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या लग रहा है।

# भाजपा आईटी सेल एवं सोशल मीडिया की कार्यकारिणी एवं संयोजकों की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदेव साय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, आई.टी. सेल प्रदेश प्रभारी दीपक म्हस्के एवं भाजपा जांजगीर चांपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा की सहमति से भाजपा जांजगीर-चांपा जिला आईटी सेल एवं सोशल मीडिया के जिला संयोजक संतोष साहू जांजगीर द्वारा 04 मई 2021 को जिला व मण्डल संयोजकों की घोषणा की है, जिसमें भाजपा जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया गया है एवं आईटी सेल तथा सोशल मीडिया की कार्यकारिणी एवं मंडल संयोजको की घोषणा से पार्टी कार्यकर्ताओं में प्रसन्नता व्याप्त है,एवं जिला संयोजक संतोष साहू ने कहा है कि वर्तमान समय में पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी अपने सेवा कार्यों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्राथमिकता के आधार पर लोगों तक पहुंचा रही है, एवं आने वाले समय में भी जांजगीर-चांपा जिले में भी आईटी सेल तथा सोशल मीडिया के कार्य को और अधिक सक्रियता के साथ क्रियान्वित किया जाएगा।

# वाहनों की जांच के दौरान पकड़ाया गांजा तस्कर

- बाईक में सोहेला से ला रहा था गांजा, आरोपी से मोटर सायकल व दो किलो गांजा की जप्ती

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



लॉकडाउन के दौरान भी मादक पदार्थों के तस्कर सक्रिय हैं और पड़ोसी प्रांत से चोरी छिपे मादक पदार्थो की तस्करी जारी है। इसी क्रम में सोमवार को बरमकेला पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान एक गांजा तस्कर को पकड़ा है। इसके पास से दो किलो गांजा बरामद किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक नेल्सन कुजूर व स्टाफ थानाक्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में पेट्रोलिंग तथा मुख्य मार्ग में आने जाने वालों की जांच, पूछताछ कर लॉकडाउन का पालन कराया जा रहा था। इसी दरम्यान सहायक उपनिरीक्षक कमल सिंह राजपूत व स्टाफ जो वन उपज नाका पैकिन बेरियर में आने-जाने वालों की जांच कर रहे थे, उनके द्वारा सुबह करीब 7:20 बजे ओड़िसा की ओर से आ रही मोटर सायकल पैशन प्रो सीजी 04-एचजेड-6467 को रोके। पूछताछ में व्यक्ति अपना नाम राजकुमार त्रिपाठी पिता कुंज बिहारी त्रिपाठी उम्र 52 वर्ष निवासी मेंडरा थाना बरमकेला का होना बताया। लॉकडाउन में बगैर परमीशन घूमने को लेकर सउनि कमल राजपूत उसे फटकार लगाए और स्टाफ को मोटरसाइकिल के तेल टंकी के ऊपर रखे प्लास्टिक बोरी चेक करने निर्देशित किए। स्टाफ बोरी को चेक किए तो उसमें 1-1 किलो के दो पैकेट गांजा मिला। जिसके संबंध में राजकुमार त्रिपाठी को पूछताछ करने पर सोहेला से गांजा लाना और क्षेत्र में अवैध रूप से बिक्री करना बताया। आरोपी से दो किलो गांजा कीमती 10,000 रूपये एवं बाइक जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 20(एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है। कार्यवाही में टीआई नेल्सन कुजूर, सउनि कमल राजपूत, प्रधान आरक्षक लखपति प्रधान, आरक्षक तरूण महिलाने और टीकाराम पटेल की सक्रिय भूमिका रही है।

# एनएसयूआई छत्तीसगढ़ आज से मोदी टीका दो, अभियान की शुरुआत

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ एनएसयूआई द्वारा 5 मई 2021 से एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर तीन दिवसीय अभियान प्रारंभ किया जा रहा है, जिसका नाम 'मोदी टीका दो' रखा गया है यह तीन चरण में किया जाएगा, 5 मई को एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने घर पर रहकर एक दिवसीय सत्याग्रह करेगी एवं तख्ती लेकर अपने घर पर ही सत्याग्रह करेगी, 6 मई को एनएसयूआई द्वारा सोशल मीडिया पर #speakupforvaccine अभियान चलाया जाएगा जिसमें केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को सोशल मीडिया के माध्यम से वैक्सीन उपलब्ध कराने को लेकर मांग की जाएगी इस में एनएसयूआई के हजारों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भाग लेंगे, 7 मई को एनएसयूआई द्वारा भाजपा के 9 सांसद एवं 14 विधायक के घरों के सामने जाकर पदाधिकारियों द्वारा उनसे इस कठिन समय पर राजनीति ना कर केंद्र सरकार को सूचित करें कि राज्य को एक ही दाम पर वैक्सीन दी जाए। जिस प्रकार केंद्र को 150 में दी जा रही है एवं राज्यों को उसे दुगने दाम पर वैक्सीन बेची जा रही है इसको लेकर एनएसयूआई के पदाधिकारी घर के सामने बैठकर उनसे यह मांग करेंगे।

# संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज जिला कोविड कोर कमेटी की बैठक में कहा कि समाज सेवी, औद्योगिक संस्थाओं और राज्य शासन द्वारा कोविड मरीजों के उपचार के लिए आक्सीजन सिलेण्डर, ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर, वेटिंलेटर आदि संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कोविड संक्रमित लोगों के इलाज में इन संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश सीएमएचओ और कोविड केयर सेंटर्स के नोडल अधिकारियों को दिए । कलेक्टर ने मड़वा पावर प्लांट के सहयोग से वेटिंलेटर और ऑक्सीजन बेड वाले 100 बिस्तर अस्पताल प्रारंभ करने तथा शिवरीनारायण मठ के सहयोग से शिवरीनारायण के कालेज भवन में 100 बिस्तर कोविड केयर सेंटर प्रारंभ करने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। इसके अलावा अन्य कोविड केयर सेन्टर्स में ऑक्सीजन बेड ब?ाने के लिए भी संबंधितों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि ईसीटीसी और कोविड केयर सेंटर्स के निरीक्षण के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी गई है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान मरीज के उपचार के फाईल जरूर चेक करें। सभी डाक्टर्स को अपनी-अपनी पाली में दो-दो बार वार्ड विजिट करना अनिवार्य है। साथ ही मरीजों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में चर्चा करने भी कहा गया । कलेक्टर ने इसका उल्लेख मरीज के उपचार फाईल में दर्ज करने के निर्देश दिए गए । उन्होंने डिप्टी कलेक्टर श्री सुमित गर्ग से कहा कि मरीज की मृत्यु होने पर पार्थिव शरीर को आधे घंटे के भीतर परिजनों को सौंपने की कार्रवाई करें। सभी औपचारिकता तत्काल पूरा कर लिया जाय। कलेक्टर ने कहा कि पार्थिव शरीर परिजनों को सौपने में विलंब नही होनी चाहिए। सीएमएचओ डॉ एस आर बंजारे ने अवगत कराया कि मितानिनों को 15000 दवा किट लक्षण वाले और संक्रमित मरीजों को वितरण के लिए दिया गया है। जिले में 6 नये डाक्टर्स की नियुक्ति की गई है। जिन्हे विभिन्न कोविड केयर सेंटर्स और स्वास्थ्य केन्द्रों में नियुक्त किया जा रहा है। होम आइसेलोशन वाले मरीजों के घर के सामने स्टेन्सिल निशान बनाने के लिए तैयारी की जा रही है। आरटीपीसीआर लेब ने विभिन्न पदो के लिए भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। बैठक में जिला पंचायत सीईओं गजेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सचिन भूतड़ा, डिप्टी कलेक्टर केएस पैकरा, डीपीएम विभा टोप्पो सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष के मकान में लगी आग

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



भाजपा जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के मालखरौदा विकासखंड के ग्राम-नगझर में स्थित आवासीय परिसर में बने मकान की पहली मंजिल पर 3 मई की रात्रि एकाएक भयंकर आग लग गई, तथा इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा अपने परिवार के साथ नीचे सो रहे थे, तथा 3 मई को दोपहर से ही तेज आंधी तूफान एवं हवाओं के चलने एवं बारिश होने के कारण घंटों से विद्युत बंद थी, तथा रात्रि करीब 10.00 बजे एकाएक विद्युत आपूर्ति बहाल होने तथा हाई वोल्टेज होने के कारण मकान के ऊपर में लगे एसी में आग लग गई तथा भाजपा जिलाध्यक्ष को इसकी भनक नहीं लगी,किन्तु आग की लपटों को खिड़की से निकलता देख मोहल्ले वालों ने सूचना दी, तब जबकि ऊपर की मंजिल के कमरे में लगे सारे सामान जलकर खाक हो गए थे, तथा आग की तेज लपटों को देखकर मोहल्ले वालों ने जिलाध्यक्ष को उठाया तथा जानकारी दी तथा काफी मशक्कत के बाद 2 घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका, एवं बताया जा रहा है कि भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा परिवार के साथ नीचे ही निवास करते हैं, तथा मकान के ऊपर प्रथम तल्ले पर गेस्ट रूम एवं बड़ा हाल है, जहां पर घर का काफी कीमती सामान एवं अन्य जरूरत की सामग्रियां रखी जाती हैं, एवं उक्त हॉल एवं कमरे का उपयोग किसी मेहमान के आने पर ही किया जाता है,तथा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस आगजनी की घटना में मकान में लगे एयर कंडीशनर,पंखा, बेड, अलमारी सहित लाखों रुपए का घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया है,तथा आगजनी की घटना के बाद तत्काल नजदीक के विद्युत विभाग को सूचना दी गई जिस पर विद्युत सप्लाई बंद की गई एवं मौसम सामान्य होने के बाद ही विद्युत आपूर्ति प्रारंभ हुई तथा भाजपा जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के अनुसार उनके गांव में ऐसी स्थितियां विद्युत आपूर्ति को लेकर हमेशा देखी जाती हैं, जब आंधी तूफान के कारण विद्युत आपूर्ति बंद हो जाती है,किंतु आंधी तूफान बंद होने पर जब बिजली बहाल होती है तो एकाएक हाई वोल्टेज के कारण लोगों के घरों में लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो जाते हैं, तथा अनेकों बार ऐसी छोटी मोटी आगजनी की घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं।

# आखिर वे कौन लोग है जिन्हें डॉ. पटेल से खतरा है, और क्या खतरा है?

- सरकारी आवास को छोड़ने डाक्टर को मजबूर किया गया
- प्रताड़ना की हदें हुई पार, गुहार लगाते-लगाते थक चुके डॉक्टर संतोष पटेल

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

मालखरौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निवर्तमान डॉक्टर संतोष पटेल ने आखिरकार अपना सरकारी आवास खाली कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टर संतोष पटेल वरिष्ठ चिकित्सक मालखरौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कुछ माह पूर्व सरकारी आवास खाली करने का नोटिस मिला जिस के परिपालन में उन्होंने कल सरकारी आवास खाली कर दिया । विदित हो कि डाक्टर संतोष पटेल पर षड्यंत्र की राजनीति पिछले कुछ सालों से चल रही थी, जिसके तहत उन्हें कोरोना ड्यूटी लगाना, ड्यूटी के सही समय पर उन्हें नोटिस ना दिखाना, उन्हें जानबूझकर उनके गृह ग्राम से दूर 300 किलोमीटर दूर स्थानांतरण करना, उनके खिलाफ कार्रवाई कराना, इस तरह की अनेक साजिश रच कर प्रताड़ित कर आखिरकार मालखरौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को छोड़ने पर मजबूर किया गया इसके साथ ही उन्हें सरकारी आवास को छोड़ने के लिए भी अंततः मजबूर किया गया । विदित हो कि डॉक्टर संतोष पटेल का स्थानांतरण अभी हाईकोर्ट बिलासपुर में विचाराधीन है और उन्हें कोर्ट से स्थगन आदेश भी मिल चुका है परंतु उनका स्थगन आदेश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तत्कालीन सीएमओ कात्यायनी सिह द्वारा स्वीकार नहीं किया गया और परिणाम स्वरूप शासकीय सेवा से वंचित होकर निजी स्तर पर जनता की सेवा करने का मार्ग डॉक्टर संतोष पटेल को चुनना पड़ा । डा. पटेल ने इस षड्यंत्र की राजनीति से दूर रह कर जनता की सेवा का मन बनाया । परंतु उन्होंने माध्यम शासकीय सेवा को ना चुनकर गांवों और जनपदों में शिविर लगाकर जनता को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का निर्णय लिया । इसके साथ ही उन्होंने षड्यंत्र की राजनीति को तार-तार करने के लिए राजनीति का ही सहारा लिया । उनका कहना है कि लोहे को लोहा काटता है उसी तरह राजनीतिक षड्यंत्र को काटने के लिए राजनीति में उतरना आवश्यक था । इसके साथ ही इसके साथ यह भी जानना उल्लेखीय होगा कि डॉक्टर संतोष पटेल की तरह डा. के एल उरांव रेडियोलॉजिस्ट सिम्स को भी पदभार ग्रहण किये 2 साल हो चुके हैं परंतु उनका सरकारी आवास पर कब्जा आज भी बना हुआ है । डॉक्टर के सिदार को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा में पदभार ग्रहण किए 6 माह हो चुके हैं परंतु उनका भी कब्जा सरकारी आवास पर आज भी बना हुआ है तो क्या कारण था कि केवल डॉक्टर संतोष पटेल को सरकारी आवास खाली करने के नोटिस मिला और उन्हें मजबूर किया गया कि वह अंततः सरकारी आवास खाली कर दें । आखिर वे कौन लोग है जिन्हें डा. पटेल के होने से खतरा है.और क्या खतरा है । वह कौन है जिन्होंने स्वास्थ विभाग, शासन को मजबूर कर दिया कि डा.संतोष पटेल मालखरौदा छोड़कर अनियंत्रित चले जाएं । डॉक्टर संतोष पटेल अपने स्थानांतरण रुकवाने और अपने खिलाफ चल रही साजिशों के खिलाफ क्षेत्रीय विधायक से लेकर मंत्रियों तक गुहार की लेकिन उनकी एक भी न सुनी गई और आज उन्हें अपना सरकारी आवास भी खाली करना पड़ा ।

# अड़भार-टेमर मार्ग पर सड़क एवं पुल पुलिया का निर्माण जोरों से

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति शहर से रायगढ़ जिले को जोड़ने वाले अड़भार-भदरी चौक तुण्डरी मार्ग का निर्माण कार्य इन दिनों जोरों से चल रहा है, तथा उपरोक्त मार्ग के बीच में पुल- पुलिया का भी जहां नव निर्माण हो रहा है, तो वहीं उपरोक्त सड़क निर्माण की जर्जर स्थिति को देखते हुए विगत वर्षों क्षेत्रवासियों की मांग पर एशियन डेवलपमेंट बैंक एडीबी परियोजना से करोड़ों रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई, तथा आज देश में कोविड-19 के संक्रमण की परिस्थितियों के बावजूद उपरोक्त सड़क का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर करवाए जा रहा है, तथा उपरोक्त सड़क एवं शक्ति से अड़भार मार्ग के बीच में स्थित कनेटी पुल जो कि दशकों पुराना बड़ा पुल था, तथा इस पुल में बारिश के समय प्रतिवर्ष बाढ़ आ जाने के कारण आवागमन अवरुद्ध भी हो जाता था, एवं अब कनेटी के पुराने पुल को तोड़कर नए पुल का निर्माण संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा जोरों से विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप करवाया जा रहा है, तथा नए पुल के निर्माण से जहां लोगों को बारिश के समय भी बेहतर आवागमन का लाभ मिल सकेगा तो वही क्षेत्रवासियों में भी अब नई सड़क निर्माण के बाद बेहतर आवागमन की आस जगी है, उल्लेखित हो की शक्ति से अड़भार होकर भदरी चौक होते हुए तुण्डरी मार्ग का नवनिर्माण विगत महीनों से प्रारंभ हुआ है, तथा इस सड़क को जहां चौड़ीकरण करते हुए मजबूत सड़क का निर्माण किया जा रहा है तो उपरोक्त मार्ग के बीच में आने वाले छोटे बड़े सभी पुल पुलिया का भी नव निर्माण हो रहा है। एवं निर्माण एजेंसी का कहना है कि आने वाले बारिश के मौसम को देखते हुए बारिश से पूर्व ही पुल पुलिया का निर्माण पूर्ण करना उनकी प्राथमिकता है, तथा क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े इस हेतु वे विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य कर रहे हैं, तथा कनेटी के पुल में भी अब नए पुल का निर्माण हो रहा है जो कि काफी लंबा एवं ऊंचा पुल होगा तथा यह पुल आसपास के कई ग्रामीण इलाकों को भी जोड़ते हुए मुख्य मार्ग के बीच में स्थित है, वहीं दूसरी ओर शक्ति क्षेत्र में एडीबी परियोजना से बन रहे इस सड़क एवं पुल निर्माण को लेकर संबंधित विभाग भी प्राथमिकता के आधार पर कार्य करवा रहा है एवं नई चमचमाती सड़कों का लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा।

## क्विक न्यूज

### मरीजों के लिए दिया गया इंडक्शन चूल्हा और भाप लेने की मशीन



**जशपुरनगर।** रायगढ़ लोक सभा सांसद गोमती साय ने बगीचा विकास खंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोविड केयर सेंटर के मरीजों के लिए दो इंडक्शन और 10 भाप लेने की मशीन नैबूलाइजर दी है ।इस अवसर पर बगीचा बीएमवो डॉ सी आर भगत , डॉ अंकिता नेहा मिंज श्री शंकर गुप्ता , हरिनारायण शर्मा, जितेंद्र गुप्ता ,राजू जिन्दल ,वरूण जैन, जितेंद्र साय उपस्थित थे।

### आकाशीय गाज गिरने से 4 झुलसे



**रायगढ़।** रायगढ़ से लगे ग्राम भेलवाटिकरा में आकाशीय बिजली गिरने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए चारों को तत्काल जिला चिकित्सालय भेजा गया। बाहर से आकर ग्राम भेलवाटिकरा के ईटा भट्ठा में झोपड़ी बनाकर कई मजदूर रहकर काम कर अपना जीवन यापन कर रहे थे पर सोमवार की शाम अचानक उनके झोपड़ी के आकाशीय बिजली गिरने से झोपड़ी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई और चार लोग झुलस गए। बुरी तरह से जिसमें की एक पुरुष एवं तीन महिलाएं हैं। सभी को तत्काल 108 और पुलिस वालों की मदद से जिला चिकित्सालय भेजा गया। जिसने की एक महिला की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है सभी बाहर से मजदूरी कर कमाने खाने रायगढ़ आए थे। तीनो महिलाएं काफी बुरी तरीके से झुलस गई है एक महिला का हाथ बुरी तरीके से जल गया है और एक महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के विभिन्न कार्यों की दरों का हुआ अनुमोदन, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा कलेक्टर यशवंत कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के विभिन्न कार्यों की दरें अनुमोदित की गई। मिशन की पांचवी बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर ने सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना के अंतर्गत पाईप लाईन, कार्यरत घरेलु नल कनेक्शन तथा एकल ग्राम योजना के अंतर्गत योजना के समस्त अवयव जिसमें पावर पंप, पंप हाऊस, बाउण्ड्रीवाल, पंपिंगमेन जल वितरण प्रणाली, पानी की उच्चस्तरीय आर.सी.सी. टंकी एवं हर घर में नल कनेक्शन का कार्य से संबंधित आमंत्रित आन लाईन निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर को दर विश्लेषण एवं दर औचित्य प्रतिपादन उपरांत समिति द्वारा दर स्वीकृति प्रदान की गई। इसीतरह सोलर आधारित एवं एकल ग्राम नलजल योजना में एकल निविदा, निविदा विहीन एवं निविदाकार पात्र नहीं होने की स्थिति में समिति द्वारा निविदा निरस्त कर द्वितीय निविदा आमंत्रण की अनुशंसा की गई । जल जीवन मिशन के अंतर्गत पूर्व प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं के सर्वेक्षण एवं डी.पी.आर. ग्राम पंचायत को वितरित किये जाने वाले फिल्ड टेस्ट किट, वाहन किराया एवं दैनिक वेतन भोगी कम्प्यूटर आपरेटर के भुगतान करने विषयक पर चर्चा उपरांत नस्ती में भुगतान पूर्व पृथक से स्वीकृति उपरांत भुगतान करने का निर्णय लिया गया । जल जीवन मिशन में क्रियान्वित किए जाने वाले कार्य की गुणवत्ता हेतु तीसरी पार्टी निरीक्षण, एकल एवं रेट्रोफिटिंग ग्राम, समूह जल प्रदाय योजना, क्रियान्वयन समर्थन संस्था रूचि की अभिव्यक्ति के प्रारूप निविदा का अनुमोदन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 30 अप्रेल 2021 तक जल जीवन मिशन के अंतर्गत आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। बैठक में सदस्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जांजगीर, वनमंडलाधिकारी चांपा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जांजगीर, उपसंचालक कृषि जांजगीर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जांजगीर, जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर/ सक्ती, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग चांपा, एवं कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जांजगीर, जिला कोषालय अधिकारी जांजगीर, संभागीय लेखा अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड चांपा एवं सदस्य सचिव कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड चापा उपस्थित थे।

# कोरोना के संक्रमण जारी 622 केस मिले, कुल 15246 संक्रमित, एक्टिव केस की संख्या 5081




■ **176 स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए कुल 10084 लोग स्वस्थ हुए**

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में कोरोना संक्रमण का कहर नहीं थम रहा है। 1643 सेम्पल में 622 केस संक्रमित पाये गए। कुल संक्रमण की संख्या 15246 पहुच गई। राहत की बात है कि 176 स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए है जिनकी कुल संख्या 10084 हो गई है। सोमवार को 622 में से 293 प्रकरण मुंगेली विकास खण्ड में, 274 लोरमी विकास खण्ड के तथा 55 पथरिया विकास खण्ड के है। सोमवार को 3 लोगो की मृत्यु हुई है जो जिले में कोरोना पॉजिटिव मरीज की मौत कुल 81 लोगो की मौत हो गई है। सोमवार को कुल एक्टिव केस की संख्या 5081 पहुच गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने की पात्रता रखने वाले शेष समस्त व्यक्तियों को टीका लगवाने की अपील टीकाकरण- लक्ष्य 216012 के मुकाबले सोमवार को 267 लोगो ने टीका लगवाया, प्रथम डोज में टीका लगवाने वाले की संख्या 128206 हो गई है जो 59 प्रतिशत है वहीं द्वितीय डोज में 10963 लोगो ने टीके लगवाये जिसका प्रतिशत 5 है। वही 18 से 45 वर्ष के लोगो में सोमवार को 587 लोगो ने टीका लगाया वही अब तक जिले में 1177 लोगो ने प्रथम डोज लगवाया।

# रकम दोगुना करने का प्रलोभन देकर 12 लाख की ठगी करने वाले सांई प्रसाद प्रापर्टीज लिमिटेड कंपनी की संपत्ति होगी कुर्क

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह ने प्रार्थी पुनउ राम सिदार को रकम दुगुना करने का प्रलोभन देकर उससे 12 लाख 82 हजार रुपये की राशि लेकर फरार हो जाने वाले साई प्रसाद प्रायवेट लिमिटेड कंपनी के अचल संपत्ति को कुर्की किए जाने के लिए आदेश पारित किया है। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी पुनउ राम सिदार निवासी छुहीपाली, थाना चक्रधरनगर रायगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज की गई है कि सांई प्रसाद प्रायवेट लिमि कंपनी के डायरेक्टर बाला साहेब भापकर एवं अभिकर्ता गोपी यादव के द्वारा प्रार्थी को साढ़े पांच वर्षों में रकम दुगुना करने का प्रलोभन देकर प्रार्थी से 12 लाख 82 हजार रूपये जमा करा लिये एवं कंपनी बंद कर भाग गए। जो प्रार्थी कि रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध साई प्रसाद प्रापर्टीज लिमि.के संचालक मंडल सदस्य एवं अभिकर्ता गोपी यादव के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है, ईओडब्ल्यू पुलिस स्टेशन मुंबई से साई प्रसाद प्रापर्टीज लिमि. कंपनी की संपत्ति की जानकारी प्राप्त की गई जिसमें छ.ग. के विभिन्न क्षेत्रों में कंपनी की संपत्ति होना लेख होना पाया गया। जिसमें आरोपी कंपनी की अचल संपत्ति जिला रायगढ़ छ.ग. के वर्ल्ड वाईड मार्केटिंग, एलएलपी-2, फ्लोर कृष्णा कॉम्प्लेक्स, जिंदल रोड, चौतन्य नगर, रायगढ़ में स्थित है। छ.ग. निक्षेपकों के हितों का सरंक्षण अधिनियम 2005 एवं नियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार कुर्की करते हुए शीघ्र अंत कालीन आदेश पारित किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। जारी आदेश में उल्लेख है कि पुलिस अधीक्षक रायगढ़ एवं तहसीलदार रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन तथा संलग्न दस्तावेजों के आधार पर प्रथम दृष्टया यह परिलक्षित होता है कि आरोपी कंपनी द्वारा निक्षेपकों के हितों के विपरीत कार्य किया गया है और यह कृत्य निक्षेपकों को धोखा देने के इरादे से सोच-समझकर, कपटपूर्ण तरीके से निवेशकों की जमा राशि हड़पने की मंशा से जमा करायी गई है।

**रूम नंबर 16, 17 सेकण्ड-2, फ्लोर सील पाया गया-** तत्संबंध में तहसीलदार रायगढ़ की ओर उक्त संपत्ति के सत्यापन कर जांच प्रतिवेदन की मांग की गई। तहसीलदार रायगढ़ द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आरोपी कंपनी के डायरेक्टर बाला साहब भापकर की संपत्ति वर्ल्ड वाईड मार्केटिंग, एलएलपी-2, फ्लोर कृष्णा कॉम्प्लेक्स, जिंदल रोड, चौतन्य नगर, रायग? में उपस्थित व्यक्तियों के समक्ष स्थल जांच किया। मौके पर रूम नंबर 16, 17 सेकण्ड-2, फ्लोर सील पाया गया। कलेक्टर के निर्देशन में नायब तहसीलदार रायगढ़ ने उक्त संपत्ति को स्वयं तथा राजस्व निरीक्षकए हल्का पटवारी जगतपुर एवं मौके पर उपस्थित व्यक्तियों के समक्ष कुर्क किया जाना प्रतिवेदित किया है।

**अस्थायी कुर्की के संबंध में अंतरूकालीन आदेश पारित-** छ.ग. राज्य के निवेशकों के हितों का संरक्षण अधि.2005 की धारा के तहत आरोपी कंपनी वित्तीय संस्थान के संप्रवर्तक भागीदार, निर्देशक, प्रबंधक या सदस्य की जिला-रायगढ़ में स्थित अचल संपत्ति वर्ल्ड वाईड मार्केटिंग, एलएलपी-2, फ्लोर कृष्णा कॉम्प्लेक्स, जिंदल रोड, चौतन्य नगर, रायगढ़ रूम नंबर 16, 17 सेकण्ड-2, फ्लोर को किसी भी तरीके से अंतरण पर रोक लगाते हुए उक्त संपत्ति निक्षेपकों के हितों के संरक्षण के उद्देश्य से नायब तहसीलदार रायगढ़ द्वारा किए गए।

# पैरामेडिकल कोर्स चालू कर स्वास्थ्य विभाग में भर्ती करे सरकार : तरुण वर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ पलारी
www.dailypioneer.com



जोगी सरकार में पैरामेडिकल कोर्स को मान्यता दी गई थी। जिन्हें उस वक्त जोगी डाक्टर के नाम से जाना जाता था । जिसकी मान्यता बाद में रमण ने समाप्त कर दी थी। उन्हें इस कोरोना की महामारी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था हेतु अधिकृत करने की मांग तरुण वर्मा ने की है। बलौदाबाजार- पलारी- जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी के प्रदेशाध्यक्ष अमित जोगी ने जिलाध्यक्षों की वर्चुवल बैठक ली । जिसमें कोविड काल मे पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रभावितों को सहयोग करने के निर्देश दिये। जिस पर बलौदा बाजार के जिलाध्यक्ष तरुण वर्मा ने अपनी का बात रखते हुए कहा कि प्रदेश भर में पुलिस स्वास्थ्य कर्मियों व शिक्षा विभाग के कर्मियों सहित तमाम कोरोना वारियर्स को विशेष कोरोना भत्ता दे सरकार व सभी कोरोना वारियर्स का एक एक करोड़ का बीमा भी सुनिश्चित करें सरकार ताकि अगर डयूटी के समय कोरोना से किसी की मौत हो जाये तो उनके परिवार को मुआवजे के साथ साथ बीमा की राशि भी मिल सके । साथ ही कहा कि जिले के प्रत्येक ब्लाक मुख्यालय में कम से कम 30 बेड का सर्वसुविधायुक्त ऑक्सीजन बेड वाला कोविड अस्पताल तत्काल शुरु करे। साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या व आक्सीजन की कमी से हो रही मौतों को देखते हुए। कम से कम प्रत्येक पंचायत मे 5-10 पांच दस आक्सीमीटर व कम से कम दो आक्सीजन सेलेंडर किट सहित की व्यवस्था करे । जिसका खर्च भी ग्राम पंचाय स्वंम 14 ,15,16 वृत व मुल भुत की राशि से कर सकती है । जिसमे अधिक्तम 50-60 रुपये ही खर्च आयेगा ।

# 18 प्लस टीकाकरण के ख़िलाफ जेजेसी नेता अमित जोगी ने हाईकोर्ट में लगाई याचिका

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने छत्तीसगढ़ सरकार के 30 अप्रेल को 18 प्लस वालो के टीकाकरण अभियान में आरक्षण लागू करने के निर्णय को चुनौती देते हुए अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर दी है,याचिका में अमित जोगी ने दलील दी कि छत्तीसगढ़ सरकार का टीकाकरण में आरक्षण लागू करने का निर्णय असंवैधानिक और अनैतिक होने के साथ-साथ ग़ैर-वैज्ञानिक भी है। टीके की खुराक पहले उन लोगों को लगना चाहिए जिनके संक्रमित होने की अधिक सम्भावना है, भले ही वे किसी भी वर्ग या जाति के क्यों न हों। इस बात का निर्णय अस्पताल में विशेषज्ञ-डॉक्टर ही ले सकते हैं न कि वातानुकूलित कमरों में बैठे ग़ैर-विशेषज्ञ नेता,याचिका में अमित जोगी ने कहा कि भारत के संविधान के अंतर्गत किसी भी शासक को यह तय करने का अधिकार नहीं दिया जा सकता कि कौन जिये और कौन मरे। टीकाकरण का आधार आरक्षण की जगह विज्ञान होना चाहिए और उपचार का केवल एक ही आधार होता है जिसे चिकित्सा की भाषा में ट्रीआज़ कहा जाता है,याचिका में अमित जोगी ने उल्लेख किया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 अप्रेल को बुलाई सर्वदलीय बैठक में उन्होंने लिखित में कोरोना के रोकथाम, नियंत्रण और उपचार के लिए सुझाव दिए थे। इसमें उन्होंने शासन से आग्रह किया था कि '1 मई से शुरू होने वाले 18-45 आयु के लक्षित समूह के टीकाकरण अभियान में ट्रीआज़ के आधार पर पूर्व रोग से ग्रसित लोगों को पहले टीका लगाया जाना चाहिए,अमित जोगी ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रचलित वैज्ञानिक सिद्धांतों को ताक में रखते हुए मनमाने तरीक़े से टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है जिसका ख़ामियाज़ा वास्तविक ज़रूरतमंदों को अपने जीवन से चुकाना पड़ सकता है। अमित जोगी ने हाईकोर्ट से इस मामले पर प्राथमिकता से सुनवाई करने की भी गुहार लगाई है।

# सप्ताह के अंत तक 600 बिस्तर कोविड अस्पताल शुरू होने की संभावना

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के नई मण्डी परिसर में 600 बिस्तर नये कोविड अस्पताल का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस सप्ताह के अंत तक इसके प्रथम चरण का काम पूर्ण होने की संभावना है। प्रथम चरण में 320 बिस्तर अस्पताल की तैयारी की जा रहीं है। जिसमें 120 ऑक्सीजन युक्त बिस्तर एवं 200 सामान्य बिस्तर शामिल हैं। रायपुर के लोकसभा सांसद सुनील सोनी और भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रस्तावित अस्पताल परिसर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। जिले के कोविड के बढ़ते मामले को देखते हुए इस बड़े अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। जिले के जनप्रतिनिधियों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, दानदाताओं के सहयोग और डीएमएफ की राशि मिलाकर 600 बिस्तर युक्त इस बड़े कोविड केयर अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। कोरोना के सामान्य रोगियों के साथ - साथ ऑक्सीजन की जरूरत वाले मरीजों का इलाज भी यहां किया जाएगा। सांसद सोनी और विधायक शर्मा ने प्रस्तावित अस्पताल के विभिन्न कमरों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर काम कर रहे मज़दूरों सहित इंजीनियरों, तकनीकी कर्मचारियों से चर्चा भी की। जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने जिले में कोरोना के ताजा हालात से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले हर रोज़ एक हज़ार के लगभग आते थे। प्रकरणों की संख्या अब कम आने लगी है।उन्होंने हॉस्पिटल की तैयारी को लेकर कहा कार्य अंतिम चरण में ट्रांसफार्मर, ऑक्सीजन पाईप लाइन, एसी, बिजली, पंखे, स्टोर सेटअप सहित पीने की पानी की व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य पूरे हो चुके हैं। केवल शौचालय कुछ निर्माण कार्य बाकी है। साथ ही एक महत्वपूर्ण सामग्री वैक्यूम पंम गुजरात से आ रहा हैं। उसके पहुँचते ही फाईनल टेस्टिंग कर हॉस्पिटल को स्वास्थ्य विभाग को दे दी जाएगी। इस अवसर पूर्व विधायक सनम जांगड़े, देवजी भाई पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि मणिकांत मिश्रा, एडीएम राजेन्द्र गुप्ता,एसडीएम महेश राजपूत, सीएचएमओ डॉ खेमराज सोनवानी, लोक निर्माण विभाग ईई वर्मा, मंडी सचिव सहित अन्य विभागों के प्रमुख अधिकारी कर्मचारी गण सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण भी उपस्थित थे।

### राजमन बेंजाम ने पत्रकारों को फ्रंट लाइन वर्कर का दर्जा देने की अनुशंसा की



**जगदलपुर।** वर्तमान कोरोनावायरस संक्रमण को देखते हुए तथा बस्तर सहित पूरे प्रदेश में पत्रकारों के द्वारा अपनी जान को जोखिम में डालकर जिस तरह से खबरों को जनता के सामने ला रहे हैं उसे देखते हुए मध्य प्रदेश, बिहार एवं उड़ीसा राज्य के द्वारा अपने यहां के पत्रकारों को फ्रंट लाइन वर्कर मानते हुए वैक्सीनेशन में प्राथमिकता देने की घोषणा की है। बस्तर जिला पत्रकार संघ के द्वारा विधायक चित्रकोट राजमन बेंजाम के माध्यम से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मांग की गई थी की प्रदेश के पत्रकारों को फ्रंट लाइन वर्कर मानते हुए वैक्सीनेशन में प्राथमिकता एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएं जिसपर विधायक चित्रकोट राजमन बेंजाम ने पत्रकारों की मांगों को जायज मानते हुए उनकी मांग का समर्थन किया है और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर प्रदेश के पत्रकारों को फ्रंट लाइन वर्कर मानने की अनुशंसा की है। विधायक चित्रकोट राजमन बेंजाम की इस पहल के लिए बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष एस करीमुद्दीन एवं सचिव धर्मेन्द्र महापात्र सहित पत्रकारों ने आभार व्यक्त किया है।

**मोहल्लेवासियों ने विधायक व कलेक्टर का आभार माना**

# कोविड टेस्ट सेंटर का स्थान बदला

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




सत्तीगुड़ी चौक स्थित इंदिरा गांधी प्राथमिक शाला में कोरोना संग्रहण सैंपल केंद्र बनाया गया था। जिसके कारण यहां के मोहल्लेवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विगत 24 अप्रैल को डीएम भीम सिंह को मोहल्ले वासियों ने बिंदुवार समस्याओं को लेकर आवेदन दिया था कि इस टेस्ट सेंटर को अन्यत्र कहीं स्थानांतरित किया जाए ताकि मोहल्ले में कोरोना महामारी फैलने का डर ना रहे। इस विषय में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, नगर निगम महापौर जानकी काटजू, डीएम भीम सिंह, निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एस एन केसरी व अन्य अधिकारियों के बीच वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से वर्चुअल मीटिंग में कोविड-19 प्रबन्धन को लेकर समीक्षा बैठक की गई थी। इसी मीटिंग के दौरान विधायक प्रकाश नायक ने इस कोविड टेस्ट सेंटर के कारण मोहल्ले में सैकड़ों की तादाद में हो रही भीड़ तथा गलियों में बेतरतीब टेस्ट कराने आए लोगों द्वारा गंदगी फैलाए जाने के विषय के संवेदनशील मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा करते हुए मोहल्ले वासियों के सुरक्षा के लिए इसे अन्यत्र कहीं और शिफ्ट कराने के लिए उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, कलेक्टर भीम सिंह से चर्चा किया। मोहल्ले वासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर भीम सिंह ने इस कोविड टेस्ट सेंटर को गत दिवस ही यहां से हटाने का आदेश दे दिया था।

# प्रशासन ने नियम का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर लगाया 17 हजार का जुर्माना

■ **गाइड लाइन का पालन नहीं करने वालो पर जारी रहेगी कार्यवाही : एसडीएम**

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिले में लागू लॉकडाउन के दौरान जिलेवासियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इस बात को ध्यान रखते हुए किराना दुकान, मछली, चिकन, मटन एवं अंडा विक्रेता, फल विक्रेता और सब्जी विक्रेताओं को होम डिलिवरी की सुविधा प्रदान की है। जिले में होम डिलिवरी हेतु कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 07781-252214 है। उक्त निर्देशों का उल्लंघन करने वाले ग्रामीण क्षेत्रो के दुकानदारों पर एसडीएम श्री दिनेश कुमार नाग एवं उड़न दस्ता टीम ने छापामारी कार्यवाही की। छापेमारी कार्यवाही ब्रेहबेडा, मड़काबेडा, धौड़ाई एवं झारा के दुकानदारो पर की गई एवं 17 हजार 200 रुपये का जुर्माना लगाया गया। एस डी एम दिनेश कुमार नाग ने बताया कि विवाह एवं सामूहिक कार्यक्रम में छापेमारी कार्यवाही से अब होने वाले विवाह कार्यक्रम एवं सामूहिक कार्यक्रम में शासन की गाईडलाइन का पालन किया जा रहा है। इस अवसर पर तहसीलदार सुनील सोनपिपरे एवं केतन भोयर सहित उड़न दस्ता दल के सदस्य और नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद थे।

# 15 मई तक बढ़ा लॉकडाऊन, इलेक्ट्रॉनिक्स सेवाओं को मिली छूट, किराना-सब्जी के लिए समय बढ़ाया गया

- पेट्रोल पंप भी आम लोगों के लिए खोले गए, कुछ सहूलियतों के साथ प्रतिबंध जारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिले में लॉकडाऊन 5 से 15 मई तक के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। लॉकडाऊन का यह चौथा चरण है। 10 अप्रैल से शुरु हुआ यह सिलसिला अब 15 मई तक लागू रहेगा। कलेक्टर टीके वर्मा ने कहा कि 15 मई की सुबह 6 बजे तक के लिए लॉकडाऊन बढ़ाया जा रहा है। दरअसल, लॉकडाऊन बढ़ाए जाने को लेकर राजधानी में रणनीति तय की गई। यहां पूरे दिन चली जद्दोजहद के बाद लॉकडाऊन के चौथे चरण में दी जाने वाली छूट को दो श्रेणियों में बांटा गया है। ए और बी श्रेणी के शहरों में अलग-अलग तरह की छूट दिए जाने का फैसला लिया गया। किरान दुकानों, सब्जी विक्रेताओं को मिली छूट बढ़ाई गई है। वहीं पेट्रोल पंप भी आम लोगों के लिए खोले जा रहे हैं। 25 दिनों का लॉकडाऊन चौथे चरण में 10 दिन और बढ़ गया है। हालांकि इस बार प्रशासन ने जो आदेश जारी किए हैं उनमें कई नई छूट शामिल की गई है। इसे सख्ती के बीच अनलॉक फेज़ भी माना जा सकता है। कलेक्टर टीके वर्मा ने कहा कि लॉकडाऊन के इस चौथे चरण के आदेश में कुछ रियायतें शामिल की जा रही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, खेती-किसानी से संबंधित छूट दी जाएगी। इसके अलावा किराना दुकानों, सब्जियों को मिले छूट का समय बढ़ाने की बात उन्होंने कही है। वहीं उन्होंने होटल-रेस्टोरेंट को होम डिलीवरी की छूट दिए जाने के फैसले से इंकार किया। उन्होंने कहा कि, रियायतें सिर्फ उन्हीं क्षेत्र के लिए लागू की जा रही है जो जरुरी है और जिससे कोविड संक्रमण की स्थिति संभली हुई ही रहे। पेट्रोल पंप भी आम लोगों के लिए खोले जाने की तैयारी है।

केंद्र के संगठन आईसीएमआर के मुताबिक मंगलवार की शाम 6 बजे तक राजनांदगांव जिले में 531 पॉजिटिव मामले सामने आए थे। गौरतलब है कि बीते हफ्ते में जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या घटती दिख रही है। खासकर राजनांदगांव शहर को कई दिनों बाद बड़ी राहत मिलती दिख रही है। हालांकि चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों का मत है कि अभी दूसरी लहर का खतरा कम नहीं हुआ है। इसलिए ऐहतियात बरतने की जरुरत है। सरकार भी इसे लेकर कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहती। इसलिए लॉकडाऊन आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

## क्विक न्यूज

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोठारी की अपील, अनुचित मुनाफाखोरी ना करें व्यापारी



**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष पदम कोठारी ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वह इस वैश्विक महामारी के दौर पर अनुचित मुनाफाखोरी ना करते हुए जनता को राहत दे। उन्होंने कहा कि जहां पूरा देश प्रदेश परेशानी से जूझ रहा है इस पर मुनाफाखोरी करना उपभोक्ता के साथ अन्याय होगा। जिले के कुछ हिस्सों से शिकायत मिली है कि खाने पीने की हर वस्तुएं आलू, प्याज, लहसुन, मसाला, दाल, आटा, तेल आदि सामानों का रेट बढ़ाकर और एमआरपी वाली चीजों को एमआरपी रेट से अधिक मूल्य में बेचा जा रहा है। जिससे आम जनता में मुनाफाखोर व्यापारियों के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान विकट काल की स्थिति में हम सभी को एक दूसरे का सहयोग कर मानवता का परिचय देते हुए कार्य करना है। जिले के कई हिस्से से लगातार आवश्यक वस्तु जैसे किराना समान, मेडिकल उपकरण ऑक्सीमीटर, थर्मामीटर में भी मुनाफाखोरी की शिकायत मिल रही है। यह शिकायत जिले की जनता द्वारा मोबाइल फोन माध्यम से कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियो को की जा रही है।

## निधन

### डारेलाल साहू



**छुरिया।** विकासखंड के ग्राम जोशीलमती निवासी 50 वर्षीय डारेलाल साहू का कोविड 19 संक्रमण के चलते निधन हो गया। दिवगंत साहू व्यसायी थे। राजनांदगांव पेंड्री हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। 03 मई को उन्होंने अंतिम सांसे ली। श्री साहू अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। क्षेत्र के लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार उनका अन्तिम संस्कार ग्राम जोशीलमती के मुक्तिधाम में किया गया।

# महाराष्ट्र की देशी संत्री शराब के साथ युवक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर सहित अंचल में अवैध शराब के कारोबार की खबरों के मध्य पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। केरेगांव व करेठी तिराहे समीप युवक को डोंगरगांव नगर पुलिस महाराष्ट्र निर्मित 80 नग देशी संत्री शराब के साथ गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर नाकाबंदी कर आरोपी को बिना नम्बर की होण्डा साईन एसपी125 बाइक में अवैध परिवहन करते हुए धर दबोचा गया है।

पुलिस ने आधिकारिक तौर पर बताया कि एसपी डी श्रवण राजनांदगांव, एएसपी जयप्रकाश बढाई के निर्देशन मे एसडीओपी घनश्याम कामड़े अं.चौकी के मार्गदर्शन में टीआई केपी मरकाम थाना डोंगरगांव नगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में आबकारी एक्ट के तहत मुखबिर सक्रिय किये गये है। 3 मई को मुखबिर सूचना पर बादराटोला- करेठी-केरेगांव तिराहे पर नाकाबंदी की गई। बादराटोला की ओर से एक बाईक सवार को महाराष्ट्र निर्मित देशी संत्री शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी उमेद कुमार साहू पिता सुबेलाल साहू, उम्र 25 साल, साकिन ग्राम बादराटोला, थाना डोंगरगांव नगर, जिला राजनांदगांव के पास एक सफेद रंग प्लास्टिक के बोरी में रखे महाराष्ट्र निर्मित 80 नग देशी देशी संत्री प्रत्येक में 180 एमएल भरा हुआ सीलबंद कुल जुमला 14.400 बल्क लीटर कीमती 4160 रूपये व बाइक होण्डा एसपी 125 सोल्ड कीमती करीबन 90,000 रूपये बरामद किये गए।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास शराब की कोई वैध कागजात नहीं होने से आरोपी के खिलाफ थाना डोंगरगांव नगर में 129/2021 धारा 34 ( 2 ) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया गया। उक्त कार्रवाई में सउनि बेदराम चन्द्रवंशी, योगेश साहू, मनोज ठाकुर, फिरेन्द्र सिंह व टीका राम ने अहम भूमिका रही है ।

# लापता सहायक आरक्षक का कोई सुराग नहीं, पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की

- जहां से बाईक मिली वहां दोबारा पहुंची संयुक्त पुलिस टीम

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बीते 28 अप्रैल से लापता सहायक आरक्षक मनोज नेताम के मामले में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल पतासाजी के निर्देश दिए हैं। दरअसल, सप्ताह भर से लापता कांकेर जिले के कोड़ेकुर्से थाना में पदस्थ सहायक आरक्षक मनोज नेताम का अब तक कुछ पता नहीं चल सका है। 28 अप्रैल को कोड़ेकुर्से थाना क्षेत्र के ही अपने गृह गांव जदेकुर्से से वह अपनी बाइक पर निकला था। एक मई को मनोज की बाईक नक्सल प्रभावित मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रानवाही के पास बरामद हुई जिसमें संदिग्ध नक्सल पर्चा भी चस्पा किया गया था। यह क्षेत्र कांकेर जिले की सीमा से लगा हुआ है।



राजनांदगांव और कांकेर जिला पुलिस संयुक्त तौर पर जवान की पतासाजी में लगे हुए हैं।

मानपुर क्षेत्र के एसडीओपी हरिश पाटिल ने कहा कि सोमवार को दोनों जिले की संयुक्त टीम ने जवान के गृहग्राम पहुंच कर परिजनों व अन्य से पूछताछ की। इसके अलावा टीम ने उस जगह का भी निरीक्षण किया जहां मनोज की बाईक मिली थी। उन्होंने कहा कि बाईके के पास से बरामद हुआ नक्सल पर्चा संदिग्ध था। जवान को लापता हुए सप्ताह बीत चुका है। अगर, नक्सलियों ने उसका अपहरण किया होता या कोई अन्य वारदात होती तो इसका सुराग मिल चुका होता। बहरहाल, उन्होंने कहा कि हम फिर भी नक्सल एंगल को लेकर भी इस मामले की जांच कर रहे हैं।

एसडीओपी पाटिल ने यह भी कहा कि, मामले में कई और दृष्टिकोण हैं जिन्हें नज़र अंदाज नहीं किया जा सकता। आपसी रंजीश जैसा मामला भी सामने आ सकता है। उन्होंने बताया कि जहां से जवान की बाइक बरामद हुई थी उस क्षेत्र में सर्चिंग के बाद भी पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा है। उन्होंने बताया कि इस मामले में हम कांकेर पुलिस की पूरी सहायता कर रहे हैं और हमारा प्रयास जल्द से जल्द जवान को ढूंढ निकालना ही है।

# छत्तीसगढ़ में पत्रकारों को फ्रंट लाइन वारियर्स का मिले दर्जा : अग्रहरि

- राजनांदगांव प्रेस क्लब अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से किया आग्रह
- कोरोना काल मे पत्रकार निभा रहे अहम भूमिका

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रेस क्लब राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आग्रह किया है कि छत्तीसगढ़ के पत्रकार कोरोना से जंग लड़ रहे हैं और हर छोटी बड़ी खबरों को लोगो तक पहुंचाने का काम निर्भीक होकर कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के पत्रकारों को भी फ्रंटलाइन वारियर्स घोषित करना चाहिए।



अग्रहरि ने कहा है कि राजनांदगांव के अलावा राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ राज्य के हर हिस्से में पत्रकार साथियों द्वारा कोरोना के खिलाफ जंग में अपनी जान की परवाह किये बिना लगाकर अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं और संक्रमण की चपेट में भी आ रहे हैं। राजनांदगांव के कुछ पत्रकार साथियों की कोरोना संक्रमण से मौत भी हो चुकी है तथा कई पत्रकार संक्रमण की चपेट में आये है और संघर्ष भी कर रहे हैं। जिनकी रक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। श्री अग्रहरि ने आगे कहा कि पत्रकार हित में तत्काल संवेदनशीलता के साथ सरकार को राहत देना चाहिए, यही मेरा सरकार से निवेदन है। मुझे उम्मीद है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल जल्द ही पत्रकार साथियों को फ्रंट लाइन वारियर्स घोषित करेंगे और पत्रकारों के हित मे पहले भी अनेक निर्णय छत्तीसगढ़ सरकार ने लिए भी हैं।

# जिले में 71 हजार 001 अंत्योदय कार्ड, इनमें 2 लाख से ज्यादा सदस्य

## अंत्योदय कार्डों में दर्ज हो वैक्सीनेशन की जानकारी : रुपेश दुबे

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की दूरगामी सोच के साथ 18 + में अंत्योदय कार्ड हितग्राहियों को कोरोना वैक्सीन के लिए प्राथमिकता देने का जो निर्णय लिया है वह गरीब हितैषी हैं। जिसके लिए अंत्योदय परिवार स्वयं आगे आ कर जल्द टीका लगवाये।

दुबे ने बताया कि राजनांदगांव जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में 11 हजार 511 राशन कार्ड में 33 हजार 331 सदस्य व ग्रामीण इलाकों में 59 हजार 490 कार्डो में 2 लाख 16 हजार 160 सदस्य हैं। इस प्रकार जिले में कुल 71 हजार 001 राशन कार्ड हैं जिसमें 2 लाख 49 हजार 491 कुल सदस्य हैं। इनमें से 18 वर्ष से 44 वर्ष के पुरूष व महिलाओ को कोरोना वैक्सीन का निशुल्क लाभ मिलना है। इस पुनीत कार्य में नगरीय निकाय के पार्षद,एल्डरमैन, जिला व जनपद सदस्य ,ग्राम के सरपंच पंच निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक धार्मिक संगठनों की प्रमुख भूमिका के साथ मजबूत कार्य योजना के साथ काम करने की जरूरत है। जनजागरूकता से ही कोरोना से बचाव संभव है अन्यथा सभी योजना धरी की धरी रह जायेगी।उन्होंने कहा कि अंत्योदय कार्ड धारियों के नाम सीधे खाद्य विभाग के पोर्टल से स्थानीय जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा कर कुल संख्या के आधार पर तिथि निर्धारित किया जाना चाहिए। तय तिथि में मुखिया व कार्ड में नाम अनुसार पात्र सदस्य खुद वेक्सिन लगवाये ताकि अन्य को जल्द अवसर मिले। हितग्राहियों के राशन कार्ड में वैक्सीन की तिथि व वैक्सीन का नाम दर्ज किया जाना चाहिए और वही राशनकार्ड शासन की योजनाओं के लिए मान्य किये जाय। उन्होंने कहा कि अभी समय सभी वर्ग को सुरक्षित रखने की है व सबको निःशुल्क टीका लगवाने की मंशा छग सरकार की है। अतः अमीर गरीब के भेद का भ्रम फैलाना उचित नही है। संख्या के आधार पर समय रहते टीका नहीं लगने से परेशानी सभी के लिए बढ़ेगी जो जनहित में उचित नही है। टीकाकरण को सफल बनाने ठोस व दृढ़ निश्चय निर्णय के साथ कार्य करने की जरूरत है। क्योंकि कोरोना के इस बुरे दौर में भी लापरवाही व वैक्सीन की बर्बादी भी जगजाहिर है जो सभी के लिये घातक है।

# दो युवकों की कोरोना से मौत के बाद घुमका में मातम

- नहीं सुधर रही स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

घुमका में कोरोना से दो युवकों की मौत ने ग्रामीणों को गमगीन कर दिया है। सब स्टेशन में आपरेटर पद पर कार्यरत एक युवा और एक शिक्षक की मौत से ग्रामीणों और सम्बंधित विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। दोनों मृतक युवा उम्र के हैं सप्ताह भर पहले सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन उपचार के दौरान सोमवार को मौत हो गई।

घुमका निवासी युवक का प्रोटोकॉल के तहत मुक्तिधाम में काफी गमगीन माहौल में परिजनों व ग्रामीणों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। दोनो युवकों की एक-एक छोटी बच्ची है और भरे पूरे दोनो परिवारों में कोहराम मच गया । घुमका में कोरोना से अब तक कुल चार लोगों की मौत हो चुकी है बावजूद इसके स्थिति को नियंत्रित करने स्वास्थ्य और पंचायत विभाग का कोई ठोस कदम धरातल पर नजर नहीं आ रहा है।

घुमका में तकरीबन 50 लोगों को कोरोना की पुष्टि हो चुकी है। इसके बाद भी पंचायत और स्वास्थ्य विभाग ने गांव को सेनेटाइज करना तक जरूरी नहीं समझा। हालात बिगड़ने पर युवाओं ने सेनेटाइजर छिड़काव का बीड़ा उठाकर चार दिन के अथक परिश्रम से पूरे घुमका में स्प्रे किया। पंचायत और स्वास्थ्य विभाग के अनदेखी से ग्रामीणों को कोरोना को लेकर काफी असमंजस झेलना पड़ रहा है।

कोरोना नियंत्रण के खर्च के लिए दोनों विभाग बजट का रोना रो रहे हैं। हालांकि जनपद पंचायत के आला अधिकारियों के मुताबिक कोरोना के लिए पंचायतो को अलग से राशि जारी नही की गई है। जबकि स्वास्थ्य विभाग को सीधे शासन से फंड जारी किया गया है। लिहाजा बजट को लेकर हो रहे विरोधाभास के बाद स्वास्थ्य विभाग के खर्चों की पड़ताल जरूरी बताया जा रहा है। जबकि अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल ने जीवनदीप समिति में उपलब्ध राशि और प्राप्त फंड को खर्च करने का निर्देश महकमे के अधिकारियों को दिया है। कोरोना नियंत्रण के मामले में स्वास्थ्य विभाग के तौर तरीकों को लेकर घुमका के ग्रामीणों, पंचायत पदाधिकारियों और संगठन के नेताओं ने विधायक को अपनी नाराजगी से अवगत करा दिया है।

**होम आइसोलेशन के प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने वालों पर करें कार्रवाई**

# कोरोना की गंभीर स्थिति से बचने का सबसे अच्छा उपाय वैक्सीनेशनः कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कंटेनमेंट जोन शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करना जरूरी है। कोरोना से सुरक्षा के लिए जारी दिशा-निर्देशों एवं प्रोटोकॉल का सभी स्तरों में पालन होना चाहिए। शासन के निर्देशानुसार सीमावर्ती क्षेत्र को सील किया गया है। अन्य राज्य से आने वाले सभी यात्रियों का निगेटिव रिपोर्ट एवं सैम्पलिंग लिया जा रहा है। इन यात्रियों की जानकारी पंजी में संधारित करें। जिससे प्रतिदिन आने वाले लोगों की संख्या की जानकारी मिल सके। उन्होंने कोविड-19 के 18 से 44 वर्ष आयु के वैक्सीनेशन की समीक्षा करते हुए कहा कि वैक्सीन लगाने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि होना चाहिए। नागरिकों को यह समझाईश दें कि स्वास्थ्य विभाग, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वैक्सीन लगाएं हैं, वे सुरक्षित होकर लगातार कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि गांवों में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर वैक्सीनेशन के बारे में लोगों को जागरूक करें। जिन स्थानों पर वैक्सीनेशन किया जा रहा है इसकी सूचना पहले दी जाए। साथ ही सभी सामुदायिक केन्द्रों में वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है। 45 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्ति जिन्होंने टीका का पहला डोज लगाया है उन्हें भी दूसरे डोज के लिए प्रेरित करें। कोरोना की गंभीर स्थिति से बचने का सबसे अच्छा उपाय वैक्सीनेशन है। जिन लोगों को वैक्सीन लगाया जा रहा है उनसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन लगातार संपर्क कर स्वास्थ्य की जानकारी लें। सर्दी, खांसी, बुखार लक्षण वाले मरीज, गर्भवती माताओं को वैक्सीन नहीं लगाना है। कुछ व्यक्तियों द्वारा टीकाकरण का दुष्प्रचार किया जा रहा है तथा इसके प्रति भ्रांति फैलाई जा रही हैं, उनपर एफआईआर की कार्रवाई होनी चाहिए। वैक्सीनेशन कराने वाले सभी व्यक्तियों का रिकार्ड सुरक्षित रखें। अनेक स्थानों पर झोलाछाप डॉक्टर मरीजों को भ्रमित कर रहे हैं। इन डॉक्टरो पर लगातार कार्रवाई करें। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि जिन गांवों में कोविड-19 के केस अधिक आ रहे हैं उन गांवों में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। गांव में होम आइसोलेशन में रहने वाले नागरिक प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं तथा पॉजिटिव होने पर भी बाहर घूम रहे हैं, ऐसे लोगों पर कार्रवाई करें तथा इसका कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। इसके लिए पुलिस तथा अन्य अधिकारियों की मदद लेकर कार्य करें। पॉजिटिव आने वाले मरीजों के घरों के सामने मार्किंग करें। जिन घरों में पॉजिटिव मरीज आ रहे हैं और होम आइसोलेशन के मापदण्ड के अनुसार सुविधा नहीं है ऐसे मरीजों को कोविड केयर सेंटर में रखना सुनिश्चित करें। जिन गांवों में एक-दो केस है वहां मरीजों को कोविड केयर सेंटर में रखें साथ ही अधिक केस आने वाले गांवों में कोविड केयर सेंटर बनाकर सभी मरीजों को रखा जाए। जिससे पूरे गांव को संक्रमित होने से बचाया जा सके। ऐसे गांव जहां कोविड-19 के केस नहीं है उन गांवों में मनरेगा के कार्य सुनिश्चित करें। वन क्षेत्रों में तेन्दूपत्ता संग्रहण तथा विक्रय का कार्य किया जाएगा। उन स्थानों पर कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य है। इन जगहों में भीड़ नहीं होनी चाहिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने कहा कि सर्दी, खांसी, बुखार तथा प्राथमिक कॉन्टेक्ट वाले नागरिकों का सैम्पलिंग करें। होम आइसोलेशन की पात्रता उन्हीं को दिया जाए जो प्रोटोकॉल मापदण्ड के अनुसार आते हैं। होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीजों के परिजन घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए।

# प्रत्येक माह निराश्रित पेंशन नहीं मिलने से हितग्राही परेशान : आशीष डोंगर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



केंद्र व राज्य सरकार के सहायता मिलने वाले वृद्धा अवस्था, दिव्यांश, विधवा व परित्यक्ता हितग्राहियों को कोरोनाकाल में समय पर नगर पालिक निगम भुगतान नहीं कर रहा है। इसके चलते हितग्राहियों की आर्थिक व पारिवारिक स्थिति खराब होती जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता लखोली वार्ड नंबर 36 के पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरे ने बताया कि नगर निगम में निराश्रित पेंशन 03 महीने से नहीं मिलने के कारण लॉकडाउन में हितग्राही परेशान है। उन्होंने नगर निगम कमिश्नर व महापौर को ध्यानाकर्षण दिलाते हुए कहा कि निराश्रित पेंशन अगर बैंक के माध्यम से देने में परेशानी होते हैं, तो वार्डो में पहले जैसी व्यवस्था करे। वैसे ही कोरोनावायरस को ध्यान में रखते हुए निराश्रित पेंशन भुगतान की व्यवस्था करना चाहिए । डोंगरे ने कहा कि निराश्रित पेंशन हितग्राही अपने निराश्रित पेंशन की आस में 03 महीने से इंतजार कर रहे हैं। वार्ड नंबर 36 सहित 51 वार्डो के हितग्राही आए दिन निराश्रित पेंशन नहीं मिलने की जानकारी देते रहते हैं। इसलिए मैं नगर निगम प्रशासन अपेक्षा करता हूं, लॉकडाउन की स्थिति को देखते हुए कोई ऐसा व्यवस्थित विकल्प तैयार करें जिससे हितग्राहियों को समय पर भुगतान हो सके। कोविड-19 के चलते राजनांदगांव शहर में संपूर्ण लॉकडाउन की वजह से हितग्राहियों को आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए नगर निगम वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए निराश्रित पेंशन धारियों को पेंशन की राशि तुरंत उपलब्ध कराएं जिससे इस लॉकडाउन में उन्हें कुछ मदद मिल सके और जीवन जीने में आसानी हो सके।

## क्विक न्यूज

### हाईकोर्ट ने बीडीएस की ऑफ लाइन परीक्षा में रोक लगाई

बिलासपुर। हाई कोर्ट ने आयुष विवि द्वारा कोरोना संक्रमण दौरान बीडीएस की ऑफ लाइन परीक्षा लिए जाने पर तत्काल रोक लगाते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आयुष विश्व विद्यालय ने बीडीएस की ऑफ लाइन परीक्षा लेने समयसारणी घोषित किया है। 2 मई से परीक्षा होना था। इसके खिलाफ छात्रों ने अधिवक्ता धीरज वानखे? के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की। याचिका में कहा गया कि कोविड 19 का संक्रमण तेजी से ब? रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में लॉक डाउन किया गया है। कई परीक्षार्थी कोरोना संक्रमित है। ऐसे में ऑफ लाइन परीक्षा लिए जाने से संक्रमण के और ब?ने की आशंका है। इसके अलावा संक्रमित छात्र परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो जायेंगे। हाई कोर्ट ने सुनवाई उपरांत संकट के समय मे ऑफ लाइन परीक्षा लिए जाने को अनुचित मानते हुए 2 मई से प्रारंभ होने वाले बीडीएस की ऑफ लाइन परीक्षा में रोक लगा दी है।

### सभी वर्गों का हो टीकाकरण हो : नीतू

बेमेतरा। पिछले दिनों कोरोनावायरस की दूसरी लहर आने के बाद से ही देश में संक्रमण ने अपना पैर पैर भरावां रूप से फैलाया है



जिससे क एकमात्र इलाज के रूप में अब वैक्सीन का सहारा नजर आ रहे है जिसके लिए केंद्र व राज्य सरकार भी लगातार प्रयासरत है इसी बीच 45 वर्ष के नागरिकों का कोरोना वैक्सीन नेशन के पश्चात1 मई से 18 वर्ष की उम्र और अधिक के नागरिकों को वैक्सीन की प्रथम डोज के पश्चात कोरोना की संक्रमण का खतरा कम होने का संभावना है परंतु इस पर भी राज्य सरकार द्वारा जातिवाद देखना केवल बीपीएल कार्ड धारियों को वैक्सीन लगवाना बिल्कुल भी उचित नहीं क्योंकि कोरोना जाति वर्ग भेदभाव को देखकर नहीं होता जिस प्रकार से कोरोना वैक्सीन प्रथम चरण में कोरोनावायरस को दिए गए थे।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों की समीक्षा बैठक लेकर दिए उल्लंघन करने वालों पर एफआईआर दर्ज कर कराएं लॉकडाउन

**रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, वैक्सीनेशन सेंटर्स में भ्रमण कर व्यवस्था का लिया जायजा**

पायनियर संवाददाता | बिलासपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस के द्वारा लॉकडाउन के दौरान संक्रमण से जनता को बचाने के उद्देश्य से व सोशल डिस्टेंसिंग के लिए सख्ती के साथ कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही के दौरान विगत माह अप्रैल में 6628 लोगों पर मास्क ना लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने एवं लॉकडाउन के नियमों का पालन नहीं करने पर विधिवत कार्यवाही की गई है, जिसमें पिछले सप्ताह में ही बिलासपुर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत अग्रवाल के निर्देश पर लगातार 1069 लोगों पर कार्यवाई की गई। इस दौरान थोक राशन विक्रेता,थोक सब्जी विक्रेता एवं अन्य के द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग एवं प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन के पालन नहीं करने पर 44 लोगों पर धारा 269 एवं 270 भारतीय दंड सहिता तथा महामारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।. बिलासपुर पुलिस के द्वारा लॉकडाउन मे तथा कोविड-19 के निर्देशों के परिपालन मे शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर फिक्स पीकेट्स लगाए गए, एवं लगातार सघन चेकिंग कार्यवाही भी की जा रही हैं।

आज पुलिस अधीक्षक बिलासपुर ने रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट एवं वैक्सीनेशन सेंटरो का भ्रमण किया।रेलवे स्टेशन में ट्रेन से आने वाले यात्रियों की चेकिंग एवं चेकिंग स्थल पर कानून व्यवस्था के संबंध में संबंधित थाना प्रभारी एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही आज दिनांक 4 मई से विमान यात्रा से आने वाले यात्रियों के लिए, आरटी पीसीआर टेस्ट अनिवार्य किया गया है, जिसकी चेकिंग नियमित की जानी है, जिन यात्रियों के पास रिपोर्ट नहीं होंगी,उनकी कोविड-19 टेस्ट एयरपोर्ट में ही किया जाना है, जिसकी तैयारियों का एवं सुरक्षा प्रबंध का जायजा पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा एयरपोर्ट में आज लिया गया। 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के आम जनता के वैक्सीनेशन के लिए बनाए गए केंद्र बालमुकुंद स्कूल मे भी भ्रमण कर ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मचारियों को व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

वैक्सीनेशन ड्यूटी में लगे कर्मचारियों से ड्यूटी के दौरान आने आने वाली समस्याओं के विषय में जानकारी लिया गया। आज पुलिस अधीक्षक बिलासपुर प्रशांत अग्रवाल के द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं शहर के समस्त थाना प्रभारियों की बिलासा गुड़ी में लॉकडाउन के पालन हेतु समीक्षा बैठक ली गई।.बैठक के दौरान लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार सख्त कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।. साथ ही ड्यूटी के दौरान पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारिओ को भी स्वयं संक्रमण से बचने के लिए मास्क, सैनिटाइजर एवं सामाजिक दूरी का पालन करने निर्देशित किया गया। किसी भी कर्मचारी को ड्यूटी हेतु मास्क, सैनिटाइजर, फेस शील्ड की कमी न होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिन थानों में आवश्यकता है, वो लाइन से प्राप्त कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि उनके थाना के कर्मचारी यदि संक्रमित हो जाते हैं तो प्रतिदिन उनकी स्वास्थ्य गति, स्थिति की जानकारी फोन के माध्यम से लें और उन्हें यथासंभव सहायता उपलब्ध कराएं।

# रेलवे कर्मियों को शीघ्र कोरोना टीका लगाने की मांग

पायनियर संवाददाता | बिलासपुर
www.dailypioneer.com

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे श्रमिक यूनियन बिलासपुर जोन में रेल कर्मचारी एवं उनके परिजन कोरोना के दूसरी लहर पर बड़ी संख्या में संक्रमित हो रहे हैं । इसके साथ ही रेल कर्मचारी एवं उनके परिजनों की मृत्यु बड़ी संख्या में हो रही है। यूनियन की ओर से यह मांग रखी गई है कि वैक्सीनेशन में तेजी लाने की आवश्यकता है। भारतीय रेलवे में कार्यरत सभी रेल कर्मचारी और उनके परिजनों के लिए रेलवे बोर्ड नियमों के अनुसार स्वास्थ्य लाभ सुविधा रेलवे बोर्ड को ही सुनिश्चित करनी है । कर्मचारी कल्याण निधि से (ख्क्ष्र) खरीद कर रेलवे के सभी अस्पतालों में प्राथमिकता के साथ वैक्सीनेशन लगाया जाए। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं डायरेक्टर जनरल हेल्थ को पत्र लिखकर मांग की है ।

बिलासपुर जोन के तीनों मंडल नागपुर, रायपुर बिलासपुर, मुख्यालय के 40,000 रेल कर्मचारियों को शीघ्र वैक्सीनेशन लगाने की आवश्यकता है। रेल प्रशासन राज्य सरकार के ऊपर निर्भर है जबकि रेलवे केंद्र सरकार की स्वास्थ्य सेवा अपनी स्वयं की उपलब्ध है। कोरोना संक्रमण काल में रेलवे कर्मचारियों ने जज्बे के साथ काम करते हुए आवश्यक वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचाने का काम किए । मालगाड़ी का परिचालन लॉकडाउन अवधि में भी चालू रहा। यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यात्रियों के लिए परिचालन प्रारंभ कर दिया गया है । रेलवे कर्मचारी को कोरोना योद्धा कहा जाता है रेल कर्मचारियों और उनके परिजनों की दिक्कतों का निराकरण शीघ्र करने के लिए यूनियन के मंडल संयोजक एवं सहायक महामंत्री सी नवीन कुमार ने पत्र के माध्यम से प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बिलासपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर के समक्ष मांग रखी कि रेल प्रशासन रेल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के जीवन की रक्षा, संक्रमण के बचाव पर्याप्त साधन उपलब्ध कराए।

# बिना डिग्री झोलाछाप डॉक्टर खुले आम कर रहे इलाज

पायनियर संवाददाता | मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय के नाक के नीचे धड़ल्ले से चल रहे झोलाछाप डाक्टर के दवखाना में सुबह से शाम तक बेतहाशा भीड़ का माहौल बदस्तुर जारी है जिस पर न जिला प्रशासन का अंकुश नजर आ रहा न स्वास्थ्य अधिकारियों को ही उक्त डाक्टर के खिलाफ संज्ञान की आवश्यकता नजर आ रही है, बीते दिनों स्वास्थ विभाग के आला अधिकारी द्वारा ब्लाक प्रमुखो को ऐसे झोलाछाप डाक्टरो पर नकेल कसने की फरमान जारी करने की बात कही गई किंतु जमीनी हकिकत कुछ और ही बया कर रही है। जिले के तीनों ब्लाकों में झोलाछाप डाक्टरों के कारनामों की लंबी फेहरिस्त है किंतु इन डाक्टरों को न तो विभागिय अधिकारियों का कोई खौफ नजर आ रहा है, और न ही इस भीषण कोरोना काल का भय सता रहा । इन डाक्टरों के पास आने वाले ज्यादातर मरीजो में सर्दी,खांसी,बुखार के मरीजो की संख्या बहुतायत रहती है जिसका ये डाक्टर बिना कोई ऐतिहात बरते धड़ल्ले से ईलाज कर मोटी रकम वसूलने में लगे है।



**इलाज के नाम ड्रीप चढाने से लेकर इंजेक्शन, टांका लगाने से भी कोई परहेज नही** – जिला मुख्यालय सहित तीनो ब्लाको में बेखौफपाव पसार चुके इन डाक्टरों के पास इलाज के नाम पर इलाज के नाम ड्रीप चढाने का सबसे ज्यादा विकल्प रहता है, जिसमें ये मोटा रकम वसूलते है। मिली जानकारी के अनुसार मेडिकल स्टोर्स में बुखार में ज्यादातर काम आने वाले सीप्रो मेट्रो डीएनएस डी5 से ड्रिप जो लगभग 50 तक मिल जाते है, उसका ये झोलाछाप डाक्टर लगभग 300 से 400 रूप्ये तक वसूलते है । वही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी के मुताबिक इन झोलाछाप डाक्टरों को इंजेक्शन की भी अनुमती नही दी जा सकती जिसके बावजूद भी ये लोगों मरीजों के इलाज में लगे हुए है ।

**ग्रामीण मरीजों को एमबीबीएस डाक्टरो पर भरोसा न के बराबर-** एमबीबीएस डाक्टरो द्वारा मर्ज के अनुरूप दवा दिये जाने और आवश्यक होने पर ही ड्रीप लगाया जाता है जिसमे चलते ग्रामीण क्षेत्रो से जिला अस्पताल आने वाले मरीजो को डाक्टरों के पास ड्रीप या ताकत का इनजेक्शन लगाने के लिए कहते आसनी से देखा जा सकता है। इसका मुख्य कारण झोलाछाप डाक्टरों द्वारा बेवजह का ड्रीप या मल्टीविटामिन का इंजेक्शन लगाना रहा है । जिससे मरीजो को तत्काल राहत मिलती है।

जबकि हाईकोर्ट द्वारा इन झोलाछाप डाक्टरों के ईलाज के दौरन हुई मौत को देखते हुए प्रशासन को इन पर रोक लगाने पहले ही आदेश जारी किया जा चुका था, ज्ञात हो झोलाछाप डाक्टरो के ज्यादातर कारनाम लोरमी इलाके में ज्यादा नजर आते है, जिसपर लोरमी ब्लाक चिकित्सा अधिकारी द्वारा अमूमन कार्यवाही तो की जाती रही है किंतु इसके बावजूद भी इन लोगो के हैसलो में कोई कमी नजर नही आई है।

# हम जिंदगी के कीमत पर बाजार खोले जाने के पक्ष में नहीं : डॉ निर्वाणी

पायनियर संवाददाता | बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिलाधीश शिव अनंत तायल को किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव डॉ सौरभ निर्वाणी ने पत्र लिखकर बेमेतरा जिले में बीते दिनों से करोना के संक्रमण दर में आई गिरावट के लिए प्रशासकीय मुस्तैदी के लिए साधुवाद देते हुए आग्रह किया है कि लॉक डाउन को 14 दिनों के लिए और बढ़ा दिया जाए ताकि संक्रमण की पूरी चैन को तोड़कर उस पर नियंत्रण पाया जा सके साथ ही साथ उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में वैक्सिनेशन के समय को सुबह 7 से लेकर शाम 7 तक बढ़ाये जाने की भी मांग करते हुए कहा कि भले ही इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों को 2 से 3 पाली में काम करना प?, वैक्सिनेशन का समय बढ़े और प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा वैक्सिनेशन सुनिश्चित हो, डॉ निर्वाणी ने अपने पत्र में उद्धत किया कि प्रदेश में बेमेतरा करोना संक्रमण को तेजी से नियंत्रित और पूर्णतः करोना संक्रमण मुक्त जिले के रूप में पहचान बना अन्य जिलो के लिए नजीर बन सकती है, उन्होंने यह भी उल्लेखित किया कि बेमेतरा के व्यापारी बंधु इस लॉक डाउन का पूर्णतः गम्भीरता से पालन कर रहे हैं, यह प्रयास अपने वांछित परिणाम को प्राप्त करे इसके लिए यह अति आवश्यक है कि लॉक डाउन की अवधि को आप विवेकपूर्ण विचार कर बढ़ाये,यही जिले और जिले वासियों के लिए हितकर रहेगा,लगाए हुए लॉक डाउन के परिणाम स्वरूप बीते कुछ दिनों में मोर्टेलटी रेट गिरा है, बेमेतरा ने अपने बहुत ही प्रियजनों को खोया है,हम जिंदगी के कीमत पर बाजार खोले जाने के पक्ष में नहीं हैं,कुछ रियायतों के साथ इसमें पुनः 14 दिनों की वृद्धि की जाय, इस लॉक डाउन ने आम नागरिकों को स्वतः अनुशासन और कोविड प्रोटोकाल का पालन करना सिखा

# एक्शन में आई सरकंडा पुलिस लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों पर की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता | बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नियमों की अनदेखी करने वाले 20 व्यापारियों पर अलग-अलग 20 अपराध पंजीबद्ध कर सरकंडा पुलिस कार्रवाई कर रही है वर्तमान में बिलासपुर जिले में दिनांक 6 मई तक लॉकडाउन प्रभाव शील है तथा लॉकडाउन का पालन करने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है समय समय पर लॉकडाउन के उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है इसके बावजूद भी कुछ दुकानदार लॉकडाउन के शर्तों का उल्लंघन कर दुकान संचालित कर रहे हैं जिस पर आज दिनांक 4. 5.2021 को जिले के पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत अग्रवाल द्वारा ऐसे दुकानदार, व्यवसाई पर कार्यवाही करने के लिए पुन निर्देश दिए जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप नगर पुलिस अधीक्षक सरकंडा श्रीमती निमिषा पांडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में अलग अलग टीम बनाकर रेड कार्यवाही



कि गयी कार्यवाही के दौरान पाया गया कि चांटी डी सब्जी मार्केट में तिफरा सब्जी मंडी के थोक सब्जी व्यापारियों द्वारा आकर भीड़ भाड़ इकट्ठा कर लकडाउन के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है ऐसे लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करने वाले सब्जी व्यापारियों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई इसी तरह थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान पाए गए कुछ किराना व्यापारियों द्वारा किराना दुकान खोलकर व्यवसाय कर भीड़ इकट्ठा कर लकडाउन के नियमों का उल्लंघन कर रहे थे ऐसे चार दुकानदारों पर सरकंडा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 20 व्यापारियों पर धारा 269. 270 भादवी के तहत पृथक पृथक अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं वैधानिक कार्यवाही की गई सरकंडा पुलिस द्वारा लकडाउन की शर्तों का उल्लंघन करने वाले ऐसे व्यापारियों पर कार्यवाही किए जाने से व्यापारियों में खलबली मची हुई है सरकंडा पुलिस द्वारा लॉकडाउन के शर्तों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्यवाही जारी है।

# लोलेसरा, झलमला, सांकरा, मरतरा, नवागांवकला, नारायणपुर, इटई एवं बेमेतरा वार्ड क्र.-07 कंटेनमेंट जोन घोषित

पायनियर संवाददाता | बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने एक आदेश जारी कर बेमेतरा जिले के तहसील बेमेतरा के ग्राम-लोलेसरा एवं शहरी बेमेतरा वार्ड क्र.-07 में कोरोना पॉजिटिव के केस पाए जाने के कारण कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम-लोलेसरा एवं बेमेतरा वार्ड क्र.-07 को माइक्रो कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। तहसील बेमेतरा के प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार बेमेतरा राजकुमार मरावी एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व बेमेतरा दुर्गेश कुमार वर्मा होंगे। विकासखण्ड बेरला के ग्राम-झलमला एवं सांकरा मे कोरोना पॉजिटिव के केस पाये जाने के कारण दोनो गांव को माइक्रो कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। तहसील बेरला के प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार पौरस बेन्ताल एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेरला संदीप ठाकुर होंगे। इसी प्रकार विकासखण्ड साजा के ग्राम-मरतरा एवं नवागांवकला मे कोरोना पॉजिटिव के केस पाये जाने के कारण दोनो गांव को माइक्रो कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। वि.ख. साजा के प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार चंद्रशेखर चंद्राकर एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व साजा रश्मि ठाकुर होंगी। विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम-नारायणपुर एवं इटाई मे कोरोना पॉजिटिव के केस पाये जाने के कारण दोनो गोव को माइक्रो कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। विकासखण्ड नवागढ़ के प्रभारी अधिकारी तहसीलदार नवागढ़ रेणुका रात्रे एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नवागढ़ दुर्गेश कुमार वर्मा होंगे। कन्टेनमेंट जोन में निम्नानुसार कार्यवाही की जावेगी-अत्यावश्यक वस्तुएं एवं सेवाओं की आपूर्ति तथा अपरिहार्य स्वास्थ्य आपातकालीन परिस्थितियों को छोड़कर माइक्रो कन्टेनमेंट जोन मे जाने या आने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। माइक्रो कन्टेनमेंट जोन के निवासी बिना सक्षम अनुमति, अपने घरों से बाहर किसी भी परिस्थिति मे नहीं निकलेंगे। मेडिकल इमरजेन्सी के अतिरिक्त घर से बाहर नहीं निकलेंगे। उक्त चिन्हांकित क्षेत्र मे पूर्ण लॉकडाउन रहेगा। माइक्रो कन्टेनमेंट जोन अन्तर्गत सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि किसी भी प्रकार की आवश्यकता होती है, उसके लिए पृथक से इस कार्यालय द्वारा आदेश प्रसारित किये जायेंगे। प्रभारी अधिकारी द्वारा माइक्रो कन्टेनमेंट जोन मे घर पहुंच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति उचित दरों पर की जावेगी। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्र मे शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य निगरानी, सैंपल की जांच आदि आवश्यक व्यवस्थायें की जावेगी। माइक्रो कन्टेनमेंट जोन की निगरानी हेतु लगातार पुलिस पेट्रोलिंग की जावेगी। एक्टीव सर्विलेंस जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गठित दल के द्वारा की जावेगी।

# टीकाकरण में आरक्षण को लेकर लगी याचिका पर हुई सुनवाई

पायनियर संवाददाता | बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में टीकाकरण में आरक्षण लगाने को लेकर प्रस्तुत हस्तक्षेप याचिकाओं पर मंगलवार को हाई कोर्ट की युगलपीठ में सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट ने टीकाकरण में आरक्षण लागू करने पर सख्त एतराज जताया है। कोर्ट ने शासन को स्पष्ट किया है कि टीकाकरण में इस तरह का भेदभाव जायज नहीं है। हाई कोर्ट ने टीकाकरण को लेकर शासन को दो दिन में नीति बनाने के निर्देश दिए हैं। जनता कांग्रेस छत्तीसग? (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने राज्य शासन द्वारा टीकाकरण में आरक्षण लागू करने के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने हाई कोर्ट में लंबित जनहित याचिका पर इसे हस्तक्षेप याचिका मानकर सुनवाई करने का आग्रह किया है। इसी तरह टीकाकरण में आरक्षण को लेकर अलग-अलग पांच से अधिक हस्तक्षेप याचिकाएं दायर हुई है, जिस पर मंगलवार को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस पीआर रामचंद्र मेनन व जस्टिस पीपी साहू की बेंच में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई हुई। इस दौरान हस्तक्षेप याचिकाकर्ता किशोर भादु?ी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने टीकाकरण को लेकर शासन द्वारा आरक्षण लागू किए जाने पर आपत्ति जताई और कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी टीकाकरण को लेकर प्राथमिकताएं तय की है। लेकिन, उसमें आरक्षण जैसी स्थिति नहीं है। शासन ने प्रदेश की जनता को संवैधानिक अधिकारों का हनन किया है। सभी ने शासन के इस आदेश को तत्काल निरस्त करने व नई नीति बनाने की मांग की।

**सेनेटाइज अभियान अंतिम चरण, अब तक विधान सभा के करीब 300 गांव को किया सेनिटाइज**

# क्षेत्र के युवाओं के अथक परिश्रम की बदौलत विधानसभा के हर गांव को किया जा रहा सेनिटाइज : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता | बेमेतरा
www.dailypioneer.com



किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में हर गांव हर घर सेनेटाइज अभियान अंतिम चरण में है । इस अभियान के तहत अब तक बेमेतरा विधानसभा के करीब 300 गांव को सेनेटाइज किया गया है । इस दौरान किसान नेता ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं के अथक परिश्रम की बदौलत विधानसभा के हर गांव को सेनेटाइज किया जा रहा है । कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सेनेटाइज अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका है । इसलिए विधानसभा के हर गांव को सेनेटाइज होने तक यह अभियान जारी रहेगा । इसके अलावा विधानसभा के शहरी क्षेत्र के हर वार्ड को सेनेटाइज किया जा रहा है । उल्लेखनीय है कि इस अभियान के लिए 5 टीमों का गठन किया गया है, जो हर गांव व शहर की गलियों को सेनेटाइज कर रहे हैं ।बीते 3 दिनों में टीम में शामिल युवाओं ने किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में ग्राम बसनी, मटका, बाबामोहतरा, लोलेसरा, बैजी, गांगरपुर कुसमी, किरीतपुर, डगनिया, सल्धा, चिखला, मनियारी, सन्डी, मोहरेन्गा, दारगांव आदि गांवो को सेनेटाइज किया गया । इस दौरान विक्रम पटेल, प्रीत साहू, अमन शर्मा, रनू वर्मा, मृत्युंजय दुबे, रवि साहू, चेतन वर्मा, विक्की साहू, राजा यादव, जीवन गायकवाड़, धारेन्द्र वर्मा, अरुण साहू, लखन चक्रधारी, ताकेश्वर निषाद, राजेन्द्र साहू, तेजेन्द्र साहू, तेजराम निर्मलकर, दिनेश सारंग, पीयूष शर्मा, अरुण साहू, दिनेश साहू समेत अन्य वालिंटियर इस अभियान के तहत निस्वार्थ भाव से लोगो की सेवा कर रहे है।

# कोरोना वॉरियर कश्यप बिना थके बखूबी निभा रहे हैं अपना दायित्व

पायनियर संवाददाता | बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण की चुनौतियों के बीच देश के लाखों कोरोना वॉरियर्स की भांति विष्णु प्रसाद कश्यप भी अपनी सेवा प्रथम पंक्ति में दे रहे हैं। 33 वर्षीय कश्यप अपोलो हॉस्पिटल में कोविड वार्ड की ऑपरेशन टीम में सेक्रेटरी पद पर कार्यरत हैं। पिछले वर्ष से जब कोरोना की लहर तेज होनी शुरू हुई तब से वे अपने दायित्वों को बखूबी निभा रहे हैं। मरीजों की देख रेख से लेकर उनकी परिजनों से बातचीत करवाने का कार्य भी श्री कश्यप करते हैं। उनके माता पिता एवं पत्नी गांव में उनसे दूर रहते हैं। घरवाले इस कठिन ड्यूटी को लेकर उनकी चिंता भी करते हैं। वे कहते हैं कि मरीजों की सेवा करने में अच्छा लगता है। कोविड मरीजों के साथ कोई परिजन नहीं होता है, ऐसे समय में मरीजों को वीडियो कॉल से हम लोग बात करवाते हैं। इससे खुशी मिलती है कि किसी के चेहरे पर मेरी वजह से मुस्कान आई। श्री कश्यप कहते हैं कि पीपीई किट पहनकर ड्यूटी करना आसान तो नहीं है, पर किसी के लिए कुछ कर पाने का अहसास शब्दों में बयां करना मुश्किल है। मरीजों के साथ लगाव सा हो जाता है, और जब वे ठीक होकर घर जाते हैं, तो उनकी कमी भी महसूस होती है। ठीक होने वाले मरीज ढेर सारी दुआ भी देते हैं और जाने के बाद फोन पर हाल चाल भी पूछते हैं।

# डैनेक्स ने रचा इतिहास, दंतेवाड़ा की महिलाओं के हुनर का कमाल,1.26 करोड़ का बेचा माल

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com







अच्छी क्वालिटी अपनी ब्रांड वैल्यू और विश्वसनीयता की बदौलत दंतेवाड़ा की कंपनी डेनिक्स एक सफलतम कंपनी के तौर पर स्थापित हो चुकी है। ब्रांड डैनेक्स ने बंगलोर की एक कंपनी को 1 करोड़ 20 लाख का माल बेचा है इसके अलावा ट्राइफेड को 6 लाख रूपए का माल रवाना किया गया है। यहां पूरी मेहनत और लगन से काम कर रही महिलाएं इस सफलता से काफी खुश है उन्हे उम्मीद है की उनका जिला जल्द ही गरीबी से मुक्त हो जायगा। बंगलौर की कंपनी को डेनेक्स द्वारा निर्मित कपड़ों को सोमवार को जिले से रवाना किया गया है। बैंगलुरू की एक कम्पनी के द्वारा डेनेक्स निर्मित कपड़ों को देश के लीडिंग फैशन ब्रांड्स में भेजा जाएगा जहां से ऑनलाईन माध्यमों से देशभर के ग्राहक इसकी खरीदी कर सकते हैं। डेनेक्स के शुभारंभ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी डेनेक्स की तारीफ करते हुए कहा था कि जल्द जी इसका नाम देश विदेश में भी चमकेगा। उनके हौसला अफजाई और जिले के कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में आदिवासी बाहुल्य एवं नक्सल प्रभावित जिले की महिलाओं को ये सुनहरा अवसर मिला है। कोविड-19 गाइड लाईन्स का पालन करते हुए सभी महिलाएं निरन्तर काम कर रही हैं और अपने हुनर का लोहा भी मनवा रही हैं, तभी तो शुभारंभ के इतनी जल्दी बैंगलुरू जैसे बड़े शहर की एक कंपनी ने पूरे 1 करो? 20 लाख रूपए का माल खरीदा है। इस माल के बदले वर्तमान में उन्हें 10 लाख 63 हजार रुपए का चेक प्रदाय किया गया है। पहली खेप जाने के बाद उनके आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी हुई है और वे सभी और भी लगन से काम करने के लिए जुट गई हैं। इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डेनेक्स की कर्मवीर महिलाओं का कहना है कि अब वो दिन दूर नहीं जब हमारा दंतेवाड़ा जिला भी गरीबी मुक्त हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 31 जनवरी 2021 को गीदम विकासखंड के ग्राम हारम में बिहान महिला समूहों द्वारा संचालित डेनेक्स नवा दन्तेवाड़ा गारमेन्ट फैक्ट्री का उद्घाटन किया और अवलोकन के दौरान वहां काम कर रही महिलाओं और बालिकाओं से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन तथा फैक्ट्री में तैयार किए जा रहे वस्त्रों की गुणवत्ता की सराहना किया था। दंतेवाड़ा जिले में गरीबी, उन्मूलन के लिए जिला प्रशासन की पहल पर स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षण देकर इस गारमेंट फैक्ट्री शुरू की गई है। इस अत्याधुनिक फैक्ट्री में महिलाओं को नियमित रूप से रोजगार उपलब्ध कराने के मद्देनजर यहां के उत्पादों के बिक्री के लिए ट्राईफेड, सीआरपीएफ, एनएमडीसी के साथ एमओयू (अनुबंध) किया गया है। इस प्रोजेक्ट हेतु 1.92 करोड़ रू. की टेक्सटाइल यूनिट 5 एकड़ की भूमि पर लगाई गई है।

# लोगों को टीकाकरण कराने और कोविड एप्रोप्रियेट बिहेवियर को अपनाने के लिए करें जागरूक: तारन प्रकाश सिन्हा

**जनसम्पर्क आयुक्त ने जिला जनसम्पर्क अधिकारियों की राज्य स्तरीय बैठक में जन जागरूकता अभियान पर की चर्चा**

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



जनसंपर्क आयुक्त तारन प्रकाश सिन्हा ने जिला जनसंपर्क अधिकारियों की राज्य स्तरीय वर्चुअल बैठक में कहा कि जनसंपर्क अधिकारी कोविड-19 के इस चुनौतीपूर्ण समय में अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण कराने और कोविड एप्रोप्रियेट बिहेवियर को अपनाने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं को इस जागरूकता अभियान में शामिल किया जाए। उन्होंने सभी जिलों में हेल्पलाइन नंबर के प्रचार प्रसार, बिस्तरों की उपलब्धता के साथ जिला प्रशासन द्वारा लोगों को राहत पहुंचाने के किए किए जा रहे उपायो की जानकारी के प्रचार प्रसार के निर्देश दिए। चिकित्सकों से होम आइसोलेशन की जरूरत, आइसोलेशन में कैसे रहे, दवाइयों के उपयोग, कब मरीज को अस्पताल पहुंचने की जरूरत होती है आदि विषयों पर चिकित्सकों की सलाह लेकर और उनके वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। जनसंपर्क आयुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया पर सकारात्मक खबरें, वीडियो और फोटो उपलब्ध कराए जाएं । व्हाट्सएप के साथ-साथ फेसबुक और ट्विटर हैंडल पर भी जन उपयोगी सूचनाएं और प्रेरक स्टोरी जारी की जाए। श्री सिन्हा ने जनसंपर्क अधिकारियों से अपने स्वयं का और अपने परिवार की सुरक्षा का ध्यान रखकर कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम और बचाव के उपाय, चिकित्सकों की सलाह, संकट के समय कैसे लोग सहायता ले सकते हैं इसकी जानकारी ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंचाने के प्रयास किए जाने चाहिए, इसके लिए सभी जिला जनसंपर्क अधिकारी मितानिनों, ग्राम पंचायत सचिवों, पटवारियों, कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारियों के व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े और इस ग्रुप में उपयोगी जानकारी समय समय पर प्रेषित करें। उन्होंने होम आइसोलेशन में ठीक हो रहे मरीजों अधिक, आयु वर्ग के लोगों के स्वस्थ होने की खबरों का प्रचार प्रसार करने को कहा जिससे लोगों का मनोबल और आत्मविश्वास संकट के इस दौर में बना रहे। सिन्हा ने विभाग के दिवंगत अधिकारियों कर्मचारियों सहित जिलो में दिवंगत पत्रकारों के प्रकरण प्राथमिकता के आधार पर तैयार करने के निर्देश दिए जिससे राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिए जाने के बाद उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जनसंपर्क आयुक्त ने जिला जनसंपर्क अधिकारियों द्वारा कोरोना संकटकाल में किए जा रहे कार्य की सराहना करते हुए उन्हें सुरक्षा और आत्मविश्वास के साथ कार्य करने की समझाइश दी।

बैठक में विभाग के दिवंगत अधिकारियों-कर्मचारियों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में अपर संचालक जे.एल.दरियो और उमेश मिश्रा, संयुक्त संचालक संजीव तिवारी, आलोक देव, संतोष मौर्य और हर्षा पौराणिक सहित सभी जिलों के जिला जनसंपर्क अधिकारी शामिल हुए।

# राजधानी हॉस्पिटल अग्निकांड: कन्हैया अग्रवाल ने डॉक्टर्स की गिरफ्तारी का किया स्वागत




पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

पचपेड़ी नाका रायपुर स्थित राजधानी हॉस्पिटल में आगजनी की घटना के मामले में 2 डॉक्टर्स की गिरफ्तारी हुई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने हॉस्पिटल प्रबंधन के डॉक्टरों की गिरफ्तारी का स्वागत किया है. साथ ही कहा कि प्रबंधन मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है। इसके अलावा कहा कि आगजनी की घटना के अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ भी तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए।

## अग्निकांड मामले में कार्रवाई

उन्होंने शासन प्रशासन को कार्रवाई के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि राजधानी अस्पताल में आगजनी से अब तक 7 लोगों की मौतें हो चुकी है, लेकिन प्रबंधन ने मृतकों से पूरी तरह पल्ला झाड़ लिया है. अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम वर्षो से था ही नहीं, उसके बावजूद नर्सिंग होम एक्ट का पालन होना मिलीभगत को स्पष्ट करता है। कन्हैया ने कहा कि नर्सिंग होम एक्ट का तथाकथित पालन करने वाले हॉस्पिटल को शासकीय कर्मियों के इलाज के साथ ही स्मार्ट कार्ड डॉ. खूबचंद बघेल योजना के तहत भी इलाज के लिए मान्यता दे दी गई थी। अग्रवाल ने राजधानी हॉस्पिटल के लाइसेंस को तत्काल निरस्त करने की मांग की साथ ही कन्हैया ने कहा कि हॉस्पिटल प्रबंधन मृतकों के परिजनों को दस दस लाख रुपए का मुआवजा प्रदान करें. उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल को अवैधानिक रूप से मदद करने वाले संबंधित विभागीय अफसरों को भी जांच के दायरे में लिया जाना चाहिए। राजधानी हॉस्पिटल आगजनी मामले में कार्रवाई के लिए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने के साथ ही स्वास्थ्य सचिव से भी पूरे मामले को संज्ञान में लेने चर्चा की थी।

# बंगाल हिंसा के विरोध में भाजपा का देशभर में धरना

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




पश्चिम बंगाल में हिंसा को लेकर छत्तीसगढ़ बीजेपी कल धरना प्रदर्शन करेगी. भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय और भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया है. टीएमसी ने लोकतंत्र की हत्या की है। इसके विरोध में भाजपा आज यानी 5 मई बुधवार को देशभर में धरना देगी। छत्तीसगढ़ में धरना प्रदर्शन होगा।

## बंगाल हिंसा मामले को लेकर होगा प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के नेता भी टीएमसी के खिलाफ छत्तीसगढ़ में दोपहर 2 बजे से 5 बजे के मध्य कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए अपने अपने घर के बाहर धरने पर बैठेंगे और विरोध करेंगे. बीजेपी का कहना है कि टीएमसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय और भाजपा कार्यकर्ताओं पर अटैक किया है।

## दोपहर 2 से 5 बजे धरना

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने बंगाल में चुनाव परिणाम आने के बाद से हिंसा और भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं, पार्टी कार्यालय पर हमले की कड़े शब्दों में निंदा किया है. इसे लोकतंत्र की हत्या का प्रयास बताया है. उन्होंने कहा कि 5 मई को छत्तीसगढ़ भाजपा के सभी नेता कार्यकर्ता पूरे प्रदेशभर में टीएमसी के खिलाफ धरना देंगे। सभी बूथों, मंडलों जिलों और प्रदेश के कार्यकर्तागण कोविड 19 के नियमों का पालन करते हुए धरना प्रदर्शन करेंगे। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी नलिनीश ठोकने ने बताया कि भाजपा के बंगाल हिंसा के विरोध में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय अपने ग्रह ग्राम बगिया से धरने में शामिल होंगे. वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के निवास पर रमन सिंह, संगठन माहामंत्री पवन साय, राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम व पूर्व मंत्री राजेश मूणत धरने पर बैठेंगे। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक अपने निवास बिल्हा, पूर्व मंत्री और विधायक बृजमोहन अग्रवाल अपने सिविल लाइन स्थित निवास और विधायक अजय चंद्राकर अपने राजधानी रायपुर स्तिथ निवास पर धरना देंगे. भाजपा प्रदेश माहामंत्री भूपेंद्र सवन्नी बिल्हा, किरण देव जगदलपुर, गौरी शंकर अग्रवाल रायपुर में बंगाल हिंसा के खिलाफ धरना देंगे। सांसद सुनील सोनी, संतोष पाण्डेय, विजय बघेल, पूर्व मंत्री केदार कश्यप, महेश गागड़ा, भाजपा नेता सुभाष राव, संजय श्रीवास्तव, श्रीचंद सुंदरानी, , छगन मूंदरा, नवीन मार्कण्डेय, विकास मरकाम, नीलू शर्मा, अनुराग सिंह देव, अमित साहू, शालिनीं राजपूत, कृष्णबिहारी जायसवाल,लता उसेंडी, विमल चोपड़ा, संदीप शर्मा, केदार गुप्ता, गौरीशंकर श्रीवास, अनुराग अग्रवाल, उमेश घोरमोड़े सहित भाजपा के सभी मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता बंगाल हिंसा के खिलाफ अपने अपने निवास के बाहर धरना देंगे. धरना के अंत में तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हमले में दिवंगत हुए सभी कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी।

# मध्यप्रदेश की तरह छत्तीसगढ़ में भी पत्रकारों को माना जाय फ्रंट लाइन वर्कर: दामु आम्बेडारे

**रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से किया आग्रह**

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दामु आम्बेडारे ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आग्रह किया है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की तरह वह भी छत्तीसगढ़ में पत्रकारों को कोरोना से जंग में फ्रंटलाइन वर्कर घोषित करें। आम्बेडारे ने कहा है कि राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ राज्य के हर हिस्से में मीडिया के साथी कोरोना के खिलाफ जंग में अपनी जान की बाजी लगाकर अपने कर्तव्य निर्वहन में डटे हुए हैं और संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। बहुत से पत्रकार साथियों की मृत्यु हो गई तथा कई जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जिनकी रक्षा प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। आम्बेडारे ने कहा कि पूर्व में भी इस आशय का अनुरोध पत्र लिखकर पत्रकार हित में तत्काल संवेवनशीलता के साथ राहत देने निवेदन किया जा चुका है। पत्रकार साथियों को फ्रंट लाइन वर्कर घोषित कर मुख्यमंत्री सदाशयता का एक और उदाहरण प्रस्तुत करेंगे, ऐसा विश्वास है।

# अगले 24 घंटे में गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना



**रायपुर।** बैशाख माह में प्रचंड गर्मी पड़ती है किंतु पिछले कुछ दिनों से तापमान में उतार-चढ़ाव के चलते एक द्रोणिका छत्तीसगढ़ के ऊपर से गुजर रही है। पश्चिम उत्तरप्रदेश से गुजरने वाली द्रोणिका के कारण पर्याप्त मात्रा में नमी आने के कारण जहां एकाएक गर्मी बढ़ गई है वहीं अगले 24 घंटों में गरज चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। मिली जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका विदर्भ से केरल तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। दूसरा द्रोणीका पश्चिम उत्तर प्रदेश से असम तक पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। प्रदेश में कल दिनांक 5 मई को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने तथा अंधड़ चलने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि के साथ विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

# लॉक डाउन में होटल ओपन, न्यू नेताजी होटल को निगम ने किया सील

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम द्वारा म लॉक डाउन के बाद भी होटल खोलकर व्यवसाय करने वालों के खिलाफ फिर कार्यवाही की गई। कटोरा तालाब चौक के पास न्यू नेताजी होटल को सील कर दिया गया। निगम के जोन 4 के जोन कमिश्नर लोकेश चंद्रवंशी ने बताया कि न्यू नेताजी होटल के संचालक द्वारा होटल खोलकर समोसा, कचौड़ी, मिठाईयां बेचे जाने की शिकायत मिल रही थी। इसके लिए पूर्व में चेतावनी भी जारी की गई थी। इसके बाद होटल को आज सील कर दिया गया। लॉक डाउन में अभी सिर्फ रेस्टोरेंट को ही ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराने की छूट दी गई है। नाश्ता, मिठाई बेचने आने होटलों को नहीं खोलने के निर्देश हैं।

# मुख्यमंत्री बघेल ने मितानिनों की मांग पर नि:शुल्क मास्क व सेनिटाइजर उपलब्ध कराने की घोषणा की

**सभी मितानिनों व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को हैंड सेनिटाइजर और मास्क की नि: शुल्क उपलब्धता सुनिश्चित करने के कलेक्टरों को दिये निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर व सरगुजा संभाग के मितानिनों व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की वर्चुअल बैठक के दौरान मितानिनों की मांग पर सभी मितानिनों व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को नि:शुल्क मास्क व सेनिटाइजर उपलब्ध कराने की घोषणा की है।

उन्होंने मितानिनों व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को हैंड सेनिटाइजर और मास्क की नि:शुल्क उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि फील्ड विजिट के समय मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ता मास्क और सेनिटाइजर का अवश्य उपयोग करें। कोरोना मरीज का ऑक्सीजन लेवल और पल्स रेट चेक करते समय मितानिन स्वयं की सुरक्षा और सैनिटाइजेशन का भी ध्यान रखें। गांव में भ्रमण के दौरान मास्क लगाएं और लोगों को भी मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ राज्य में मितानिनों एवं ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा कोरोना संक्रमित लोगों के जीवन रक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की है।

उन्होंने कहा कि राज्य में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर की रोकथाम और संक्रमित लोगों की जीवन रक्षा में मितानिनों की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री बघेल ने मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से अपने- अपने गांव में लोगों के स्वास्थ्य पर निरंतर निगरानी रखने और उन्हें संक्रमण से बचने की समझाइश दी है।

# गणपति मेडिकल स्टोर एवं किरायेदारों पर जुर्माना किया

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 9 की टीम ने जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेंद्र कलियारी की अगुवाई और जोन कार्यपालन अभियन्ता हरेन्द्र कुमार साहू, स्वास्थ्य विभाग के भोला तिवारी की उपस्थिति में जोन क्रमांक 9 के अंतर्गत मोवा, अनुपम नगर के क्षेत्रों में आज कचरा फैलाने पर विभिन्न 3 स्थानों गणपति मेडिकल, पदम् जैन दोनों अनुपम नगर एवं देव आशीष मोवा पर कार्यवाही करते हुए तीनों सम्बंधित दुकानदारों पर 1000-1000रूपये कुल 3 हजार का जुर्माना तत्काल स्थल पर करने की कड़ी कार्यवाही की। भविष्य में उक्त दुकानदारों को सही तरीके से डिस्पोजल करने की सख्त हिदायत भी दी गई, अन्यथा की स्थिति में इसकी पुनरावृति होने पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने की स्पष्ट चेतावनी सम्बंधितों को नगर निगम जोन क्रमांक 9 की टीम द्वारा दी गई।

**आंध्रप्रदेश में खतरनाक किस्म के कोरोना वायरस के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती बस्तर इलाके में प्रशासन खास कड़ाई बरतेगी**

# लॉकडाउन 15 मई तक, रायपुर-दुर्ग अनलॉक की ओर, अन्य जिलों को भी मिलेगी छूट

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



लॉकडाउन के मौजूदा चरण के दौरान कोरोना संक्रमण को लेकर आए नतीजों के आधार पर छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में 15 मई तक लॉकडाउन बढ़ाने पर विचार कर रही है। रायपुर और दुर्ग को ज्यादा छूट देते हुए बाकी जिलों में समान रूप से 15 मई तक लॉकडाउन रहेगा। इस संबंध में सभी संभागायुक्तों, कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों समेत तमाम सरकारी एजेंसियों को राजधानी से आदेश और गाइडलाइन जारी करने की गई है। जानकारी यह भी मिली है कि आंध्रप्रदेश में खतरनाक किस्म के कोरोना वायरस के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती बस्तर इलाके में प्रशासन खास कड़ाई बरतेगी। रायपुर और दुर्ग जिले को छोड़कर छत्तीसगढ़ के बाकी सभी जिलों में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि यंत्रों की दुकानों और उनकी मरम्मत के लिए दुकानें / गोदाम खुलेंगे। उर्वरक ट्रकों की आवाजाही होगी। किराना दुकानें खुलेंगह हैं, लेकिन मॉल और सुपरमार्केट नहीं खुलेंगे। दैनिक जरूरत के सामानों वाले दुकान होम डिलीवरी करते हुए खुलेंगे। बैंकों और डाकघरों को 50त्न कर्मचारियों के साथ केवल व्यापारिक और आपात लेनदेन के लिए बैंक खुलेंगे। डाक / डाक सेवाओं के लिए कूरियर सेवाएं (ई-कॉमर्स के लिए नहीं)। इलेक्ट्रीशियन / प्लंबर एसी, कूलर, सैनिटरी फिटिंग की घरेलू सेवाओं / मरम्मत की दुकानें खुलेंगी। एसी, पंखे, कूलर (बिना दुकानें खोले) की होम डिलीवरी हो सकती है। पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियां खूल जाएंगी। पोल्ट्री, मांस, अंडा, दूध, डेयरी और डेयरी उत्पादों की दुकानें, आटा चक्की भी खूल जाएंगे। रजिस्ट्री कार्यालय पिछले साल की तरह न्यूनतम कर्मचारियों के साथ खोले जाएंगे। फल और सब्जी के ठेले और फेरे को अनुमति होगी। शाम 5.00 बजे तक सामान्य कारोबार अनुमति दी जाएगी। शाम 5.00 बजे सिर्फ पेट्रोल पंप और दवा की दुकानें खुलेंगी। माल, माल और गोदामों / गोदामों के लिए अनुमत लोडिंग / अनलोडिंग रात 11.00 बजे से सुबह 5.00 बजे के बीच जारी रहेगा। रविवार को पूर्ण लॉकडाउन होगा। केवल अस्पताल, किराने की दुकान, दवा की दुकानें, पालतू पशुओं की फीडिंग, पेट्रोल पंप, होम डिलीवरी आइटम और सेवाएं रविवार को जारी रहेंगे। रायपुर और दुर्ग जिले के लिए तय किया गया है कि उक्त छूटों के साथ साथ स्टेशनरी की दुकानें, वाहन, स्कूटर, बाइक मरम्मत और पंचर मरम्मत की दुकानें, होटल और रेस्तरां (होम डिलीवरी),निजी साइट पर निर्माण कार्य / गतिविधियाँ, पैकेजिंग सामग्री और संबंधित इकाइयाँ, कपड़े धोने की सेवाएं आदि शुरू हो जाएंगे। शादी और अंतिम संस्कार के लिए अनुमति की शर्ते लागू होंगीं। सभी 28 जिलों में निम्नलिखित नहीं खोले जाएंगे। 1. बाजार 2. होटल और रेस्तरां, (केवल होम डिलीवरी की अनुमति दी जाए) 3. मैरिज हॉल 4. मॉल, क्लब, स्विमिंग पूल, सुपर मार्केट 5. सभी धार्मिक स्थल 6. कोचिंग क्लासेस 7. स्कूल और कॉलेज (छात्रों के लिए) 8. पान और सिगरेट के ठेले 9. शराब की दुकानें 10. टूरिस्ट स्पॉट्स (जैसे तेलीबांधा, बूढ़ा तालाब, जंगल सफारी, बारनवापारा, सभी रिसॉर्ट्स आदि बंद रहेंगे) 11. मोबाइल शॉप, भोजनालयों की दुकानों को अनुमति नहीं दी जाएगी। 12. नाई की दुकानें 13. पार्क 14. मंडी - सभी प्रकार (निर्दिष्ट रात के समय लोडिंग / उतराई के लिए अपवाद) 15. जिम। 16. विधानसभा सत्र/ सामाजिक और सामुदायिक कार्यक्रम।

## वर्तमान समय जान बचाने का है 15 मई तक लॉकडाउन को यथावत रखा जाए: विकास उपाध्याय

संसदीय सचिव व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण से गंभीर हुए हालात धीरे-धीरे सुधरते अब दिख रहे हैं और इसकी मुख्य वजह लॉकडाउन ही है ऐसे में इस स्थिति को और बेहतर बनाये रखने 15 मई तक लॉकडाउन को बढ़ाया जाना चाहिए। विकास उपाध्याय ने कहा, इस बार आम जनता खुद चाह रही है कि जान है तो जहान है और जिस तरह से इस बार के लॉक डाउन को आम जनता का समर्थन मिला है वह अभूतपूर्व है। ज्ञात रहे कि बढ़ते कोरोना के दूसरे वेव को रोकने विकास उपाध्याय ने सबसे पहले लॉक डाउन लगाए जाने की वकालत की थी। संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा,छत्तीसगढ़ में 15 मई तक लॉकडाउन को बढ़ाया जाना चाहिए। आज छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण से गंभीर हुए हालात धीरे-धीरे सुधरते दिख रहे हैं तो सबसे बड़ा कारण यही है कि आम जनता ने इसे ही बेहतर विकल्प के साथ कारगर माना है और रोजाना नए संक्रमित मरीजों की सर्वाधिक संख्या वाले शीर्ष 10 राज्यों की सूची से बाहर निकल निकल कर राज्यों के क्रम में छत्तीसगढ़ 14 वें स्थान पर आ गया है। विकास उपाध्याय ने कहा,वर्तमान में प्रदेश में कोरोना सं मण की शुरुआत के बाद से अब तक पॉजिटिव पाए गए 7 लाख 44 हजार 602 लोगों में से 6 लाख 14 हजार 693 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। इनमें से 4 लाख 88 हजार 988 होम आइसोलेशन में और 1 लाख 25 हजार 705 मरीज विभिन्न अस्पतालों और कोविड केयर सेंटर्स में इलाज के बाद ठीक हुए हैं। वर्तमान में राज्य में रिकवरी रेट 82 प्रतिशत है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403